वार्षिक रिपोर्ट
ANNUAL REPORT
2020-2021

भारतीय जन संचार संस्थान
INDIAN INSTITUTE OF MASS COMMUNICATION


IIMC Campuses
Jammu
Delhi
Aizawl
Amrawati
Dhenkanal
Kottayam

वार्षिक रिपोर्ट

2020-2021

भारतीय जन संचार संस्थान

नई दिल्ली

प्रस्तावना

भारतीय जन संचार संस्थान (आईआईएमसी) सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 (1860 का XXI) के तहत एक सोसाइटी के रूप में पंजीकृत है और इसकी स्थापना 17 अगस्त 1965 को हुई थी। इसकी स्थापना मीडिया और जन संचार के क्षेत्र में शिक्षण, प्रशिक्षण एवं अनुसंधान के मूलभूत लक्ष्यों की पूर्ति हेतु की गई थी।

संस्थान की शुरुआत बहुत कम कर्मचारियों के साथ हुई थी, जिनमें निदेशक के अलावा चार प्राध्यापक और यूनेस्को का एक परामर्शदाता शामिल था। यह संस्थान केंद्र और राज्य सरकारों के सूचना सेवा अधिकारियों के साथ ही साथ कोलंबो योजना के अंतर्गत कुछ विदेशी प्रशिक्षुओं के लिए प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का आयोजन तथा छोटे पैमाने पर शोध अध्ययन करता था। पिछले 54 वर्षों में संस्थान अपनी स्थापना के मूल उद्देश्य "केंद्र और राज्य सरकारों के कर्मियों को सूचना और प्रचार प्रदान करना, सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के उद्योगों की सूचना और प्रचार संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए प्रशिक्षण और अनुसंधान के लिए सुविधाएं उपलब्ध कराना" के अनुरूप आधुनिक दौर में तेजी से विस्तृत तथा परिवर्तित होते मीडिया जगत की विविध एवं अनिवार्य आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु अनेक विशिष्ट पाठ्यक्रमों का सफल संचालन करता आ रहा है।

31 मार्च, 2021 की स्थिति के अनुसार, संस्थान भारतीय सूचना सेवा के अधिकारियों को प्रशिक्षण देने के अलावा प्रिंट पत्रकारिता (अंग्रेजी, हिंदी, उड़िया, उर्दू, मराठी और मलयालम), रेडियो एवं टीवी पत्रकारिता और विज्ञापन एवं जन संपर्क में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रमों का संचालन करता है। संस्थान 1969 से ही अफ्रीकी, एशियाई, लातिन अमरीकी और पूर्वी यूरोपीय देशों के मिडल-लेवल श्रमजीवी पत्रकारों के लिए विकास पत्रकारिता में डिप्लोमा पाठ्यक्रम का आयोजन कर रहा है। इनका आयोजन विदेश मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित वर्तमान में भारतीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग (आईटेक), विशेष राष्ट्रमंडल अफ्रीकी सहायता योजना (एससीएएपी) तथा कोलंबो योजना के तहत तकनीकी सहयोग योजना (टीसीएस) के अंतर्गत किया जा रहा है। संस्थान केंद्र और राज्य सरकारों तथा सार्वजनिक क्षेत्र के संगठनों के मीडिया, प्रचार और प्रचालन से जुड़े संचार कर्मियों की प्रशिक्षण संबंधी निरंतर बढ़ती आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु विशेष तौर पर सेना और पुलिस के अधिकारियों के लिए एक सप्ताह से चार सप्ताह तक की अवधि के विशेष अल्पकालिक पाठ्यक्रम भी संचालित करता है। संस्थान विविध राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों के सहयोग से प्रशिक्षण, संगोष्ठियों और कार्यशालाओं इत्यादि का आयोजन करता है तथा संयुक्त शोध परियोजनाओं पर भी कार्य करता है।

हाल के दिनों में जन संचार के क्षेत्र में आमूल-चूल बदलाव हुए हैं और यह क्षेत्र निर्णय लेने की प्रक्रिया को प्रभावित करने में सबसे अहम भूमिका निभाने वाले कारक के रूप में उभरा है। जन संचार ने बड़ी ही तेजी से महत्व एवं प्रमुखता हासिल की है तथा यह विभिन्न शैक्षणिक विधाओं के विद्यार्थियों के आकर्षण का बहुत बड़ा केंद्र बन चुका है। सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में आई क्रांति ने संचार माध्यमों के विस्तार और उनकी बदलती रूपरेखा में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इसने इस क्षेत्र से जुड़े विद्यार्थियों, शिक्षकों और व्यवसायियों के लिए बड़ी चुनौतियां भी खड़ी की हैं। तेजी से बदलती प्रौद्योगिकी शिक्षण के स्वरूप को भी इस तरह बदल रही है जो शिक्षा के किसी भी अन्य क्षेत्र के लिए अज्ञात है। निश्चित तौर पर समय की मांग यही है कि न्यू मीडिया से जुड़ने की संभावनाओं का पता लगाने और उन्हें विस्तृत बनाने के साथ ही साथ संचार माध्यमों की प्रभावशीलता बरकरार रखने और बढ़ाने के लिए उभरती चुनौतियों से प्रभावी रूप से निपटा जाए।

तदनुसार, संस्थान तेजी से बदलते परिवेश द्वारा उत्पन्न समकालीन चुनौतियों का प्रभावी ढंग से सामना करने के लिए अपने पाठ्यक्रमों की पाठ्यचर्या का लगातार मूल्यांकन और उनमें संशोधन करता रहता है। यह बदले हुए परिदृश्य में भी संस्थान द्वारा संचालित किए जा रहे पाठ्यक्रमों की प्रभावशीलता को बनाए रखता है।

संस्थान विविध मीडिया संस्थानों से जुड़ने की इच्छा रखने वाले युवकों और युवतियों को आवश्यक मूलभूत कौशलों और तकनीकों से लैस करता है तथा इस क्षेत्र के विभिन्न आयामों के बारे में जानकारी प्रदान करता है। सूचना और संचार के प्रसार को विकास प्रक्रिया का एक महत्वपूर्ण घटक माना जाता है, इसलिए संस्थान द्वारा अपने छात्रों को समाज के उपयोगी सदस्यों के रूप में तैयार करने में सहायता देने का प्रयास किया जाता है। यही संस्थान और इसके पूर्व छात्रों को एक अलग पहचान देता है और विशिष्ट बनाता है।

संस्थान सूचना के ऐसे ढांचे का निर्माण करने और मज़बूत बनाने में योगदान देने की दिशा में निरंतर प्रयासरत है, जो न केवल भारत की आवश्यकताओं के लिए, अपितु सभी विकासशील देशों के लिए भी उपयोगी हो। आईआईएमसी केंद्र और राज्य सरकारों के विभागों और इकाइयों, सार्वजनिक क्षेत्र के संगठनों, विश्वविद्यालयों और अन्य शैक्षणिक संस्थाओं के अनुरोध पर अन्य संस्थाओं, संगठनों और निकायों को अपनी विशेषज्ञता और परामर्श सेवाएं प्रदान करता है।

संस्थान की प्रशिक्षण गतिविधियों की बढ़ती लोकप्रियता तथा क्षेत्रीय ज़रूरतों की पूर्ति करने की दृष्टि से संस्थान ने 1993 में ढेंकनाल, ओडिशा में क्षेत्रीय परिसर प्रारंभ किया। क्षेत्रीय परिसर वर्तमान में दो

पाठ्यक्रम संचालित कर रहे हैं जिनमें ढेंकनाल परिसर में अंग्रेजी एवं उड़िया भाषाओं में पत्रकारिता में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम, अमरावती परिसर में अंग्रेजी एवं मराठी में पत्रकारिता तथा कोट्टयम परिसर में अंग्रेजी एवं मलयालयम में पत्रकारिता पाठ्यक्रम शामिल हैं। आईआईएमसी के दो अन्य क्षेत्रीय परिसर आइज़ोल (मिजोरम) और जम्मू (जम्मू-कश्मीर) अंग्रेजी पत्रकारिता में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रमों का संचालन कर रहे हैं।

स्थापना के पचास से भी अधिक वर्षों तक निरंतर अथक परिश्रम तथा बेहतरीन परिणाम देने की भावना कायम रखने की कोशिश के कारण ही संस्थान ने संचार शिक्षण, प्रशिक्षण और शोध के क्षेत्र में ''उत्कृष्टता का केंद्र'' की अनुकरणीय ख्याति हासिल की है।

भारतीय सूचना सेवा के अधिकारियों का प्रशिक्षण

आईआईएस प्रशिक्षण

आईआईएमसी वर्ष 1965 में अपनी स्थापना के समय से ही भारतीय सूचना सेवा (आईआईएस) की प्रशिक्षण अकादमी के रूप में कार्य कर रहा है, जिसे उस समय केंद्रीय सूचना सेवा के नाम से जाना जाता था। यह भारत सरकार की केंद्रीय लोक सेवाओं में से एक थी। संस्थान आईआईएस समूह 'क' अधिकारियों को प्रारंभिक प्रशिक्षण प्रदान करता है जो संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित संयुक्त सिविल सेवा परीक्षा के माध्यम से भर्ती किए जाते हैं। यह आईआईएस समूह 'ख' अधिकारियों को मूलभूत प्रशिक्षण (फाउंडेशन ट्रेनिंग) भी प्रदान करता है, जो पत्रकारिता के पूर्व अनुभव के आधार पर भर्ती किए जाते हैं।

सरकार और जनता के बीच कड़ी का काम करने वाले आईआईएस अधिकारियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का विस्तृत परामर्शों के माध्यम से नवीकरण किया गया है और उसे व्यापक बनाया गया है, ताकि सरकार के कामकाज एवं उसकी संचार व्यवस्था के बारे में जानकारी दी जा सके, भारत में मीडिया जगत की बड़ी तस्वीर का जायजा लिया जा सके और लोक संचार की बारीकियों को समझा जा सके।

आईआईएस समूह 'क' के लिए दो वर्षों के प्रारंभिक प्रशिक्षण कार्यक्रम में सैंडविच प्रशिक्षण मॉडल का अनुसरण किया जाता है। अपना बुनियादी पाठ्यक्रम पूरा करने के बाद आईआईएमसी से जुड़ने वाले अधिकारी प्रशिक्षुओं (ओटी) को इस संस्थान में लोक संचार में 9 माह का व्यवसायिक प्रशिक्षण पूरा करना होता है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के इस चरण में क्लासरूम व्याख्यान, प्रयोग, सिमुलेशन अभ्यास, स्थल भ्रमण तथा वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों और प्रमुख मीडिया कर्मियों के साथ संबद्धता और पारस्परिक बातचीत शामिल है। यूं तो इस समय डिजिटल पक्ष पर ज्यादा बल दिया जा रहा है परन्तु अच्छे लेखन एवं मौखिक सम्प्रेषण कौशलों की बुनियाद को भुलाया नहीं जा सकता।

आईआईएमसी में नौ माह का प्रशिक्षण पूरा करने के पश्चात प्रशिक्षु अधिकारियों को व्यवहारिक अनुभव हासिल करने के लिए सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की विभिन्न मीडिया निदेशालय इकाइयों के साथ जोड़ा जाता है। आम तौर पर प्रत्येक प्रशिक्षु अधिकारी सूचना प्रसार आउटरीच और प्रसारण से जुड़ी तीनों पृथक मीडिया इकाइयों में से प्रत्येक के साथ 3-4 महीने बिताता है।

ये प्रशिक्षु अधिकारी सेवाकालीन प्रशिक्षण में अपने 10 माह पूरे करने के पश्चात चरण -II के संक्षिप्त प्रशिक्षण हेतु आईआईएमसी में लौट आते हैं। इस कार्यक्रम के दौरान प्रत्येक प्रशिक्षु अधिकारी के लर्निंग आउटकम का आकलन उसकी प्रस्तुतियों, संचालित परियोजनाओं और तैयार की गई रिपोर्टों के आधार पर किया जाता है। आईआईएमसी से उत्तीर्ण होने पर प्रशिक्षु अधिकारियों को सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा विभिन्न मीडिया इकाइयों में तैनात किया जाता है।

वर्ष 2020-21 के दौरान प्रशिक्षण कार्यक्रम

भारत में कोविड महामारी की पहली लहर के दौरान भारतीय सूचना सेवा (समूह क) के 19 अधिकारियों के लिए चरण-1 प्रारंभिक प्रशिक्षण को सफलतापूर्वक संपन्न कराना प्रशिक्षण प्रभाग के लिए वास्तव में चुनौतीपूर्ण था। ये प्रशिक्षु अधिकारी 2018 और 2019 के भर्ती बैच से थे। महामारी के कारण आवाजाही और एकत्र होने पर प्रतिबंध लगने

के मद्देनजर, प्रशिक्षण का दूसरा त्रैमासिक ऑनलाइन मोड में, जबकि तीसरा त्रैमासिक मिश्रित मोड में आयोजित किया गया। 10 महीने का यह प्रशिक्षण 4 दिसंबर 2020 को पूरा हुआ।

प्रशिक्षण के मुख्य अंश

- प्रशिक्षु अधिकारियों को **केंद्रीय बजट 2021** के आधिकारिक संचार से संबंधित विविध कार्य प्रणालियों और प्रक्रियाओं का व्यवहारिक अनुभव प्रदान किया गया।
- संसद में कार्य के संचालन और उससे संबंधित विभिन्न प्रक्रियाओं से उन्हें अवगत कराने के उद्देश्य से **संसदीय लोकतंत्र शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान (प्राइड पूर्व बीपीएसटी)** में प्रशिक्षित किया गया।
- शिलांग में असम राइफल्स के साथ दो सप्ताह की **रक्षा सम्बद्धता** का उद्देश्य उन्हें रक्षा संचार और प्रकृति संरक्षण से जुड़े अध्ययनों, वन्यजीव और सामाजिक वानिकी के पहलुओं के बारे में संक्षिप्त जानकारी प्रदान करना था।
- पहली बार, प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में **विदेशी भाषा (चीनी/मंदारिन और स्पेनिश)** घटक को जोड़ा गया। प्रशिक्षु अधिकारियों के सेवाकालीन प्रशिक्षण के दौरान भी ऑनलाइन प्रारूप के माध्यम से कक्षाएं जारी रहीं।
- मार्च 2020 में, पहले लॉकडाउन के दौरान, प्रशिक्षु अधिकारियों को **पत्र सूचना कार्यालय, नई दिल्ली** में स्थापित नई इकाई -**फैक्ट चेक यूनिट** से जोड़ा गया। प्रशिक्षु अधिकारियों ने कोविड महामारी के संदर्भ में ऑनलाइन प्रसारित होने वाली फर्जी ख़बरों की पहचान और उनका भंडाफोड़ करने में अपार योगदान दिया। फैक्ट चेक यूनिट की स्थापना माननीय उच्चतम न्यायालय के निर्देशों और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के आदेश का पालन करते हुए की गई थी।
- अधिकारी प्रशिक्षुओं ने **भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान, पुणे** में फिल्म अप्रीशीऐशन और स्मार्टफोन फिल्म मेकिंग में तीन सप्ताह के ऑनलाइन पाठ्यक्रम में भाग लिया।
- अधिकारी प्रशिक्षुओं को समाज कल्याण से संबंधित सरकार की योजनाओं और विकास से जुड़ी पहलों के संप्रेषण में शामिल चुनौतियों की संपूर्ण समझ प्रदान करने के लिए **सामाजिक क्षेत्र और आर्थिक क्षेत्र संचार** के बारे में चार सप्ताह के मॉड्यूल का आयोजन किया गया।
- गृह मंत्रालय के रिसोर्स पर्सन्स के साथ **आंतरिक सुरक्षा, संकट संचार और मनोवैज्ञानिक कार्रवाइयों** पर एक सप्ताह का मॉड्यूल आयोजित किया गया, जिसमें प्रशिक्षु अधिकारियों को इस क्षेत्र की संचार चुनौतियों से संवेदनशीलता और विशेषज्ञता के साथ निपटने की आवश्यकता के बारे में सूचित किया गया।
- रक्षा मंत्रालय के सहयोग से **रक्षा और सामरिक संचार और सार्वजनिक कूटनीति** पर एक सप्ताह के मॉड्यूल का आयोजन किया गया।
- प्रशिक्षु अधिकारियों को प्रबंधन विकास संस्थान, गुरुग्राम से सम्बद्ध किया गया और उन्हें **संगठनात्मक प्रबंधन सिद्धांतों और नेतृत्व कौशल** के बारे में प्रशिक्षित किया गया।
- **सोशल मीडिया संचार**, आधिकारिक तौर पर सोशल मीडिया का प्रबंधन, फेक न्यूज की पहचान के लिए ऑनलाइन टूल्स और इंफोग्राफिक्स बनाने के बारे में विशेष सत्र आयोजित किए गए।
- **मीडिया कानूनों** तथा मीडिया और संचार से संबंधित अन्य वैधानिक प्रावधानों, कृत्रिम आसूचना, ओटीटी और डेटा विज़ुअलाइज़ेशन सहित संचार में उभरती प्रौद्योगिकियों पर भी सत्र आयोजित किए गए।
- **नेतृत्व सिद्धांत**, गुण और व्यवहार पर एक सप्ताह की कार्यशाला भी आयोजित की गई।
- कार्यालय की कार्य प्रणालियों, फ़ाइल प्रबंधन, वित्तीय प्रबंधन, लोक सेवा आचरण नियम आदि पर भी सत्र आयोजित किए गए। प्रशिक्षु अधिकारियों को **सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के तहत विभिन्न मीडिया संगठनों** जैसे भारत के समाचार पत्रों के पंजीयक का कार्यालय (आरएनआई), प्रकाशन विभाग निदेशालय, पत्र सूचना कार्यालय, ब्यूरो ऑफ आउटरीच कम्युनिकेशन और फिल्म समारोह निदेशालय से ऑनलाइन मोड में संबद्ध किया गया।
- प्रशिक्षु अधिकारियों का मूल्यांकन पहली बार संवर्ग नियंत्रण प्राधिकरण यानी सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के तहत मीडिया इकाइयों के प्रमुखों के परामर्श से तैयार किए गए नए मूल्यांकन मानदंडों के आधार पर किया गया।
- कोविड महामारी के मद्देनज़र, प्रशिक्षु अधिकारी 21-दिवसीय अध्ययन यात्रा - (भारत दर्शन) और कुछ अन्य संबद्धताएं नहीं कर सके, जिन्हें अन्यथा प्रारंभिक प्रशिक्षण के हिस्से के रूप किया जाता था।

आईआईएस समूह 'ख' (सीनियर ग्रेड) का मूलभूत प्रशिक्षण (फाउंडेशन ट्रेनिंग)

वर्ष 2020 में आईआईएस प्रशिक्षण प्रभाग ने आईआईएस समूह 'ख' (सीनियर ग्रेड) के 66 प्रशिक्षु अधिकारियों के लिए ऑनलाइन मोड में पांच महीने के **संचार और मीडिया में फाउंडेशन ट्रेनिंग** का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इनमें से 19 अधिकारी दिल्ली स्थित मीडिया कार्यालयों में और शेष 47 अधिकारी भारत के विभिन्न हिस्सों में विभिन्न मीडिया कार्यालयों में तैनात थे।

प्रशिक्षण में एफटीआईआई संबद्धता, प्राइड के साथ संसद से

संबद्धता, लीडरशिप पर मॉड्यूल, सोशल मीडिया पर मॉड्यूल, प्रशासन और वित्त के मूलभूत तत्व तथा सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के तहत विभिन्न मीडिया इकाइयों के साथ वर्चुअल अटैचमेंट शामिल थे।

आईआईएस समूह 'क' 2020 बैच का चरण-I प्रारंभिक प्रशिक्षण

वर्तमान में आईआईएस समूह 'क' के 2020 बैच के 16 प्रशिक्षु अधिकारी आईआईएमसी में चरण-I प्रारंभिक प्रशिक्षण ग्रहण कर रहे हैं। उनके प्रशिक्षण का औपचारिक उद्घाटन 25 जनवरी, 2021 को हुआ।

प्रारंभ में, 19 जनवरी, 2021 को छह प्रशिक्षु अधिकारियों ने अपना प्रशिक्षण शुरू किया, इसके बाद अप्रैल-मई 2021 में 10 प्रशिक्षु अधिकारी अपना विशेष फाउंडेशन कोर्स पूरा करने के बाद प्रारंभिक प्रशिक्षण में शामिल हुए।

कोविड की स्थिति के कारण, हालात सामान्य होने तक उनके प्रशिक्षण को ऑनलाइन मोड में स्थानांतरित कर दिया गया और प्रशिक्षु अधिकारियों के शामिल होने की अलग-अलग तिथियों को ध्यान में रखते हुए उनके प्रशिक्षण कैलेंडर को पुनर्निर्धारित किया जाएगा।

परिवीक्षा की समाप्ति

इस अवधि के दौरान, आईआईएस समूह 'क' के 2018 बैच के उन्नीस (19) प्रशिक्षु अधिकारियों ने परिवीक्षा और प्रशिक्षण अवधि के सफल समापन के परिणामस्वरूप अपनी नियमित पोस्टिंग प्राप्त की

स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम

संस्थान ने अपनी स्थापना के बाद से ही, अपने अथक प्रयासों से प्रशिक्षण की विषय वस्तु और कार्यान्वयन प्रणाली में निरंतर सुधार करते हुए मीडिया और संचार शिक्षा के क्षेत्र में विशेष स्थान बनाया है। आज इसे मीडिया और जन संचार क्षेत्र के प्रशिक्षण संस्थानों में गौरवपूर्ण स्थान प्राप्त है। यह इन क्षेत्रों में आने के इच्छुक व्यवसायियों के लिए हिंदी, अंग्रेजी, उड़िया, मराठी, मलयालम और उर्दू में पत्रकारिता, विज्ञापन एवं जन संपर्क तथा रेडियो एवं टीवी पत्रकारिता में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों का संचालन करता है।

संस्थान की ओर से प्रस्तुत किए जाने वाले पाठ्यक्रमों में, कक्षा में प्रशिक्षण, कठोर अभ्यासों, प्रायोगिक पत्रों, प्रोजेक्ट, फील्ड विजिट आदि का सार्थक सम्मिश्रण रहता है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को उनके करियर में सफलता प्राप्त करने के लिए आवश्यक कौशलों से लैस करना और ग्रहण की गई शिक्षा को मीडिया और संचार क्षेत्र से संबंधित कार्यों की वास्तविकताओं के साथ सम्बद्ध करने का अवसर प्रदान करना है। इन पाठ्यक्रमों का लक्ष्य दृष्टिकोण प्रदान करने के अतिरिक्त समाज में मीडिया कर्मियों की भूमिका को परिभाषित करना भी है। परिवर्तित परिस्थितियों में पाठ्यक्रम की प्रासंगिकता बरकरार रखने के लिए तेजी से विकसित होते इस क्षेत्र में उभरती परिपाटियों और प्रौद्योगिकी को समाहित करते हुए इन पाठ्यक्रमों की पाठ्यचर्या की विषय वस्तु की निरंतर समीक्षा की जाती है और उनमें संशोधन किए जाते हैं। पाठ्यक्रम तैयार करते समय, इंडस्ट्री की विविध आवश्यकताओं को सदैव ध्यान में रखा जाता है ताकि विद्यार्थी ज़मीनी हकीकत के साथ - साथ नीतिपरक सरोकारों से भी अवगत हो सकें। इन पाठ्यक्रमों का उद्देश्य विद्यार्थियों में जिम्मेदारी की भावना को समाविष्ट करना भी है, ताकि वे बहुभाषी, बहुधर्मी, और बहु-जातीय समाज में अपनी-अपनी भूमिका प्रभावी ढंग से निभाने में समर्थ हो सकें।

संस्थान इंटर्नशिप/नौकरी दिलाने में भी अपने विद्यार्थियों की मदद करता है। वे सामान्यत: पाठ्यक्रम की समाप्ति के बाद कैम्पस प्लेसमेंट और अन्य तरीकों से समाचारपत्रों, टीवी चैनलों, मीडिया कार्यालयों और विज्ञापन एवं जन संपर्क एजेंसियों में सार्थक रोज़गार पाने में समर्थ हो पाते हैं।

हिंदी पत्रकारिता में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम

हिंदी पत्रकारिता में सबसे पुराने और विशिष्ट स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में से एक इस स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम की शुरूआत 1987-88 में हिंदी समाचार मीडिया के लिए कुशल और पेशेवर रूप से प्रशिक्षित मीडिया व्यवसायियों की बढ़ती आवश्यकता को पूरा करने के लिए की गई थी। इसका प्रारंभिक फोकस तेजी से बढ़ते हिंदी प्रिंट मीडिया जगत विशेषकर समाचारपत्रों और पत्रिकाओं पर था, परन्तु बाद में हिंदी समाचार टेलीविजन के विस्तार और वर्तमान में डिजिटल न्यूज मीडिया को देखते हुए इसने तुरन्त ही स्वयं को परिवर्तित करते हुए अपनी पाठ्यचर्या में प्रसारण पत्रकारिता के साथ डिजिटल पत्रकारिता को शामिल कर लिया। पाठ्यचर्या और शिक्षण को नियमित रूप से अद्यतन और संशोधित करते हुए यह पाठ्यक्रम हमेशा शिक्षण/प्रशिक्षण में नए रुझानों और विषयों को शामिल करने का प्रयास करता है ताकि इसे इंडस्ट्री की दृष्टि से उपयुक्त और अग्रणी बनाया जा सके।

इस पाठ्यक्रम का मुख्य फोकस समाचार एकत्रित करने, उसके निर्माण एवं प्रसार की प्रक्रियाओं के लिए आवश्यक सैद्धांतिक ज्ञान और व्यावसायिक कौशल प्रदान करने पर है। यह प्रशिक्षुओं में नैतिक मानदंडों, उच्च व्यावसायिक मानकों और मीडिया कानूनों की समझ अंतर्निविष्ट करने पर बल देता है।

वर्ष 2020-21 के दौरान हिंदी पत्रकारिता पाठ्यक्रम में 67 छात्र थे, परन्तु एक छात्र ने पहले सेमेस्टर में ही पाठ्यक्रम छोड़ दिया। संस्थान के निर्णय के अनुसार, महामारी के कारण विभाग ने इस पाठ्यक्रम को

ऑनलाइन मोड में सफलतापूर्वक संचालित किया। दाखिले की प्रक्रिया में विलंब होने और इसे अगस्त, 2021 के मध्य तक बढ़ाए जाने के कारण यह पाठ्यक्रम देरी से नवम्बर के मध्य में आरंभ किया गया।

पाठ्यक्रम के प्रारंभिक चरण में संचार के सिद्धांत और अवधारणा, भाषा और संचार, अनुसंधान की पद्धतियां तथा इतिहास, कानून एवं आचार संहिता पर विशेष बल दिया गया। इसमें रिपोर्टिंग और संपादन जैसे पत्रकारिता के मूलभूत क्षेत्रों में सैद्धांतिक और साथ ही साथ व्यवहारिक प्रशिक्षण भी शामिल है। दोनों सेमेस्टरों में सैद्धांतिक और व्यावहारिक, दोनों पक्षों पर समान रूप से ध्यान दिया गया है।

विभाग ने इस वर्ष मूल्यांकन का सतत और व्यापक तरीका अपनाया। विभाग ने विद्यार्थियों को मीडिया जगत में हो रही नवीनतम घटनाओं की जानकारी दिए जाने को काफी महत्व दिया है। डाटा पत्रकारिता, मोबाइल पत्रकारिता और फैक्ट-चेकिंग पर विशेष कार्यशालाएं और सत्र आयोजित किए गए। विभाग ने डाटा पत्रकारिता, मोबाइल पत्रकारिता और फैक्ट चेकिंग के बारे में विशेष कार्यशालाएं और सत्र आयोजित किए।

बेशक, ऑनलाइन शिक्षण ने शिक्षकों और विद्यार्थियों के सामने नई चुनौतियां प्रस्तुत कीं, लेकिन साथ ही इसने नवोन्मेषी शिक्षण पद्धतियों की राह भी तैयार की। ऑनलाइन मोड की बदौलत देश के विभिन्न भागों में मौजूद विशेषज्ञों को व्याख्यान के लिए आमंत्रित किया जा सका। श्री अजय ब्रह्मात्मज (वरिष्ठ फिल्म समीक्षक) ने मुंबई से मनोरंजन और फिल्म पत्रकारिता के बारे में पढ़ाया, श्री नीलेश जैन (एक्जीक्यूटिव क्रिएटिव डायरेक्टर, ओगिल्वी) ने छात्रों के साथ रचनात्मकता पर चर्चा की और श्री लक्ष्मी प्रसाद पंत (राष्ट्रीय संपादक, दैनिक भास्कर) ने सिटी रिपोर्टिंग के बारे में व्याख्यान दिया।

पूर्व छात्रों से बातचीत/इंटरफ़ेस

आईआईएमसी को मीडिया में विभिन्न क्षेत्रों के लीडर तैयार करने का गौरव हासिल है। हिंदी पत्रकारिता विभाग में दोनों सेमेस्टर के दौरान पूर्व छात्रों ने कक्षाएं लीं। इस वर्ष हिंदी पत्रकारिता विभाग में कक्षाएं लेने वाले प्रमुख पूर्व छात्रों में श्री सौरभ द्विवेदी (संपादक, लल्लनटॉप), श्री प्रभाष झा (संपादक, हिंदुस्तान लाइव), श्री प्रसाद सान्याल (प्रधान संपादक, एचटी ऑनलाइन), स्वर्गीय श्रीमती रेणु अगाल (संपादक, प्रिंट-हिंदी), यूट्यूबर श्री वरुण वागीश, श्री सुशांत झा (संपादक, पेंगुइन-हिंदी), श्री विमल कुमार, श्री परिमल कुमार (एनडीटीवी-इंडिया), श्री विधांशु कुमार (बेनेट यूनिवर्सिटी), श्री रोहित विश्वकर्मा , श्री रणवीर शामिल रहे।

विद्यार्थियों के प्रोजेक्ट

विद्यार्थियों ने अपनी पसंद के सामाजिक मसलों पर संपूर्ण विज्ञापन और जनसंपर्क कैम्पेन तैयार किया। साथ ही उद्यमिता पत्रकारिता पर विशेष बल दिया गया। विद्यार्थियों ने उद्यमिता के संबंध में अपने विचार समूहों में प्रस्तुत किये। विद्यार्थियों को उनकी कमियों पर गौर करने का अवसर देने वाली नियमित परीक्षाओं और असाइनमेंट के अलावा, विद्यार्थियों ने मिलकर कई समाचार प्रकाशन प्रकाशित किए।

दोनों सेमेस्टर के दौरान केंद्रीय बजट को समर्पित अंकों सहित 15 से अधिक लैब जर्नल/न्यूजलेटर निकाले गए। सबसे खास बात यह है कि विद्यार्थियों ने विभिन्न मुद्दों पर तीन पत्रिकाएं प्रकाशित कीं। 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर समस्त छात्राओं की संपादकीय टीम ने *वामा* पत्रिका का प्रकाशन किया।

मई 2021 में, विद्यार्थियों के एक समूह ने *'योद्धा'* पत्रिका प्रकाशित की। इसमें कोविड -19 के खिलाफ संघर्ष का नेतृत्व करने वाले लोगों के योगदान पर प्रकाश डाला गया। अंत में जुलाई में, छात्रों ने 2020 टोक्यो ओलंपिक में भाग लेने वाले भारतीय दल की हौसलाअफजाई करने के लिए खेल पत्रिका के एक विशेष अंक - 'खेल सम्राट' का प्रकाशन किया ।

प्लेसमेंट

संस्थान ने अपनी ओर से हरसंभव प्रयास करते हुए जुलाई, 2021 के अंतिम पखवाड़े के दौरान प्लेसमेंट पखवाड़े का आयोजन किया। प्लेसमेंट सेल के प्रयासों के कारण कई विद्यार्थी ज़ी मीडिया, एडफैक्टर्स पीआर और इनशॉर्ट्स जैसे प्रतिष्ठित संगठनों में नौकरी पाने में समर्थ रहे। इसके अलावा, विद्यार्थियों ने स्वयं के प्रयासों से भी इंडिया टुडे, एनबीटी और रिपब्लिक जैसे प्रमुख समाचार संगठनों में प्लेसमेंट हासिल की।

अंग्रेजी पत्रकारिता में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम

अंग्रेजी पत्रकारिता में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम का उद्देश्य पेशेवरों को इस क्षेत्र की विशेषताएं और रणनीतियां सिखाकर पत्रकारिता और मीडिया उद्योग के लिए तैयार करना है। अंग्रेजी पत्रकारिता पाठ्यक्रम ने छात्रों को कई चैनलों के माध्यम से अपने पोर्टफोलियो तैयार करने में सहायता की है ताकि महामारी के बाद वे इस क्षेत्र में दृढ़ता से टिके रह सकें और अच्छा प्रदर्शन कर सकें। इस वर्ष की डिजिटल कक्षाओं ने अवधारणाओं को बेहतर ढंग से समझाने के लिए देश भर से और यहां तक कि भारत के बाहर से भी शिक्षकों को लाना संभव बनाया। छात्र कोने-कोने के बुद्धिजीवियों के साथ संवाद कर सके।

अंग्रेजी पत्रकारिता विभाग ने शैक्षणिक वर्ष 2020-21 के लिए गूगल मीट के माध्यम से ऑनलाइन कक्षाएं संचालित कीं। सभी छह केंद्रों - दिल्ली, जम्मू, अमरावती, ढेंकनाल, कोट्टयम और आइज़ोल में

दो सेक्शन में संयुक्त कक्षाएं संचालित की गईं। कक्षाओं का संचालन दिल्ली केंद्र के अंग्रेजी पत्रकारिता विभाग द्वारा पाठ्यक्रम निदेशक डॉ. सुरभि दहिया के निर्देशन में क्षेत्रीय परिसरों के समन्वय से किया गया। कुल मिलाकर 163 छात्र थे (दिल्ली- 66, जम्मू-11, अमरावती-11, ढेंकनाल-53, कोट्टयम-13 और आइजोल-09)। पूरे बैच को सेक्शन ए (दिल्ली- 66, जम्मू-11, अमरावती-11) और सेक्शन बी (ढेंकनाल-53, कोट्टयम-13 और आइजोल-09) में बांटा गया। कक्षाएं अलग से आयोजित की जाती थीं और साथ ही साथ विशेष सत्रों के लिए उन्हें संयुक्त भी किया जाता था। 163 छात्रों के पूरे बैच को परिसरों के आधार पर 18 समूहों में बांटा गया था।

अंग्रेजी पत्रकारिता विभाग आईआईएमसी वर्चुअल ओरिएंटेशन प्रोग्राम (2020-21 बैच) की आयोजक टीम था। इस विभाग ने दिल्ली, जम्मू, अमरावती, ढेंकनाल, कोट्टयम और आइज़ोल के विद्यार्थियों के लिए विशिष्ट रिपोर्टिंग पर अनेक राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार, कार्यशालाएं और विशेष व्याख्यान आयोजित किए। इस कार्यक्रम के आधार पर विभाग के विद्यार्थियों ने एक न्यूजलेटर भी तैयार किया। डॉ. सुरभि दहिया कार्यक्रम की संयोजक और डॉ. प्रमोद कुमार कार्यक्रम के सह संयोजक थे।

पाठ्यक्रम के एक भाग के रूप में, विद्यार्थियों ने साल भर लैब जर्नल प्रकाशित किए। इस अवधि के दौरान अंग्रेजी पत्रकारिता विभाग ने 108 लैब जर्नल प्रकाशित किए। ओरिएंटेशन प्रोग्राम के संबंध में न्यूजलेटर का एक विशेष संस्करण भी निकाला गया। विभाग की ओर से पत्रकारिता की विभिन्न बीट्स (स्वास्थ्य, पर्यावरण, राजनीतिक, सिटी रिपोर्टिंग, अपराध, ऐतिहासिक, रक्षा आदि) विशेष सत्र आयोजित किये गये जिसमें पत्रकारिता जगत के पेशेवरों को भी आमंत्रित किया गया था।

प्रमुख कदम
अंतर्राष्ट्रीय

- अंग्रेजी पत्रकारिता विभाग, आईआईएमसी और यूनिवर्सिटी ऑफ न्यूकैसल, यूके द्वारा 6 जुलाई 2021 को "द आन्ट्रप्रनरीअल वूमन इन ऐन अन्सर्टन वर्ल्ड" विषय पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया था। प्रोफेसर केरेन रॉस और डॉ. सुरभि दहिया ने साझा रूप से यह पहल की। रिसोर्स पर्सन्स में सुश्री अमराई दुआ, सुश्री प्रीता घोषाल और सुश्री शाबिया वालिया शामिल थीं।

- विभाग ने अमेरिकी दूतावास द्वारा प्रायोजित "डिजिटल मीडिया स्टोरीटेलिंग एंड इंवेस्टिगेटिव जर्नलिज्म" पर 17 से 21 मई, 2021 तक एक सप्ताह का वर्चुअल कोर्स आयोजित किया। पुरस्कार विजेता पत्रकार और वाशिंगटन डीसी में विल्सन सेंटर की वाइस प्रेसिडेंट सुश्री लिंडा रोथ इस अवसर पर रिसोर्स पर्सन थीं। प्रतिभागियों को इसमें प्रतिभागिता का प्रमाण पत्र भी जारी किए गए।

राष्ट्रीय

- ड्रोन पत्रकारिता पर एक विशेष कार्यशाला आयोजित की गई। दो भागों में आयोजित इस कार्यशाला का पहला भाग 21 फरवरी 2021 को और दूसरा भाग 18 जून को आयोजित किया गया। इसके रिसोर्स पर्सन्स ग्रुप कैप्टन एम जे ऑगस्टीन विनोद वीएसएम (सेवानिवृत्त) और स्क्वाड्रन लीडर वर्षा कुकरेती (सेवानिवृत्त) थे।
- इसके बाद विभाग ने मोबाइल पत्रकारिता (मोजो) कार्यशाला का आयोजन किया। दो भागों में आयोजित इस कार्यशाला का पहला भाग 2 मार्च, 2021 को और दूसरा भाग 2 जुलाई, 2021 को आयोजित किया गया। इसका संचालन श्री विशाल अरोड़ा द्वारा किया गया। इसके अल 9 मार्च, 2021 को कॉमिक पत्रकारिता पर श्री शरद शर्मा द्वारा एक इंटरैक्टिव कार्यशाला का आयोजन किया गया।
- विभाग के सेक्शन ए और सेक्शन बी के लिए फोटो पत्रकारिता पर अलग-अलग दो दिवसीय कार्यशाला "फोटोग्राफिया" आयोजित की गई। 16 और 17 जनवरी को यह कार्यशाला सेक्शन ए के लिए तथा 23 और 24 जनवरी को यह कार्यशाला सेक्शन बी के लिए आयोजित की गई। इसके रिसोर्स पर्सन्स डॉ.तबीना अंजुम, श्री हिमांशु व्यास और श्री अमित चटर्जी रहे।
- इसके अलावा, दो सप्ताह की कार्यशालाओं की एक श्रृंखला आयोजित की गई जिसमें ग्राफिक डिजाइनिंग के विविध व्यावहारिक पहलुओं और इनडिजाइन, क्वार्क एक्सप्रेस, फोटोशॉप और इलस्ट्रेटर के अभ्यास को शामिल किया गया। इसका संचालन श्री सुरेश चौधरी द्वारा 7 जून से 19 जून तक किया गया।
- भारत के माननीय उपराष्ट्रपति श्री एम वेंकैया नायडू की मीडिया टीम और स्टाफ के लिए "इफैक्टिव यूज़ ऑफ सोशल मीडिया" विषय पर प्रो. सुरभि दहिया (समन्वयक और रिसोर्स पर्सन) ने एक कार्यशाला का आयोजन किया।

विज्ञापन एवं जन संपर्क में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम

विज्ञापन एवं जन संपर्क विभाग आईआईएमसी के सबसे सफल विभागों में से एक है। लंबे समय से विभाग विज्ञापन और जन संपर्क उद्योग के लिए बेहतरीन पेशेवर तैयार करता आ रहा है। इस पाठ्यक्रम की पाठ्यचर्या विद्यार्थियों की प्रतिभा को प्रदर्शित करने में सहायता देने के लिए डिज़ाइन की गई है। प्रत्येक पेपर विज्ञापन और जनसंपर्क के क्षेत्र के विभिन्न आयामों की आवश्यकताओं को पूरा करता है और इस उद्योग की नवीनतम आवश्यकताओं और परिवर्तनों से अवगत कराता है। विभाग के लिए यह अत्यंत महत्वपूर्ण है कि पेशेवर दुनिया में कौशल संबंधी आवश्यकताओं और विद्यार्थियों के सीखने में कोई कमी न रहे।

विद्यार्थियों को विज्ञापन, जनसंपर्क, विपणन, कॉर्पोरेट संचार, सरकारी संचार, डिजिटल विपणन, उपभोक्ता व्यवहार, डिजाइनिंग, कार्यनीतिक योजना, न्यू मीडिया परिदृश्य, मीडिया योजना, निर्माण, रचनात्मकता और अनुसंधान के बारे में विस्तार से पढ़ाया जाता है।

इस पाठ्यक्रम की संरचना क्लासरूम शिक्षण के उत्कृष्ट पहलुओं और इंडस्ट्री के अनुभवों के बीच सामंजस्य स्थापित करती है, जो इस पाठ्यक्रम की मुख्य विशेषता है। विद्यार्थियों को उनके व्यावहारिक कौशल और ज्ञान को बढ़ावा देने वाली गतिविधियां करने के लिए लगातार प्रेरित किया जाता है।

विज्ञापन एवं जनसंपर्क में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम में वर्ष 2020-2021 में 72 विद्यार्थियों ने दाखिला लिया। विद्यार्थियों ने इस पाठ्यक्रम की पाठ्यचर्या के अंतर्गत दस पेपरों के लिए गहन शिक्षण, प्रशिक्षण और प्रायोगिक कौशल विकसित करने वाले अभ्यासों में भाग लिया। शिक्षण की प्रक्रिया को और अधिक व्यापक बनाने के लिए संस्थान के शिक्षकों के साथ –साथ इस इंडस्ट्री के श्रेष्ठतम पेशेवरों की भी सेवाएं ली गईं।

2020-2021 का पूरा सत्र ऑनलाइन माध्यम से संचालित किया गया। ऐसे में ऑनलाइन शिक्षण की चुनौतियों और अवसरों का संज्ञान लेते हुए विद्यार्थियों को रचनात्मक रूप से साथ जोड़ने के लिए नए –नए तरीके ईजाद किए गए और इस प्रकार यह सुनिश्चित किया गया कि इनसे उनकी सीखने की प्रक्रिया पर कोई असर न पड़े।

उपलब्धियां

विद्यार्थियों को रचनात्मक रूप से सार्वजनिक क्षेत्र से जोड़ने संबंधी राष्ट्रीय शिक्षा नीति की सिफारिश को ध्यान में रखते हुए पाठ्यक्रम निदेशक प्रो (डॉ.) अनुभूति यादव के मार्गदर्शन में विज्ञापन एवं जनसंपर्क विभाग, आईआईएमसी, ने देश के विभिन्न स्थानों पर मीडिया सूचना साक्षरता कार्यशालाओं का आयोजन किया। विद्यार्थियों को यह असाइनमेंट मार्च, 2021 में उनके सेमेस्टर ब्रेक के दौरान दिया गया था। इन कार्यशालाओं का संचालन विद्यार्थियों द्वारा ऑनलाइन

और ऑफलाइन दोनों तरह से किया गया था। ये कार्यशालाएं दिल्ली और एनसीआर क्षेत्र, कोलकाता, मुंबई, भुवनेश्वर, प्रयागराज, हरिद्वार, लखनऊ, मथुरा, रांची, धनबाद, जयपुर, जोधपुर, भोपाल, बैतूल, जमशेदपुर और गंगानगर में एक साथ आयोजित की गईं। साथ ही, विद्यार्थियों ने मीडिया सूचना साक्षरता के लिए फेसबुक और ट्विटर पर सफल सोशल मीडिया अभियान भी चलाए। महामारी के समय में जब कोविड-19 के बारे में बहुत सारी गलत जानकारियां और दुष्प्रचार फैल रहा था, ऐसे में एडीपीआर विभाग की इस पहल ने इन्फोडेमिक के माध्यम से लोगों की मदद की।

विद्यार्थियों ने *बैटन* पत्रिका के चार डिजिटल अंक भी प्रकाशित किए और प्रत्येक अंक एक विशिष्ट थीम - लिविंग थ्रू द पेंडेमिक, द मेटामॉर्फोसिस ऑफ एडवरटाइजिंग, वोकल फॉर लोकल और द अनमास्कड: द ईयर दैट वाज़ नॉट था। पत्रिका के विमोचन के लिए 7 अगस्त, 2021 को विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आईआईएमसी के महानिदेशक प्रो संजय द्विवेदी थे। इसमें श्री के. सतीश नम्बूदिरीपाड, अपर महानिदेशक, प्रो गोविंद सिंह, डीन अकादमिक, प्रो. प्रमोद कुमार, डीन, छात्र कल्याण ने भी भाग लिया।

कैंपेन प्लानिंग प्रोजेक्ट के लिए विद्यार्थियों ने जोमैटो, द वायरल फीवर (टीवीएफ), नाइन, डाइनआउट, एटीके स्टूडियोज, फॉक्सी, एडुहील फाउंडेशन और द ग्लोबल मदर फाउंडेशन जैसे ब्रांडों के साथ काम किया। विद्यार्थियों को उनके कुशलतापूर्ण काम के लिए सराहा गया और उनके कुछ क्रिएटिव को कंपनियों द्वारा कार्यान्वयन के लिए चुना गया।

सरकारी संचार सप्ताह (2020-2021)

विद्यार्थियों को सरकारी संचार प्रणाली के काम करने के तौर- तरीकों से अवगत कराने के प्रयासों के तहत विभाग ने 22 फरवरी 2021 से 26 फरवरी 2021 तक सरकारी संचार सप्ताह का आयोजन किया। सत्रों के संचालन के लिए वरिष्ठ नौकरशाहों और भारतीय सूचना सेवा (आईआईएस) के अधिकारियों को आमंत्रित किया गया। उन्होंने सरकारी मीडिया प्रणाली के कामकाज से संबंधित विभिन्न विषयों और पहलुओं पर चर्चा की और विद्यार्थियों को सेवा में शामिल होने के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित किया।

प्रमुख वक्ता :

- डॉ. निमिश रूस्तगी, निदेशक, पत्र सूचना कार्यालय, भारत सरकार।
- श्री राकेश रेणु, उप निदेशक, प्रकाशन विभाग, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार।
- सुश्री वीना जैन, पूर्व महानिदेशक, दूरदर्शन समाचार, भारत सरकार।

वर्तमान में पत्र सूचना कार्यालय, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा प्रत्यायित पत्रकार।

- डॉ. अतुल कुमार तिवारी, अपर महानिदेशक, आकाशवाणी समाचार, भारत सरकार।
- श्री तुषार कर्माकर, क्षेत्रीय अधिकारी, केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड मुंबई, भारत सरकार।
- श्री सीतांशु कार, भारत सरकार के पूर्व प्रधान प्रवक्ता एवं पत्र सूचना कार्यालय के प्रधान महानिदेशक।
- सुश्री एस्थर कार, पूर्व महानिदेशक, पत्र सूचना कार्यालय, भारत सरकार।
- श्री अमित राणा, उप निदेशक, ब्यूरो ऑफ आउटरीच एंड कम्युनिकेशन, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार।
- श्री रजित चंद्रन, वर्तमान में आईआईएमसी कोट्टयम परिसर के उप निदेशक। पूर्व उप निदेशक, सोशल मीडिया, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार।

सत्रों को संबोधित करने वाले अन्य विशिष्ट अतिथि:

- श्री सत्यप्रकाश, विधि संपादक, द ट्रिब्यून।
- सुश्री सिमरन कोहली, प्रोग्रामिंग हेड, रेडियो मिर्ची आकाशवाणी के साथ लंबे अर्से तक आरजे के रूप में भी कार्य किया।
- श्री संजय काव, सीनियर मल्टीमीडिया न्यूज प्रोफेशनल, द एशियन एज।

कार्यशालाओं का आयोजन

विद्यार्थियों के सीखने के अनुभव को व्यापक बनाने के लिए कई कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। वर्ष 2020-2021 के दौरान विभाग में आयोजित कुछ कार्यशालाएं हैं:

1. विजुअल स्टोरीटेलिंग पर 6 जनवरी 2021 को कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका संचालन विख्यात फोटो पत्रकार और विजुअल स्टोरी टेलर सुश्री तबीना अंजुम ने किया।
2. मोबाइल संचार पर 15 जनवरी 2021 को कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका संचालन वरिष्ठ पत्रकार, लेखक, फोटो पत्रकार और वीडियोग्राफर श्री विशाल अरोड़ा ने किया।
3. विज्ञापन एजेंसी डेंट्सु वेबचटनी ने 2 जून 2021 को विज्ञापन पर कार्यशाला की। इस दौरान 'थप्पड़' फिल्म के लिए 'मोस्ट रिपोर्टिड ट्रेलर कैम्पेन' का सफल संचालन करने वाली मुख्य टीम ने विद्यार्थियों के साथ बातचीत की। इस कैम्पेन ने हाल ही में कान्स लायंस सिल्वर जीता है। उन्होंने अपने अन्य प्रमुख कार्यों के साथ इस कार्य को एक सफल केस स्टडी के रूप में प्रस्तुत किया।

4. डॉ. आनंद कार्तिक, सहायक प्रोफेसर, केसीएलएएस ने 30 जून, 2021 को "ऑनलाइन प्रेसेंस: असेन्शल आस्पेक्ट्स ऑफ बिल्डिंग अ प्रोफेशनल प्रेसेंस ऑन लिंक्डइन एंड ई-पोर्टफोलियो वेबसाइट्स" पर कार्यशाला का संचालन किया।
5. श्री क्लाइड डिसूजा ने 14 जुलाई, 2021 को इमर्सिव मीडिया पर कार्यशाला का संचालन किया।

पूर्व छात्रों से संपर्क

उच्च शिक्षा की संभावनाओं के बारे में विद्यार्थियों का ज्ञानवर्धन करने और करियर के शुरुआती समय में पेशेवर दुनिया में कदम बढ़ाने के तौर-तरीकों के बारे में उन्हें जानकारी देने के लिए इन सत्रों का आयोजन किया। सभी अतिथि वक्ता एडीएंड पीआर विभाग के पूर्व छात्र थे।

- 27 अप्रैल, 2021 को सुश्री राधिका चुघ, कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन एक्जीक्यूटिव, एनटीपीसी।
- 28 अप्रैल, 2021 को सुश्री अदिति कुमारी, स्नातकोत्तर में लेटरल एंट्री की तैयारी कर रही हैं।
- 5 मई, 2021 को शुभम सौरव सिंह, उप प्रबंधक (पीआर), विद्युत वित्त निगम।
- 21 मई, 2021 को सुश्री भव्या गेंद, मैनेजमेंट कंसल्टिंग एनालिस्ट, एक्सेंचर।
- विद्यार्थियों ने 30 अप्रैल, 2021 को ईटी ब्रांड इक्विटी द्वारा आयोजित ऑनलाइन इंडियन कम्युनिकेशन समिट, 2021 में भाग लिया। इन सत्रों का संचालन भारत और विदेश दोनों के पीआर, कॉरपोरेट कम्युनिकेशन, डिजिटल मार्केटिंग क्षेत्र के विशेषज्ञों ने किया। इस समिट में भागीदारी से विद्यार्थियों को अपने शिक्षण और कौशल को व्यापक बनाने में मदद मिली।
- 26 जून, 2021 को श्री साहिल नायर, सीनियर ऐसोसिएट डायरेक्टर-एच आर केपीएमजी द्वारा एक विशेष सत्र का संचालन किया गया।

विज्ञापन और जनसंपर्क विभाग सदैव अपने विद्यार्थियों को उत्कृष्ट रूप से ज्ञान और कौशल प्रदान करने का प्रयास करता आया है। यह इस तथ्य से परिलक्षित होता है कि विद्यार्थियों को एडफैक्टर्स, एनटीपीसी, रूडरफिन डीडीबी मुद्रा, लोव लिंटास, टाटा स्टील, डेंट्सु वेबचटनी, जेनेसिस, एवियन, मैडमेन, एमएसएल और ज़ी न्यूज जैसी कंपनियों में नौकरी मिली है।

रेडियो एवं टीवी पत्रकारिता में स्नात्कोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम

रेडियो एवं टीवी पत्रकारिता में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम की शुरुआत वर्ष 1997 में की गई थी, जिसका उद्देश्य बोले गए शब्द तथा दृश्यों के माध्यम से सृजनात्मक संचार में क्षमता का विकास करना था। इस पाठ्यक्रम ने देश में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया जगत की मानव-शक्ति संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। विद्यार्थियों को वरिष्ठ शिक्षाविदों और क्षेत्र के पेशेवरों द्वारा व्यावसायिक कौशलों में प्रशिक्षण के साथ-साथ वैचारिक समझ में भी बुनियादी शिक्षा प्रदान की जाती है। मजबूत उद्योग संपर्कों के साथ, इस पाठ्यक्रम में क्षेत्र की सैद्धांतिक बुनियाद और व्यापक अभ्यास कार्य शामिल हैं। विद्यार्थियों के कौशल में सुधार लाने के लिए मीडिया संगठनों तथा अन्य विश्वविद्यालयों से वरिष्ठ प्राध्यापकों को नियमित रूप से आमंत्रित किया जाता है।

पाठ्यक्रम का उद्देश्य

- संचार का एक व्यापक परिप्रेक्ष्य प्रदान करना और विद्यार्थियों को पत्रकारिता की सर्वश्रेष्ठ परंपराओं और पद्धतियों से परिचित कराना।
- इलेक्ट्रॉनिक मीडिया यानी रेडियो, टेलीविजन, डिजिटल पत्रकारिता और विकास संचार की अवधारणा, भूमिका और कार्यप्रणाली की गहन समझ प्रदान करना।
- विद्यार्थियों को टीवी पत्रकारिता की कला एवं शिल्प में प्रशिक्षित करना और उन्हें कौशल तथा अभ्यास के ज़रिए योग्य बनाना, जिससे वे टीवी चैनलों में पत्रकारिता तथा निर्माण (प्रोडक्शन) की नौकरियां आसानी से हासिल कर सकें।
- रेडियो पत्रकारिता, कार्यक्रम निर्माण और एफएम स्टेशनों के स्टेशन प्रबंधन की समझ प्रदान करना।
- नवीनतम डिजिटल ऑडियो वीडियो और मल्टीमीडिया प्रौद्योगिकियों में व्यापक व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करना।

यह पाठ्यक्रम वर्तमान में दिल्ली स्थित आईआईएमसी मुख्यालय में संचालित किया जा रहा है। प्रो. (डॉ.) गोविंद सिंह रेडियो एवं टीवी पत्रकारिता विभाग के पाठ्यक्रम निदेशक हैं। 2020-2021 के सत्र में इस पाठ्यक्रम में नामांकित विद्यार्थियों की कुल संख्या 48 थी। इन्होंने आईआईएमसी संकाय तथा मीडिया क्षेत्र के दिग्गजों द्वारा उपलब्ध कराया गया सटीक ऑनलाइन कक्षा शिक्षण तथा आभासी व्यावहारिक प्रशिक्षण भी प्राप्त किया। सत्र के दौरान विभाग द्वारा विद्यार्थियों के लिए प्रिंट प्रोडक्शन, रेडियो बुलेटिन, टीवी प्रोडक्शन, न्यू मीडिया जर्नलिज्म, मोबाइल जर्नलिज्म (मोजो), डॉक्यूमेंट्री फिल्म मेकिंग और एंटरप्रेन्योरियल जर्नलिज्म पर कई ऑनलाइन वर्कशॉप आयोजित की गईं। आईआईएमसी ने अमरीकी दूतावास, नई दिल्ली के क्षेत्रीय अंग्रेजी भाषा कार्यालय के सहयोग से आरटीवी (रेडियो एवं टेलीविज़न पत्रकारिता) के विद्यार्थियों के लिए एक विशेष पत्रकारिता

प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया। वरिष्ठ पत्रकार और वर्तमान में पेंसिल्वेनिया, अमरीका स्थित वुडरो विल्सन सेंटर की वाइस प्रेसिडेंट सुश्री लिंडा रोथ ने 3 मई से 7 मई 2021 तक वर्चुअल माध्यम से इस कार्यशाला का संचालन किया। विद्यार्थियों को जाने-माने अंतरराष्ट्रीय प्राध्यापकों से बातचीत करने का शानदार अवसर मिला और उन्हें पत्रकारिता के अमरीकी मूल्यों के बारे में जानने-समझने का अनुभव हासिल हुआ।

अकादमिक वर्ष के दौरान उद्योग के कई विशेषज्ञ संकाय सदस्यों और वरिष्ठ पेशेवरों को आमंत्रित किया गया, जिनमें अमरीका की वेस्टर्न कनेक्टिकट स्टेट यूनिवर्सिटी में विजुअल क्रिमिनोलॉजी की प्राध्यापिका डॉ. दिव्या शर्मा; पूर्व उपकुलपति प्रो. सुभाष धूलिया; यूसीएमएस, नई दिल्ली में प्राध्यापक एवं सामुदायिक चिकित्सा विभाग के प्रमुख डॉ संजय चतुर्वेदी; डायरेक्टर, लोकलाइज़ेशन, माइक्रोसॉफ्ट, दक्षिण एशिया श्री बालेंदु शर्मा दाधीच; डॉयचे वेले, जर्मनी में संपादक अशोक कुमार; संपादक, आज तक शम्स ताहिर खान; संपादक, टाइम्स ड्राइव, क्रांति संभव; रेज़ीडेंट एडिटर, नव भारत टाइम्स आशीष पांडे; समाचार ब्यूरो प्रमुख, आकाशवाणी नसीम नक़वी; वाइस प्रेसिडेंट, कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन,कोका कोला इंडिया, कल्याण रंजन; निदेशक, ईएमआरसी, रुड़की राज कुमार भारद्वाज; प्रसिद्ध खेल पत्रकार मनोज जोशी; प्रसिद्ध उद्घोषक, आकाशवाणी जैनेंद्र सिंह; कार्यकारी निर्माता, टाइम्स नाउ डॉ. वीरेंद्र चौधरी; विधि संपादक, द ट्रिब्यून सत्य प्रकाश; प्रसिद्ध ट्रैवल व्लॉगर वरुण वागीश; प्रसिद्ध यूट्यूबर सिद्धार्थ तिवारी; आजतक स्पोर्ट्स अनिल सिंह; वरिष्ठ पत्रकार बाल मुकुंद सिन्हा; एंकर, सीएनएन-टीवी-18 माहा सिद्दीकी; वरिष्ठ पत्रकार शिवानी रावत, वरिष्ठ पत्रकार सर्जना शर्मा; राजनीतिक संपादक, एनडीटीवी उमाशंकर सिंह; कंसल्टिंग एडिटर, आकाशवाणी उमेश चतुर्वेदी और कई अन्य शामिल थे।

विभाग का अपना रेडियो एवं टीवी स्टूडियो है। ये स्टूडियो विद्यार्थियों को व्यावहारिक कौशल प्रदान करने में सक्षम उपकरणों से लैस हैं। संस्थान का एक सामुदायिक रेडियो स्टेशन "अपना रेडियो" भी है, जहां विद्यार्थियों को रेडियो पत्रकारिता और निर्माण (प्रोडक्शन) के विभिन्न पहलुओं के बारे में प्रशिक्षण दिया जाता है।

विभाग उद्योग के लिए हर साल कुशल पेशेवर तैयार कर रहा है। कोविड-19 के चलते आई रुकावटों के बावज़ूद विद्यार्थियों को टाटा कंसल्टेंसी सर्विसिज़ (टीसीएस), डीडी न्यूज, आजतक, इंडिया टुडे डिजिटल, ज़ी न्यूज़, एबीपी न्यूज़, टीवी-9, करियर 360, इन्फॉर्मिस्ट, लल्लन टॉप, इन शॉर्ट्स, फ्री प्रेस जर्नल, एड फैक्टर्स, द क्विंट आदि जैसे विभिन्न प्रतिष्ठित संगठनों में इंटर्नशिप और प्लेसमेंट मिली।

उर्दू पत्रकारिता में स्नात्कोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम

भारतीय जनसंचार संस्थान में उर्दू पत्रकारिता की नींव वर्ष 2013 में एक डिप्लोमा पाठ्यक्रम के साथ रखी गई। इसके सफल प्रयोग के बाद वर्ष 2017 में इसे स्नात्कोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम में बदल दिया गया। आईआईएमसी के अन्य स्नात्कोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रमों की ही तरह यह भी एक वर्ष का पाठ्यक्रम है।

उर्दू पत्रकारिता का मुख्य उद्देश्य ऐसे मीडिया पेशेवरों को प्रशिक्षित करना है, जो प्रौद्योगिकी संचालित उर्दू मीडिया की बदलती जरूरतों के अनुसार काम कर सकें। पाठ्यक्रम इस तरह तैयार किया गया है कि यह संचार पर एक व्यापक परिप्रेक्ष्य प्रदान करे, प्रभावी संचार के ज़रिए सहभागिता व प्रतिभागिता को बढ़ावा देने में पत्रकारों की भूमिका पर जोर देता हो, उन्हें संचार कौशल की एक विस्तृत श्रृंखला से परिचित और लैस करे, प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में उचित संचार रणनीति विकसित करे, उभरती प्रौद्योगिकियों को ध्यान में रखते हुए, पत्रकारों/संचारकों के लिए अवसरों को परिभाषित करे और उन्हें रिपोर्टिंग/संपादन/निर्माण/वितरण की विकसित हो रही तकनीकों से अवगत कराए।

यह पाठ्यक्रम केवल नई दिल्ली परिसर में ही उपलब्ध कराया जा रहा है। सैद्धांतिक कक्षाओं के अलावा, विद्यार्थियों को रिपोर्टिंग, न्यूज़ प्रोडक्शन आदि में भी सटीक व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाता है।

शैक्षणिक वर्ष 2020-21 में कुल 10 विद्यार्थी थे, जिनमें से 5 सामान्य वर्ग से और 5 अन्य पिछड़ा वर्ग से थे।

उर्दू मीडिया उद्योग की व्यावहारिक समझ उत्पन्न करने के लिए, उर्दू मीडिया में काम करने वाले कुछ प्रतिष्ठित पत्रकारों को व्याख्यान के लिए आमंत्रित किया गया था। इनमें 'न्यूज 18' (उर्दू) के वरिष्ठ संपादक श्री तहसीन मुनव्वर, 'आलमी सहारा' न्यूज चैनल के संपादक श्री लईक रिज़वी, 'ईटीवी भारत' में उर्दू सेवा के प्रमुख श्री खुर्शीद अहमद वानी, 'यूएनआई उर्दू सेवा' के प्रमुख श्री फहीम अहमद, 'डीडी न्यूज' (उर्दू) के वरिष्ठ पत्रकार डॉ. मोहम्मद रहमतुल्लाह, वरिष्ठ पत्रकार और

ऑल इंडिया रेडियो में सलाहकार श्री उमेश चतुर्वेदी, वरिष्ठ पत्रकार डॉ. रवींद्र अग्रवाल, राज्यसभा टीवी से श्री जियाग़म मुर्तजा, स्कूल ऑफ मास कम्यूनिकेशन, मौलाना आजाद राष्ट्रीय उर्दू विश्वविद्यालय, हैदराबाद के डीन प्रो. एहतेशाम अहमद खान, मौलाना आजाद राष्ट्रीय उर्दू विश्वविद्यालय (एमएएनयूयू) में जनसंचार विभाग के अध्यक्ष मो. फरियाद आदि शामिल हैं।

उर्दू विद्यार्थियों के लिए उर्दू विभाग ने ऑल इंडिया रेडियो, डीडी न्यूज़ और 'आलमी सहारा' न्यूज़ चैनल के न्यूज़ रूम में विशेष दौरों का आयोजन किया, जहाँ उन्हें न्यूज़ रूम की कार्यप्रणाली की प्रत्यक्ष जानकारी मिली। इसके अलावा वे हिंदी तथा अंग्रेजी पत्रकारिता द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यशालाओं में भी शामिल हुए।

व्यावहारिक प्रशिक्षण के लिए विद्यार्थियों ने लैब जर्नल का निर्माण किया। प्रथम लैब जर्नल का विमोचन आईआईएमसी के महानिदेशक प्रो. संजय द्विवेदी द्वारा महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, मोतिहारी, बिहार के उप-कुलपति प्रो. संजीव शर्मा के साथ मिलकर किया गया। कुछ विद्यार्थियों ने कई प्रतिष्ठित हस्तियों का साक्षात्कार भी लिया, जिसे आईआईएमसी के सोशल मीडिया हैंडल पर साझा किया गया। उन्होंने कुछ रेडियो बुलेटिन भी तैयार किए। वर्तमान में, प्रो. (डॉ.) कुमार उर्दू पत्रकारिता के पाठ्यक्रम निदेशक हैं।

न्यू मीडिया विभाग

न्यू मीडिया विभाग सभी विभागों में न्यू मीडिया पेपर का संचालन करता है और सोशल मीडिया मार्केटिंग, गवर्नेंस के लिए सोशल मीडिया, सोशल मीडिया मॉनिटरिंग, डिजिटल युग में आपदा संचार, तथ्य जांच तथा सत्यापन और विद्यार्थियों, मीडिया क्षेत्र के शिक्षकों तथा उद्योग के पेशेवरों के लिए मीडिया और सूचना साक्षरता में कार्यशालाओं तथा प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन करता है। वर्ष 2021-2022 में न्यू मीडिया विभाग ने निम्नलिखित कार्यक्रमों में अकादमिक योगदान प्रदान किया:

- वैक्सीन के बारे में ग़लत जानकारी से निबटने के लिए तथ्यों की जांच हेतु डेटा लीड्स और फर्स्ट ड्राफ्ट द्वारा 1 मई, 2021 को आयोजित वैक्सचेक टाउन हॉल श्रृंखला में
- एनटीपीसी तालचेर कनिहा द्वारा 2 मार्च, 2021 को आयोजित कम्यूनिकेशन स्ट्रैटजीज़ फॉर द वर्चुअल एज पर डिजिटल कार्यशाला में
- एनटीपीसी पश्चिमी क्षेत्र 2 मुख्यालय द्वारा 30 मार्च, 2021 को आयोजित आभासी संचार कार्यशाला – शिफ़्टिंग ट्रैंड्स इन द मीडिया इन द न्यू एज में
- कलिंग इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी के मीडिया विभाग द्वारा 21 मार्च, 2021 को आयोजित करिअर अपर्च्युनिटीज़ इन डिजिटल मीडिया में
- केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल अकादमी द्वारा 26 मार्च, 2021 को कम तीव्रता के संघर्ष वाले माहौल में सोशल मीडिया का महत्व पर आयोजित ''अंडरस्टेंडिंग द मीडिया इन लो इन्टेन्सिटी कन्फ़्लिक्ट एन्वायरन्मेंट'' कार्यशाला में
- केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा 26 मार्च 2021 को मीडिया पाठ्यक्रमों पर शिक्षकों के लिए आयोजित जागरूकता तथा क्षमता निर्माण कार्यक्रम में
- विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस 2021 तथा वैश्विक मीडिया सूचना साक्षरता सप्ताह 2021 पर आयोजित यूनेस्को ग्लोबल ऑनलाइन कंसल्टेशन में
- केंद्रीय विश्वविद्यालय, जम्मू के जन संचार एवं न्यू मीडिया विभाग द्वारा आयोजित इमर्जिंग ट्रैंड्स इन मीडिया: चैलेंजिस एण्ड करिअर अपर्च्युनिटीज़ में
- शहीद भगत सिंह कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा 28 जनवरी, 2021 को आयोजित यूज़ ऑफ़ सोशल मीडिया एज़ रिसर्च टूल इन ज्यॉग्रफ़ी: शिफ़्टिंग पॅराडिग्म्स एण्ड इमर्जिंग इश्यूज़ पर नेशनल ज्योग्राफर्स यूथ कॉन्क्लेव में
- दृश्य मीडिया और संचार विभाग, कला और विज्ञान स्कूल, अमृता विश्व विद्यापीठम् द्वारा आयोजित 21 जनवरी, 2021 को करिक्युलर आस्पैक्ट्स ऑफ़ न्यू मीडिया एण्ड पीआर में
- एचआरडीसी, पंजाब विश्वविद्यालय द्वारा 14 जनवरी, 2021 को डिजिटल युग में प्रभावी संचार के संबंध में संकाय विकास कार्यक्रम (एफडीपी) के अंतर्गत आयोजित डिजिटल संचार एवं तथ्यों की जांच में
- कम्युनिकेशन टुडे जर्नल द्वारा 28 नवंबर, 2020 को डिजिटल मीडिया सेंसरशिप वर्सिज़ फ्री स्पीच पर आयोजित राष्ट्रीय वेबिनार में
- गांधी स्मृति और दर्शन समिति, यूनेस्को और यूनीट्विन द्वारा 30 अक्टूबर, 2020 को आयोजित ''रेज़िस्टिंग डिसइन्फोमेटिक यूज़िंग मीडिया एंड इंफॉर्मेशन लिटरेसी फॉर पीसफुल को-एग्ज़िस्टेंस''

विषय पर सम्मेलन में

- फैक्टशाला द्वारा 28 अक्टूबर, 2020 को कम्यूनिटी रेडियो एण्ड मीडिया एण्ड इन्फॉर्मेशन लिटरेसी पर आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में
- संसदीय लोकतंत्र शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान (प्राइड) द्वारा 15 अक्टूबर, 2020 को लोक सभा टीवी परामर्शदाताओं के लिए द्वारा आयोजित 'जर्नलिस्टिक नॉर्म्स एण्ड इम्पॉर्टेंस ऑफ़ फैक्टचैकिंग' पर पुनश्चर्या पाठ्यक्रम (रीफ्रेशर कोर्स) में
- भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा 25 सितंबर, 2020 को आयोजित ओटीटी प्लेटफॉर्म्स, सीआईआई सदर्न रिजन मीडिया अनकन्वेशन समिट में
- शिक्षा विभाग, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, द्वारा 22 सितम्बर, 2020 को आयोजित शैक्षिक प्रौद्योगिकी पर "आईसीटी पीडागॉजिकल स्किल्स ड्यूरिंग कोविड-19'' राष्ट्रीय ई कार्यशाला में।
- शैक्षिक संचार संघ, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा 5 सितंबर, 2020 को आयोजित ''नेशनल एजूकेशन पॉलिसी : पीडागॉजिकल रेवॉल्यूशन'' में
- नेपाल इंस्टीट्यूट फॉर इंटरनेशनल को-ऑपरेशन एण्ड एन्गेजमेंट (एनआईआईसीई-डब्ल्यूपीसी) द्वारा 29 अगस्त, 2020 को आयोजित भारत के मीडिया एवं मनोरंजन क्षेत्र पर कोविड-19 के प्रभाव पर अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन ''पोस्ट-पैन्डॅमिक वर्ल्ड ऑर्डर: नैविगेटिंग न्यू नॉर्मल'' में
- केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल अकादमी, गुरुग्राम द्वारा 19 अगस्त, 2020 को आयोजित विभिन्न संघर्ष क्षेत्रों के कमांडेंट और उससे शीर्ष रैंक के अधिकारियों के लिए मीडिया संवेदीकरण पाठ्यक्रम अंडरस्टैंडिंग मीडिया में
- विश्वविद्यालय अनुदान आयोग-मानव संसाधन विकास केंद्र, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र द्वारा 14 अगस्त, 2020 को आयोजित जन संचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान के सहयोग से मीडिया लिटरेसी एण्ड क्रिटिकल थिंकिंग इन डिजिटल एज पर ऑनलाइन रीफ्रेशर कोर्स में
- इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र तथा एसोसिएशन ऑफ मीडिया लाइब्रेरी एंड आर्काइव्स (एएमएलए) द्वारा 6 अगस्त, 2020 को आयोजित मीडिया एण्ड इन्फॉर्मेशन लिटरेसी एण्ड क्वालिटी जर्नलिज्म: हाउ टु डील विद इन्फॉर्मेशन ओवरलोड एण्ड फेक इन्फॉर्मेशन पर राष्ट्रीय वेबिनार में।
- कुमारगुरु कॉलेज ऑफ लिबरल आर्ट्स एंड साइंस (केसीएलएएस), कोयंबटूर, तमिलनाडु के विजुअल कम्युनिकेशन विभाग द्वारा 28 जुलाई, 2020 को आयोजित "डिजिटल एंड मीडिया लिटरेसी इन डिसइन्फॉलर्मेशन एज" पर एक वेबिनार श्रृंखला में
- एलजे इंस्टीट्यूट ऑफ मीडिया एंड कम्युनिकेशन, अहमदाबाद द्वारा 6 जुलाई, 2020 को आयोजित राष्ट्रीय वेबिनार में
- पत्रकारिता एवं जन संचार विभाग, विद्या नॉलेज पार्क, मेरठ द्वारा 21 जून, 2020 को ''कोविड-19 क्राइसिस एण्ड अपर्च्युनिटीज़ इन मीडिया'' पर आयोजित पैनल चर्चा में
- स्कूल ऑफ जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन, ऑरो विश्वविद्यालय, गुजरात द्वारा 10 जून, 2020 को आयोजित ''इम्पॉर्टेंस ऑफ़ मीडिया एण्ड इन्फॉर्मेशन लिटरेसी ड्यूरिंग कोविड-19'' में
- इंटरन्यूज़ और डेटा लीड्स द्वारा 22 मई, 2020 को आयोजित ''हाउ टु नैविगेट द कोविड-19 इन्फोडेमिक'' में
- नेशनल डिफेंस कॉलेज के 60वें एनडीसी पाठ्यक्रम के तहत 28 मई, 2020 को आयोजित इम्पैक्ट ऑफ़ मीडिया ऑन ग्लोबल गवर्नेंस एण्ड पॉलिसी डिसीज़ंस में
- आईएमएस, भुवनेश्वर के पत्रकारिता एवं जन संचार विभाग द्वारा 10 मई, 2020 को आयोजित ''ओपन रिसोर्सिस इन जर्नलिज़्म'' में
- एनसीईआरटी द्वारा 4 मई, 2020 को आयोजित ''फाइटिंग मिसइन्फॉर्मेशन, डिसइन्फॉर्मेशन एण्ड फेक न्यूज़'' पर राष्ट्रीय वेबिनार में

न्यू मीडिया विभाग की प्रमुख, प्रोफेसर अनुभूति यादव को डिजिटल एम्पॉवरमेंट फाउंडेशन, गोदरेज पीआर मोमेंट अंडर 3030 अवार्ड्स 2021 द्वारा आयोजित सोशल मीडिया फॉर एम्पॉवरमेंट अवॉर्ड तथा शिक्षा मंत्रालय द्वारा आयोजित नेशनल आईसीटी अवॉर्ड और यूनेस्को ग्लोबल मीडिया एण्ड इन्फॉर्मेशन लिटरेसी अवॉर्ड्स 2021 के लिए जूरी सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया।

आईआईएमसी के क्षेत्रीय परिसर

आईआईएमसी ढेंकनाल परिसर, ओडिशा

अकादमिक वर्ष 2020-21 के दौरान इस संस्थान के विद्यार्थियों का शैक्षणिक प्रदर्शन सराहनीय रहा है।

प्रमुख गतिविधियां व उपलब्धियां:

- उड़िया पत्रकारिता के विद्यार्थियों ने इस अवधि के दौरान लैब जर्नल के तीन अंक निकाले।
- उन्होंने टीवी समाचार कैप्सूल, रेडियो फीचर और वृत्तचित्र बनाने का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया। उन्होंने ब्लॉग लिखे और वेबसाइट्स भी डिज़ाइन कीं। उन्हें समाचार संग्रह, मिलान और प्रसार के लिए सोशल मीडिया का उपयोग करना भी सिखाया गया। इन अभ्यासों का उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रिंट, वीडियो, ऑडियो, वेब और सोशल मीडिया में प्रशिक्षित करना था।
- उडिया पत्रकारिता की छात्रा सुश्री यज्ञसेनी ढल ने प्रतिष्ठित डॉ. राधानाथ रथ मैमोरियल फेलोशिप पुरस्कार हासिल किया और

अंग्रेजी पत्रकारिता की छात्रा सुश्री ख्याति सेंगर को सत्य महापात्र मैमोरियल फेलोशिप पुरस्कार प्राप्त हुआ।

वेबिनार

- 21 अप्रैल 2021 को पीआरएसआई, ओडिशा चैप्टर के सहयोग से जन जागरूकता के लिए जनसंपर्क पर वेबिनार: "लेट अस बिल्ड अ कोविड फ्री वर्ल्ड'' आयोजित किया गया।
- 8 मई 2021 को "जर्नी ऑफ़ एन ऑथर मनोज दास'' पर वेबिनार।
- 7-9 जून 2021 को "इंडियाज़ डेवलपमेंट पाथ्स एंड डिलेमाज़" पर प्रोफेसर एस. एन. मिश्रा, डीन, केआईआईटी स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, भुवनेश्वर द्वारा व्याख्यान।
- 3 जुलाई 2021 को प्रो.(डॉ.) एस. एन. मिश्रा, डीन, केआईआईटी स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, भुवनेश्वर द्वारा "प्राइवसी, प्रोटेक्शन, पॉलिसी : इश्यूज़ कंसर्निंग डेटा प्रोटेक्शन लॉ" पर वेबिनार।

- **पाठ्येतर गतिविधियां:** विद्यार्थियों के लिए कई पाठ्येतर गतिविधियां आयोजित की गईं। ढेंकनाल और अंगुल के जिला लेखक मंच के सहयोग से साहित्यिक कार्यक्रम *'शब्दांजलि'* की तीन कड़ियां आयोजित की गईं।
- **प्लेसमेंट:** शैक्षणिक सत्र 2020-21 के दौरान परिसर प्लेसमेंट अच्छा रहा। अब तक 50 प्रतिशत (बाईस में से ग्यारह) उड़िया पत्रकारिता के विद्यार्थियों को विभिन्न मीडिया संगठनों, जिनमें इनशॉर्ट्स, एडफैक्टर्स, कनक न्यूज, धारित्री, आर्गस न्यूज शामिल हैं, में प्लेसमेंट मिल चुका है।
- **प्रकाशन:** आईआईएमसी, ढेंकनाल ने इस शैक्षणिक वर्ष में पीस जर्नलिज्म पर एक मोनोग्राफ तैयार किया है। इसे प्रो. (डॉ.) संजय द्विवेदी द्वारा जारी किया गया। 29 जनवरी 2021 को भारतीय समाचार पत्र दिवस के अवसर पर उड़िया पुस्तक "महात्मा गांधी : संबदिका एण्ड संपादक'' का विमोचन किया गया। "कार्टून एट द टाइम ऑफ कोरोना'' पर एक फोटो बुक भी तैयार की गई।

आईआईएमसी आइज़ोल परिसर, मिज़ोरम

भारतीय जन संचार संस्थान के पूर्वोत्तर क्षेत्रीय (एनईआर) परिसर ने 8 अगस्त, 2011 को तनहरिल, आइज़ोल में मिज़ोरम विश्वविद्यालय (एमजेडयू) परिसर से काम करना शुरू किया। इसका उद्घाटन मोटे तौर पर पूर्वोत्तर और खासतौर पर मिज़ोरम में उच्च शिक्षा के लिए और प्रसिद्ध आईआईएमसी ब्रांड के विकास के लिए एक बड़ा कदम था। संस्थान एमजेडयू परिसर में एक अस्थायी परिसर से कार्य कर रहा है। मिज़ोरम विश्वविद्यालय ने स्थायी परिसर के लिए आठ एकड़ जमीन आवंटित की है।

स्थायी परिसर का निर्माण, जो कि वर्ष 2015 में शुरू हुआ था, छात्रावास और शिक्षकों के आवास सहित सभी सुविधाओं के साथ अब पूरा होने वाला है। परिसर के सौंदर्यीकरण और लैंडस्केपिंग पर काम चल रहा है और इसके वर्ष 2022 के दौरान पूरा हो जाने की उम्मीद है। वर्ष 2011 में अपनी स्थापना के बाद से ही संस्थान, मिज़ोरम और पूरे पूर्वोत्तर में पिछले कुछ वर्षों के दौरान मीडिया, प्रिंट तथा टेलीविज़न दोनों के विकास में आए भारी उछाल के चलते उत्पन्न हुई कुशल मानव-शक्ति की मांग को पूरा करने की राह पर है।

शैक्षणिक सत्र 2020-21 के लिए, एनईआर परिसर को देश के विभिन्न हिस्सों से नौ छात्र नियत किए गए थे। हालांकि, देश भर में महामारी की अभूतपूर्व स्थिति के चलते, आईआईएमसी ने 2020-2021 के सत्र को मिश्रित ऑनलाइन मोड में आयोजित और संचालित करने का निर्णय लिया। तदनुसार, एनईआर परिसर के छात्र भी, सभी पांच क्षेत्रीय परिसरों की सहायता से आईआईएमसी दिल्ली के नेतृत्व वाले अंग्रेजी पत्रकारिता ऑनलाइन पाठ्यक्रम में शामिल हुए। एनईआर परिसर के विद्यार्थियों ने अंग्रेजी पत्रकारिता विभाग और संस्थान द्वारा आयोजित सभी ऑनलाइन-कक्षाओं, कार्यशालाओं और संगोष्ठियों में सक्रिय रूप से भाग लिया। उन्होंने ऑनलाइन सेमेस्टर परीक्षा में भी संतोषजनक प्रदर्शन किया है।

मिश्रित शैक्षणिक गतिविधियों के अलावा, अपनी ओर से भी एनईआर परिसर ने नियत विद्यार्थियों से संपर्क बनाए रखा और संवाद के माध्यम खुले रखे। व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से जानकारियां व सवाल

साझा किए गए। गूगल मीट के माध्यम से सप्ताह में एक बार बैठक आयोजित की जाती रहीं, जहां विद्यार्थियों के साथ खुली चर्चा और बातचीत को संभव बनाया गया। असाइनमेंट, शोध परियोजनाओं, लैब जर्नल तैयार करने और अन्य व्यावहारिक प्रदर्शनों के संबंध में विद्यार्थियों का नियमित रूप से मार्गदर्शन किया जाता रहा।

प्लेसमेंट के मोर्चे पर, एनईआर परिसर के छात्र इंडियन एक्सप्रेस, दूरदर्शन, न्यू इंडियन एक्सप्रेस, आकाशवाणी, इंडिया टुडे, रिपब्लिक टीवी, रॉयटर्स, एएनआई आदि जैसे प्रतिष्ठित मीडिया संगठनों में अपनी जगह बना रहे हैं। 2019-20 बैच के विद्यार्थियों की उपलब्धियों की ओर एक बार फिर ध्यान दिलाना काफ़ी सुखद है, क्योंकि उन्होंने आईआईएमसी द्वारा आयोजित परिसर भर्ती और अपने स्वयं के प्रयासों के ज़रिए भी बेहद अच्छा प्रदर्शन किया है। आइज़ोल परिसर के 14 विद्यार्थियों में से पांच विद्यार्थियों को आईआईएमसी के प्लेसमेंट सेल द्वारा 2019-20 के बैच के लिए आयोजित प्लेसमेंट प्रक्रिया के ज़रिए सफलतापूर्वक नौकरी प्राप्त हुई और सात अन्य विद्यार्थियों ने मीडिया समूहों द्वारा आयोजित प्लेसमेंट प्रक्रिया के माध्यम से आवेदन किया। ये काफ़ी भाग्यशाली रहे और रॉयटर्स, रोपोसो, स्पोर्ट्सकीड़ा आदि जैसे प्रतिष्ठित मीडिया संगठनों में इनकी नियुक्ति हुई। अब तक 11 विद्यार्थी अपने-अपने क्षेत्र में सफलतापूर्वक कार्य कर रहे हैं।

2020-21 के बैच के लिए आईआईएमसी के प्लेसमेंट सेल द्वारा चलाई गई प्लेसमेंट प्रक्रिया में गति बनाए रखते हुए, एनईआर परिसर, आइज़ोल के अंग्रेजी पत्रकारिता के विद्यार्थियों ने भी विभिन्न उपलब्ध अवसरों के लिए आवेदन किया। आइज़ोल परिसर के नौ में से दो विद्यार्थियों को सफलतापूर्वक नौकरियां मिल गईं। तीन अन्य विद्यार्थियों ने मीडिया समूहों द्वारा आयोजित प्लेसमेंट के माध्यम से अन्यत्र आवेदन किया और उनकी वहां नियुक्ति हो गई। कुल मिलाकर, पांच विद्यार्थी अपने-अपने क्षेत्र में सफलतापूर्वक कार्य कर रहे हैं।

आईआईएमसी प्लेसमेंट सेल के ज़रिए नियुक्त हुए छात्र हैं:

- श्री हरिविग्नेश और सुश्री श्रुति कुमारी को एडफैक्टर्स पीआर मीडिया हाउस द्वारा ट्रेनी अकाउंट एग्ज़ीक्यूटिव के पद पर नियुक्त किया गया।

अन्यत्र कार्य कर रहे छात्र हैं:

- श्री अनमोल सिंगला 'द न्यू इंडियन' में उप-संपादक के रूप में कार्यरत हैं।
- श्री कलश खुराना 'बॉलीवुड शादीज़' में फीचर राइटर सह उप-संपादक के रूप में काम कर रहे हैं और
- सुश्री विपाशा शर्मा एएनआई में उप-संपादक, राष्ट्रीय समाचार के रूप में कार्यरत हैं।

आईआईएमसी अमरावती परिसर, महाराष्ट्र

भारतीय जन संचार संस्थान का पश्चिमी क्षेत्रीय केंद्र 8 अगस्त 2011 को स्थापित किया गया था। वर्तमान में इसे संत गाडगे बाबा अमरावती विश्वविद्यालय परिसर से संचालित किया जा रहा है। स्थाई परिसर के निर्माण के लिए भूमि बडनेरा (अमरावती) में आवंटित की गई है। उम्मीद की जा रही है कि नए परिसर का निर्माण पूरा हो जाने के बाद, विश्व स्तरीय सुविधाओं से लैस यह मीडिया शिक्षा एवं अनुसंधान केंद्र महाराष्ट्र राज्य के साथ-साथ आस-पास के राज्यों के भी मीडिया के क्षेत्र में भविष्य बनाने के इच्छुक लोगों को लाभान्वित करेगा।

आईआईएमसी अमरावती समाज के उत्थान की परिकल्पना करता है और संचार, मीडिया शिक्षा, अनुसंधान तथा विस्तार और प्रशिक्षण के माध्यम से समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। महामारी की स्थिति के बीच, आईआईएमसी अमरावती ने पूरी तरह से ऑनलाइन कार्य किया। शैक्षणिक सत्र 2020-21 की शुरुआत श्री प्रवीण बर्दापुकर, पूर्व संपादक, लोकसत्ता (इंडियन एक्सप्रेस ग्रुप) द्वारा नवंबर 2020 में विशेष सत्र के साथ हुई। व्यावहारिक कक्षाओं के साथ-साथ थ्योरी कक्षाएं भी नियमित रूप से आयोजित की गईं। दिलचस्प बात यह है कि कोविड-19 ने विद्यार्थियों के पैन महाराष्ट्र न्यूज़ रूम को आकार दिया।

प्रमुख गतिविधियां व उपलब्धियां:

- संचार अनुसंधान के तहत अंग्रेजी पत्रकारिता के 11 और मराठी पत्रकारिता के 13 विद्यार्थियों ने डॉ. अनिल सौमित्र और श्री विनय सोनूले के निरीक्षण में पत्रकारिता, न्यू मीडिया, विकास पत्रकारिता, ब्रांडिंग, विज्ञापन और जनसंपर्क से संबंधित विषयों पर एक शोध परियोजना को सफलतापूर्वक पूरा किया।
- आईआईएमसी अमरावती में प्रख्यात विद्वानों, मीडियाकर्मियों, शिक्षाविदों को आमंत्रित किया गया था। 17 फरवरी 2021 को डॉ. अनिल सौमित्र की अध्यक्षता में आईआईएमसी अमरावती में 'रोल ऑफ लैंगग्वेज जनर्लिज्म इन रीजनल डेवलपमेंट' पर एक दिवसीय

ऑनलाइन संगोष्ठी का आयोजन किया गया। प्रख्यात पत्रकार श्री आशीष चांदोरकर, डिजिटल मीडिया विशेषज्ञ श्री विश्वनाथ गरुड़, श्री अनिल अग्रवाल- पूर्व महासचिव आईएलएनए इसमें पैनलिस्ट थे। इस संगोष्ठी में पूरे महाराष्ट्र के विद्यार्थियों और मीडियाकर्मियों ने भाग लिया।

- 'सावित्रीबाई फुले जयन्ती' मनाई गई और एक विशेष कार्यक्रम 'सावित्रीच्या लेकी' आयोजित किया गया।
- आईआईएमसी अमरावती में 26 जनवरी, 2021 को गणतंत्र दिवस समारोह आयोजित किया गया।
- आईआईएमसी अमरावती परिसर में 1-15 जनवरी, 2021 को स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया।
- मार्च 2021 में मराठी पत्रकारिता के विद्यार्थियों के लिए महिला दिवस और सावित्रीबाई फुले की पुण्यतिथि पर एक विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया।
- 1 फरवरी, 2021 को प्रोफेसर (डॉ) अनिल कुमार सौमित्र ने आईआईएमसी क्षेत्रीय परिसर, अमरावती का कार्यभार ग्रहण किया।
- कोविड की स्थिति से उत्पन्न चुनौतियों के बीच आईआईएमसी अमरावती ने उभरते मीडिया पेशेवर तैयार करने की अपनी प्रतिबद्धता को बनाए रखा। लैब जर्नल पूरी तरह से ऑनलाइन तैयार किए गए थे। पहले दो लैब जर्नल का विमोचन क्षेत्रीय निदेशक डॉ. अनिल सौमित्र, श्री अनिल जाधव और श्री विनय सोनूले सहायक प्रोफेसर आईआईएमसी द्वारा ऑनलाइन किया गया।

- 27 फरवरी को 'मराठी मातृभाषा दिवस' के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर आईआईएमसी अमरावती के विद्यार्थियों ने पहल करते हुए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। संत गाडगे बाबा अमरावती विश्वविद्यालय में मराठी और अंग्रेजी विभाग की प्रमुख डॉ. मोना चिमोटे ने 'मराठी साहित्यतिल स्त्री' (मराठी साहित्य में महिलाएं) विषय पर व्याख्यान दिया

और प्रख्यात कवियित्री स्नेहा मिरागने ने सुंदर मराठी कविताओं का पाठ किया तथा मराठी कविता पर अपने गहन विचार साझा किए।

- अमरावती के मराठी पत्रकारिता के विद्यार्थियों के लिए स्टेशन को-ऑर्डिनेटर, श्री संजय घरड़े द्वारा 90.4 एफएम, सामुदायिक रेडियो, कृषि विज्ञान केंद्र, बांदेरा अमरावती पर एक विशेष लाइव व्याख्यान आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को एक रेडियो स्टेशन के उपकरण, सेटअप और निर्माण प्रक्रिया से परिचित कराना था।

- 14 अप्रैल 2021 को बाबासाहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती मनाई गई। आईआईएमसी अमरावती को 'शुक्रवार संवाद' के तहत एक विशेष व्याख्यान की मेजबानी करने का सम्मान प्राप्त हुआ। 'शुक्रवार संवाद' आमतौर पर आईआईएमसी दिल्ली के आउटरीच विभाग द्वारा आयोजित किया जाता है। इस अवसर पर प्रख्यात विचारक और साप्ताहिक विवेक – मुंबई के संपादक श्री रमेश पतंगे को मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया। आईआईएमसी, दिल्ली में प्रकाशन विभाग के प्रमुख और कम्युनिकेटर पत्रिका के संपादक, प्रो. (डॉ.) वी. के. भारती ने इस कार्यक्रम की अध्यक्षता की।
- 1 मई 2021 को महाराष्ट्र दिवस के अवसर पर, महाराष्ट्र टाइम्स के प्रख्यात संपादक और राज्यसभा के पूर्व सदस्य डॉ. भरत कुमार राउत को विशेष व्याख्यान के लिए आमंत्रित किया गया। डॉ. सुधीर गव्हाणे, पूर्व उपकुलपति, एमजीएम विश्वविद्यालय, औरंगाबाद और वाईसीएमओयू नासिक ने इस सत्र की अध्यक्षता की। गूगल मीट

और फेसबुक लाइव के माध्यम से 250 से भी अधिक मीडिया शिक्षकों, पत्रकारों और विद्यार्थियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया।

- आईआईएमसी अमरावती ने आईआईएमसी के सभी परिसरों और पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों के लिए दक्षिण मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र (एससीजेडसीसी), नागपुर के सहयोग से 'कल्चरल रिपोर्टिंग' पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला के लिए कुल 128 छात्र पंजीकृत हुए और एससीजेडसीसी द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। भारतीय संस्कृति के प्रति जागरूकता पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी हुई। कुछ राज्यों - महाराष्ट्र, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और आंध्र प्रदेश की संस्कृति को दिलचस्प ऑडियो विजुअल के साथ प्रस्तुत किया गया।
- आईआईएमसी मराठी पत्रकारिता के विद्यार्थियों का प्रतिदिन अखबार प्रेस में फील्ड दौरा हुआ, जहां मराठी पत्रकारिता के विद्यार्थियों ने सीखा कि प्रेस में समाचार पत्र कैसे प्रकाशित होता है। साथ ही, इन्होंने इसकी छोटी छोटी बारीकियों और प्रिंट मीडिया में इसके महत्व के विषय में भी जाना।

आईआईएमसी जम्मू परिसर, जम्मू एवं कश्मीर

देश के अन्य हिस्सों में अपनी पहुंच का विस्तार करते हुए, आईआईएमसी ने 2012-13 के दौरान जम्मू में अपना नया क्षेत्रीय परिसर भी स्थापित किया।

Regional Director Prof Rakesh Goswami inspected construction work at the site of new campus coming up at Keran, Bantalab in Jammu.

जम्मू और कश्मीर सरकार ने आईआईएमसी को शैक्षणिक सुविधाओं और विद्यार्थियों के छात्रावास तथा गेस्ट हाउस के लिए किराया रहित आवास प्रदान किया। राज्य सरकार द्वारा संस्थान को आवंटित 15 एकड़ जमीन पर स्थायी परिसर का निर्माण किया जा रहा है। परिसर के वर्ष 2022 के भीतर पूरा हो जाने की संभावना है।

भारतीय जन संचार संस्थान, जम्मू परिसर का उद्देश्य मीडिया शिक्षा के लिए वैश्विक मानकों को स्थापित करना, ज्ञान आधारित सूचना समाज के निर्माण हेतु अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी का उपयोग कर अनुसंधान करना, मानव विकास, शक्तिकरण और एक ऐसे सहभागितापूर्ण लोकतंत्र में योगदान देना है, जो अनेकता, सार्वभौमिक मूल्यों और नैतिकता पर टिका हुआ हो। इसका उद्देश्य सीखने और काम करने के लिए एक सक्रिय माहौल तैयार करना है, जो नए विचारों, रचनात्मकता, अनुसंधान, विद्वता को पोषित करे और मास मीडिया, संचार तथा जन संचार के क्षेत्र में मार्गदर्शकों और अन्वेषकों को तैयार करता हो।

प्रमुख गतिविधियां

- जम्मू परिसर में गणतंत्र दिवस मनाया गया। समारोह के दौरान शैक्षणिक व गैर-शैक्षणिक कर्मचारी मौजूद थे।

Independence Day celebrated at IIMC Jammu campus. Regional Director Rakesh Goswami hoisted Indian flag

- 16 फरवरी, 2021 को आईआईएमसी जम्मू में देवी सरस्वती की पूजा कर बसंत पंचमी का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर शैक्षणिक व ग़ैर-शैक्षणिक कर्मचारियों ने प्रार्थना की।

- भारतीय जन संचार संस्थान, जम्मू में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत 28 जनवरी, 2021 को एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्टाफ के सदस्यों ने बेसहारा बच्चों के एक धर्मार्थ गृह,*बालग्राम* का दौरा किया। बच्चों ने आईआईएमसी स्टाफ की उपस्थिति में स्वच्छता की शपथ ली और सफाई तथा स्वच्छता के महत्व को समझा। अंत में उन्हें मिठाई व उपहार बांटे गए।
- क्षेत्रीय निदेशक द्वारा नए परिसर के निर्माण कार्य का नियमित रूप से निरीक्षण किया जाता है, जो जम्मू में केरण, बणतालाब में बनाया जा रहा है। साइट इंजीनियरों को निर्माण कार्य समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं।
- आईआईएमसी जम्मू परिसर में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। क्षेत्रीय निदेशक डॉ. राकेश गोस्वामी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और देश के गौरवशाली अतीत पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर संकाय सदस्य श्री संजीत खजूरिया, श्री अनुभव माथुर एवं सुश्री राविया गुप्ता सहित परिसर के समस्त कर्मचारी उपस्थित थे।
- फरवरी 2021 में प्रो. (डॉ.) राकेश गोस्वामी आईआईएमसी, जम्मू के क्षेत्रीय निदेशक के रूप में नियुक्त हुए। निर्वतमान क्षेत्रीय निदेशक श्री मनोहर खजूरिया के लिए एक विदाई समारोह आयोजित किया गया, जिसमें शैक्षणिक कर्मचारियों ने संस्थान में उनके योगदान को याद किया।
- वर्तमान शैक्षणिक सत्र में आईआईएमसी जम्मू के पुस्तकालय में 130 से अधिक नई पुस्तकें आई। कुछ पुस्तकें आईआईएमसी दिल्ली के पुस्तकालय द्वारा दान की गई थीं। खरीदी गई पुस्तकों में हिंदी में प्रकाशित लोकप्रिय पुस्तकें भी शामिल हैं। कर्मचारियों और विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन के लिए विभिन्न विषयों पर पुस्तकें खरीदी गईं।

आईआईएमसी कोट्टयम परिसर, केरल

दक्षिण भारत में भारतीय जन संचार संस्थान का क्षेत्रीय परिसर सन् 1995 में, लैटर्स, लेटेक्स और झीलों की धरती कोट्टयम में स्थापित किया गया। यह श्रमजीवी पत्रकारों, जनसंपर्क पेशेवरों और राज्य सूचना अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से स्थापित किया गया था। वर्ष 2012 में, पहली बार आईआईएमसी, कोट्टयम ने अपने दरवाज़े अंग्रेजी पत्रकारिता में स्नातकोत्तर कार्यक्रम की शुरुआत के साथ स्नातक विद्यार्थियों के लिए खोले। तब से आईआईएमसी, कोट्टयम लगातार प्रतिबद्धता, गुणवत्ता के साथ, उद्योग के अनुकूल पत्रकारिता प्रतिभाएं तैयार कर रहा है।

वर्ष 2017 में, क्षेत्रीय परिवेश में पत्रकारिता प्रशिक्षण में नए गुणवत्ता मानक स्थापित करने के उद्देश्य से क्षेत्रीय परिसर में मलयालम पत्रकारिता में स्नातकोत्तर कार्यक्रम शुरू किया गया। यह मलयालम माध्यम में पहला पत्रकारिता पाठ्यक्रम है, जिसमें राष्ट्रीय स्तर पर भाषाई माध्यमों में गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण प्रदान करने पर विशेष ध्यान दिया गया है। इस पाठ्यक्रम ने अच्छी-खासी प्रतिष्ठा हासिल की है, क्योंकि इसके उत्तीर्ण छात्र देश के प्रमुख मीडिया समूहों में कार्यरत हैं।

वर्ष 2019 में, कोट्टयम से लगभग 12 किमी दूर पंपडी में 10 एकड़ के हरे-भरे क्षेत्र में आईआईएमसी के नए और स्थायी दक्षिणी क्षेत्रीय परिसर का कामकाज शुरू हुआ। यह एक आवासीय परिसर है, जिसमें एक अकादमिक सह प्रशासनिक ब्लॉक, छात्रावास, अतिथि गृह, स्टाफ क्वार्टर और अन्य सुविधाएं मौजूद हैं।

नए परिसर के साथ, आईआईएमसी कोट्टयम सार्वजनिक तथा निजी क्षेत्र के संचार पेशेवरों के लिए कुछ नए अल्पकालिक पाठ्यक्रमों की शुरुआत करके अपना क़द बढ़ाने की परिकल्पना करता है। आने वाले वर्षों में, आईआईएमसी, कोट्टयम दक्षिण भारत में जन संचार और मीडिया प्रशिक्षण का मुख्य केंद्र बनने की आकांक्षा रखता है।

गतिविधियां/उपलब्धियां

कोविड -19 महामारी के कारण, नए शैक्षणिक सत्र ज्यादातर ऑनलाइन मोड में आयोजित किए गए थे। विद्यार्थियों को विशेषज्ञों द्वारा अभिविन्यास व्याख्यान और वर्णनात्मक सत्रों के संयोजन के ज़रिए पत्रकारिता तथा जनसंचार की बारीकियों से अवगत कराया गया। इन-हाउस फैकल्टी द्वारा नियमित कक्षाओं के अलावा, विद्यार्थियों को पेशे की सम्पूर्ण समझ प्रदान करने के लिए कई कार्यशालाओं और संवादपूर्ण सत्रों की व्यवस्था भी की गई, जिसमें निम्न शामिल हैं:

- श्रीमती नीता नटराज, कॉर्पोरेट ट्रेनर और आईईएलटीएस परीक्षक द्वारा मलयालम पत्रकारिता में स्नात्कोत्तर डिप्लोमा के 2020-2021 बैच के लिए *इफैक्टिव कम्यूनिकेशन* पर तीन दिवसीय कार्यशाला।
- मलयालम पत्रकारिता में स्नात्कोत्तर डिप्लोमा के 2020-2021 बैच के लिए डॉ. पद्मकुमार, एसोसिएट प्रोफेसर, मणिपाल विश्वविद्यालय द्वारा *पर्सुएसिव रेडियो प्रोडक्शंस* पर तीन दिवसीय कार्यशाला
- सभी विद्यार्थियों ने ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम, 'इंट्रोडक्शन टु डिजिटल जर्नलिज़्म' सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है, जो रॉयटर्स द्वारा करवाया गया था।
- विद्यार्थियों को प्रतिष्ठित व्यक्तियों - शिक्षाविदों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, वैज्ञानिकों, विद्वानों और विभिन्न विषयों के विशेषज्ञों से बातचीत करने और जुड़ने के अवसर प्रदान करने के उद्धेश्य से स्कॉलर-इन-कैंपस कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

- **गणतंत्र दिवस** - 26 जनवरी, 2021 को क्षेत्रीय निदेशक द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। कार्यक्रम में उप निदेशक एवं अन्य कर्मचारियों ने भी भाग लिया।
- **राष्ट्रीय युवा दिवस** - 12 जनवरी, 2021 को स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित एक समारोह में स्वामी विवेकानंद और उनके प्रेरक संदेशों को याद किया गया।

- **अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस** - 21 जून, 2020 को योगा प्रोटोकॉल के अनुसार कर्मचारियों द्वारा अपने घर में मनाया गया।
- **गुरुवंदनम् कार्यक्रम** की शुरुआत विद्यार्थियों द्वारा गुरुओं, जो ज्ञान की दुनिया से उनका परिचय करवाते हैं, के प्रति सम्मान व्यक्त करने के उद्देश्य से की गई ।
- **'नो अवर लैंग्वेज'** कार्यक्रम की शुरुआत केरल से बाहर के विद्यार्थियों को मलयालम में बुनियादी संचार कौशल प्रदान करने के उद्देश्य से की गई।
- स्वच्छ भारत पखवाड़े के तहत क्षेत्रीय निदेशक द्वारा कर्मचारियों और संकाय सदस्यों को स्वच्छता शपथ दिलाई गई। साथ ही, क्षेत्रीय निदेशक एवं उप निदेशक के नेतृत्व में प्रशासनिक विभाग ने परिसर में सफाई अभियान चलाया, जिसमें परिसर में फैले प्लास्टिक कचरे को हटाकर परिसर में पौधे रोपे गए। पखवाड़े के हिस्से के रूप में, संस्थान ने अंग्रेजी और मलयालम पत्रकारिता के विद्यार्थियों के लिए संबंधित विषयों पर निबंध लेखन, पोस्टर डिजाइनिंग आदि जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया।

- 28 फरवरी 2021 को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर प्रिंट मीडिया के ज़रिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी संचार में उत्कृष्ट योगदान देने के लिए, क्षेत्रीय निदेशक और अकादमिक प्रमुख डॉ. एस. अनिल कुमार को राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किया गया।
- क्षेत्रीय निदेशक और अकादमिक प्रमुख डॉ. एस. अनिल कुमार को विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार द्वारा विज्ञान मीडिया और पत्रकारिता में उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए राजेंद्र प्रभु प्रशंसा शील्ड से सम्मानित किया गया।
- डॉ. एस. अनिल कुमार को जनवरी 2021 में सर्वश्रेष्ठ विज्ञान पत्रकार के लिए केरल राज्य पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया
- दिसंबर, 2020 में सुश्री आशिक़ा सुल्ताना, अकादमिक सहयोगी, ने इंडोनेशिया के युवा संचार दिवस पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुतकर्ता का पुरस्कार जीता।
- डॉ. एस.अनिलकुमार, क्षेत्रीय निदेशक और अकादमिक प्रमुख, ने पुस्तक 'पत्र चरित्रतिंते 100 वर्षांगल' (मलयालम प्रेस के 100 वर्ष) का लेखन और प्रकाशन किया है। उन्होंने मलयालम भाषा में एक प्रेरक पुस्तक, सुदर्शनम् भी लिखी है।
- श्री ए. चन्द्रशेखर, सहायक प्रोफेसर, ने 'मलयाला सिनेमा ईले अदुक्कला' (मलयालम सिनेमा में रसोईघर का चित्रण) लिखी है। उन्होंने एक मोनोग्राफ, फेक न्यूज एण्ड डेमोक्रेसी का संपादन और प्रकाशन भी किया है।
- सुश्री आशिक़ा सुल्ताना, अकादमिक सहायक, ने अकादमिक प्रोविंस द्वारा प्रकाशित पुस्तक, इमर्जिंग ट्रेंड्स इन फाइनेंस, मार्केटिंग एंड ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट नामक पुस्तक में, "इमर्जिंग ट्रैंड्स इन एडवर्टाइज़िंग एंड मार्केटिंग: अ न्यू वेव अमिड्स्ट कोविड 19 पैन्डॅमिक'' शीर्षक से एक अध्याय का योगदान दिया है।
- सुश्री आशिक़ा सुल्ताना, अकादमिक सहयोगी ने यूथ कम्यूनिकेशन डे इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस, इंडोनेशिया (दिसम्बर, 2020) में "इम्पैक्ट ऑफ़ ऑनलाइन एडवर्टाइज़िंग एंड द यूज़ ऑफ़ कॉस्मैटिक प्रोडक्ट्स: अ स्टडी ऑन द इंफ़्लुएंस ऑफ़ ऑनलाइन एडवर्टाइज़मेंट्स एंड चेंज इन द पर्चेज़िंग बिहेवियर ऑफ़ वीमेन इन केरला'' पर एक शोध-पत्र प्रस्तुत किया।
- सुश्री आशिक़ा सुल्ताना, अकादमिक सहयोगी ने जकार्ता कम्युनिकेशन कॉन्फ्रेंस, इंडोनेशिया (मार्च 2021) में "डिजिटल कम्युनिकेशन इन पोस्ट पैन्डॅमिक टाइम्स: इम्पैक्ट ऑन इंडियन यूथ'' शीर्षक पर एक शोध पत्र भी प्रस्तुत किया
- सुश्री सारण्या पी.एस., अकादमिक शिक्षण सहयोगी ने अंग्रेज़ी भाषा, साहित्य और अनुवाद अध्ययन (आईजेईएलआर) की अंतर्राष्ट्रीय पत्रिका में ''इंडियन आचाराज़ एण्ड साइंटिफ़िक रीज़ंस: ऑडिएंस

एनालिसिस ऑन द साइंटिफ़िक अंडरस्टैंडिंग एंड प्रैक्टिसिंग ऑफ़ इंडियन कस्टम्स एंड रिचुअल्स'' शीर्षक से एक पत्र प्रकाशित किया है।

- समाचार पत्रों और पत्रिकाओं के लिए लिखने, संपादित करने और डिज़ाइन करने हेतु प्रशिक्षण के तहत, आईआईएमसी कोट्टयम के विद्यार्थियों ने अंग्रेजी के साथ-साथ मलयालम - क्रमशः आईआईएमसी वॉइस और एज़ुथोला - में कई लैब जर्नल डिजाइन और प्रकाशित किए।

भविष्य के लिए योजना

संस्थान की योजना अपने सहयोगी नेटवर्क को बढ़ाने की है, जिससे अन्य शैक्षणिक संस्थानों और विश्वविद्यालयों के साथ आवश्यक संपर्क बनाया जा सके। संचार क्षेत्र के विभिन्न मुद्दों, चुनौतियों और समाधानों को कवर करने वाली एक द्विभाषी शोध पत्रिका भी पाइपलाइन में है। सामुदायिक रेडियो स्टेशन को पूर्ण रूप से स्थापित करने की आवश्यकता है। नए स्थायी परिसर और डीम्ड टु बी यूनिवर्सिटी के दर्जे के साथ, आईआईएमसी कोट्टयम एक ज्ञान-संचालित सूचना समाज के निर्माण की दिशा में अपने सपने को पूरा करने और जन संचार तथा मीडिया प्रशिक्षण के क्षेत्र में एक उत्कृष्ट संस्थान की कसौटी पर खरा उतरने की दिशा में काफ़ी आगे जाएगा।

अल्पकालीन पाठ्यक्रमों, कार्यशालाओं, संगोष्ठियों तथा सम्मेलनों का आयोजन

भारत और अन्य विकासशील देशों के संदर्भ में जनसंचार से संबंधित विभिन्न मुद्दों की बेहतर समझ पैदा करने में योगदान देने हेतु और विभिन्न क्षेत्रों के कर्मचारियों को उभरते हुए रुझानों तथा तकनीकों से परिचित कराने और उनके कौशल को निखारने के लिए संस्थान संचार से संबंधित विभिन्न विषयों पर अल्पकालीन पाठ्यक्रमों, कार्यशालाओं, संगोष्ठियों और सम्मेलनों का आयोजन करता रहा है। संस्थान सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के विभिन्न मीडिया यूनिटों के कर्मचारियों के लिए भी नियमित रूप से अल्पकालिक शैक्षिक कार्यक्रमों का आयोजन करता रहता है।

विकास पत्रकारिता

सन् 1969 में, आईआईएमसी ने अफ्रीकी-एशियाई देशों के मिडिल लेवल के श्रमजीवी पत्रकारों के लिए एक प्रमुख अन्तर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम, विकासशील देशों के लिए पत्रकारिता में स्नात्कोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम की शुरुआत की, जिसका उद्देश्य समाचार कवरेज में असन्तुलन व विकृति के संदर्भ में गुटनिरपेक्ष देशों की आवश्यकताओं को पूरा करना था। यह भारत सरकार की आइटेक योजनाओं के अन्तर्गत प्रमुख पाठ्यक्रमों में से एक है। विकास पत्रकारिता पाठ्यक्रम विकास के एक उपकरण के रूप में संचार के उपयोग के क्षेत्र में, खासतौर पर विकासशील जगत के देशों के बीच अनुभव, विशेषज्ञता और नवाचारों के आदान-प्रदान के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय सहयोग और समझ को बढ़ावा देने की दिशा में एक प्रयास है। इन वर्षों के दौरान, आईआईएमसी वर्णानुक्रम में अफ़गानिस्तान से लेकर ज़िम्बाब्वे तक, 127 देशों के 1,706 से अधिक विदेशी पत्रकारों को प्रशिक्षित कर चुका है।

वर्ष 2020-21 के दौरान, कोविड-19 महामारी के कारण विभिन्न प्रतिबंधों, विशेष रूप से यात्रा और वीजा प्रतिबंधों के कारण आईआईएमसी में विकास पत्रकारिता विभाग कोई पाठ्यक्रम संचालित नहीं कर सका।

अल्पकालीन पाठ्यक्रम विभाग

भारतीय जन संचार संस्थान संचार और मीडिया से संबंधित विभिन्न विषयों पर विभिन्न प्रकार के अल्पकालीन पाठ्यक्रम आयोजित करता रहा है। एक सप्ताह से लेकर चार सप्ताह तक की अवधि के ये विशेष अल्पकालीन पाठ्यक्रम सशस्त्र बलों के अधिकारियों, विभिन्न राज्यों के पुलिस कर्मियों और केंद्र व राज्य सरकारों तथा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के विभिन्न मीडिया और प्रचार संगठनों में काम करने वालों की व्यावसायिक प्रशिक्षण आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं। मीडिया से संबंधित विभिन्न संगठनों की प्रशिक्षण आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए संस्थान द्वारा हर साल लगभग आठ से दस ऐसे पाठ्यक्रम संचालित किए जाते हैं।



इन अल्पकालीन पाठ्यक्रमों में प्रतिभागियों को उनकी आवश्यकताओं के अनुसार व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने के लिए अकादमिक और मीडिया उद्योग के प्रख्यात वक्ताओं के विभिन्न सत्र शामिल होते हैं। अपनी स्थापना के बाद से, संस्थान ने 700 से अधिक ऐसे पाठ्यक्रमों का आयोजन किया है और भारत तथा दूसरे देशों से लगभग 15,000 व्यक्तियों को प्रशिक्षित किया है।

पिछले शैक्षणिक वर्ष में महामारी के बावजूद, भारतीय जन संचार

संस्थान ने पाठ्यक्रम निदेशक प्रो. (डॉ.) राजेश कुमार की देखरेख में छह मीडिया और संचार पाठ्यक्रमों का आयोजन किया। ये पाठ्यक्रम, अल्पकालीन पाठ्यक्रम विभाग की टीम के साथ मिलकर, पाठ्यक्रम समन्वयक डॉ. विष्णुप्रिया पांडे द्वारा डिज़ाइन, समन्वित और संचालित किए गए। चालू शैक्षणिक वर्ष में ऐसे आठ पाठ्यक्रम नियोजित किए गए हैं।

समग्र मीडिया परिदृश्य से शुरू होकर, इन मीडिया और संचार पाठ्यक्रमों के प्रतिभागी मीडिया प्रबंधन व स्वामित्व प्रतिमान, सोशल मीडिया पारिस्थितिकी तंत्र, मीडिया जगत के नए रुझान, डिजिटल युग में मीडिया प्रबंधन, तथ्य जांच, प्रभावी जनसंपर्क के उपकरणों को समझना, प्रेस विज्ञप्ति के कारक, ऑनलाइन मॉक प्रेस कॉन्फ्रेंस, डिजिटल मीडिया और उभरती प्रौद्योगिकियों और मीडिया के लिए संचार तथा सामग्री सृजन का भारतीय परिप्रेक्ष्य, जैसे सत्रों में भाग लेते हैं। वर्ष 2020-21 के दौरान निम्नलिखित पाठ्यक्रम आयोजित किए गए:

- मीडिया और स्टाफ नियुक्ति/जन-संपर्क अधिकारी/प्रशिक्षक विषयों पर अधिकारियों के लिए तीन सप्ताह का **मीडिया और संचार** कार्यक्रम आयोजित किया गया (23-11 दिसंबर 2020)। इसमें 12 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।
- वरिष्ठ अधिकारियों (ब्रिगेडियर/कर्नल/समकक्ष) के लिए दो सप्ताह का **मीडिया और संचार पाठ्यक्रम** (11-22 जनवरी 2021) आयोजित किया गया, जिसमें 18 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।
- मीडिया और स्टाफ नियुक्ति/जन-संपर्क अधिकारी/प्रशिक्षक पर अधिकारियों के लिए तीन सप्ताह (1-19 फरवरी, 2021) का **मीडिया और संचार** कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें 17 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।
- मीडिया और स्टाफ नियुक्ति/जन-संपर्क अधिकारी/प्रशिक्षक पर अधिकारियों के लिए तीन सप्ताह (1-19 फरवरी 2021) का **मीडिया और संचार** कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें 17 प्रतिभागियों ने कार्यक्रम में भाग लिया।
- भारतीय आर्थिक सेवा, समूह ए, बैच 2019 के प्रशिक्षु अधिकारियों के लिए मीडिया और संचार पाठ्यक्रम पर एक सप्ताह (1-5 मार्च, 2021) का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें 30 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।
- 18 फरवरी 2021 को पंजाब पुलिस अकादमी के डिप्टी एसएसपी के लिए पुलिस मीडिया इंटरफेस मॉड्यूल पर आधे दिन का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें 26 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।
- मध्यम स्तर के अधिकारियों (मेजर/लेफ्टिनेंट कर्नल/समकक्ष) के लिए मीडिया और संचार पाठ्यक्रम पर दो सप्ताह (8-19 मार्च 2021) का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें 18 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

संचार अनुसंधान विभाग

संचार अनुसंधान विभाग संस्थान के अनुसंधान एजेंडा के अभिन्न अंग के रूप में संचार और मीडिया के सुनियोजित अध्ययन पर ध्यान केंद्रित करता है। विभाग के प्रयास सरकार की मास मीडिया नीतियों और संचार कार्यक्रमों के विश्लेषण की ओर निर्देशित हैं, जिससे प्रमुख विकास मुद्दों पर इन नीतियों और कार्यक्रमों के प्रभाव का आकलन किया जा सके। पिछले 54 वर्षों में विभिन्न विषयों पर 200 से अधिक शोध अध्ययनों के साथ, विभाग ने संचार में अनुसंधान के लिए एक मानक स्थापित किया है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय और मूल्यांकन विभाग के अनुसंधान कार्यक्रम की एक सतत् विशेषता है।

विभाग पेशेवर संचारकों, शिक्षाविदों और शोधकर्ताओं के सहयोग से काम करता है, जो विभाग के नेतृत्व में अनुसंधान पहलों तथा प्रशिक्षण कार्यशालाओं में सहयोग करते हैं।

वर्ष 2020-21 के दौरान विभाग द्वारा की गई प्रमुख अनुसंधान गतिविधियाँ निम्नलिखित हैं:

राष्ट्रीय अनुसंधान परियोजनाएं

*1) **स्वास्थ्य साक्षरता के संबंध में टीवी के स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रभावशीलता:*** स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित ***लोकसभा टीवी के स्वस्थ भारत कार्यक्रम के प्रभाव का मूल्यांकन।***

इस अध्ययन ने टेलीविजन पर *स्वस्थ भारत* कार्यक्रम की प्रभावशीलता का एक ऐसे वातावरण में पता लगाया, जब विभिन्न मीडिया मंचों द्वारा स्वास्थ्य से संबंधित सूचनाओं की भरमार पेश की जा रही है। यह अध्ययन इस बात का मूल्यांकन करने की दृष्टि से महत्वपूर्ण है कि टेलीविजन पर प्रसारित होने वाले स्वास्थ्य कार्यक्रम दर्शकों की स्वास्थ्य साक्षरता पर कोई प्रभाव डालते हैं या नहीं। इस प्रकार यह अध्ययन यह समझने में मदद करेगा कि क्या स्वास्थ्य-स्थिति

का पता लगाने के तरीकों, रोकथाम, सुरक्षा और स्वास्थ्य की स्थिति में सुधार के लिए एकत्रित ज्ञान के उपयोग को लेकर दर्शकों व ग़ैर-दर्शकों के ज्ञान के स्तर में कोई फ़र्क है। इस अध्ययन के निष्कर्षों का उद्देश्य दर्शकों की संख्या तथा प्रभावशीलता बढ़ाने के लिए कार्यक्रम सामग्री और/या *स्वस्थ भारत* शो के प्रारूप में किसी आवश्यक बदलाव का सुझाव देना है।

अध्ययन के उद्देश्य

1. स्वास्थ्य स्थितियों के बारे में जानकारी के स्रोत के रूप में *स्वस्थ भारत* जैसे टेलीविजन आधारित कार्यक्रमों की वरीयता का आकलन करना।
2. *स्वस्थ भारत* शो में स्वास्थ्य स्थितियों के बारे में सम्प्रेषण की प्रभावशीलता का निम्न आधार पर आकलन करना:
   - जिन स्वास्थ्य स्थितियों पर एपिसोड के दौरान चर्चा की गई हो, उनसे संबंधित स्वास्थ्य जानकारी पर दर्शकों की समझ व स्मृति।
   - *स्वस्थ भारत* के एपिसोड देखने के बाद दर्शकों की सावधानी, स्वीकृति, रवैये (और व्यवहार) में बदलाव।
   - कार्यक्रम में सामग्री की उपयोगिता पर प्रतिक्रिया।
   - सूचना के प्रस्तुतिकरण तथा भाषण शैली के प्रारूप की कथित प्रभावशीलता।
3. सामग्री और प्रस्तुति की शैली में सुधार हेतु दर्शकों की टिप्पणियों और सुझावों पर खुले प्रश्नों के आधार पर *स्वस्थ भारत* शो में स्वास्थ्य की स्थिति के बारे में संचार की किसी भी प्रभावशीलता का पता लगाना।
4. स्वास्थ्य प्रभावों के संदेश सकारात्मक शब्दों या नकारात्मक शब्दों में तैयार करने की प्रबलता की पहचान करना।
5. किसी बीमारी की विशिष्ट स्थिति के सकारात्मक बनाम नकारात्मक विवरण की पहचान करके लक्षण निर्धारण का आकलन करना।
6. किसी कार्य या सलाह को करने/मानने या न करने/मानने के परिणाम के रूप में लाभ या हानि (लाभ और लागत) की पहचान करके लक्ष्य निर्धारण का आकलन करना।
7. निवारक स्वास्थ्य व्यवहार को बढ़ावा देने में सलाह की प्रबलता के आधार पर संदेश निर्माण का आकलन करना।

अध्ययन के परिणाम

1. अनुसंधान दर्शाते हैं कि सक्रिय संचार चैनल, जैसे परस्पर संवाद, समाचार पत्र और इंटरनेट सेवा, ठोस स्वास्थ्य धारणाएं रखने और सक्रिय स्वास्थ्य सूचना चाहने वालों के लिए जानकारी प्राप्त करने के प्राथमिक स्रोत हैं। इसके विपरीत, टेलीविजन और रेडियो जैसे निष्क्रिय उपभोग चैनल उन व्यक्तियों के लिए स्वास्थ्य सूचनाओं के प्राथमिक स्रोत होते हैं, जो आमतौर पर स्वास्थ्य के प्रति कुछ खास सजग नहीं होते।
2. विभिन्न आयु वर्गों, जेंडर, शिक्षा के स्तरों तथा रोज़गार-स्थिति वाले 297 व्यक्तियों के सर्वेक्षण के परिणाम, स्पष्ट बहुमत के साथ सभी नौ राज्यों के उत्तरदाताओं के पिछले शोध के साथ मेल खाते हैं, जिन्होंने बताया था कि वे स्वास्थ्य संबंधी जानकारी के लिए सबसे पहले अपने परिवार तथा दोस्तों के साथ हुई बातचीत और उसके बाद अखबारों तथा टेलीविजन पर भरोसा करते हैं।
3. इस अध्ययन के परिणामों, जिनका उद्देश्य *स्वस्थ भारत* टेलीविजन कार्यक्रम देखने से पहले और बाद में विशिष्ट स्वास्थ्य स्थितियों के बारे में उत्तरदाताओं के ज्ञान को मापना था, में पाया गया कि कुल मिलाकर और सामान्यत: कार्यक्रम को देखने के बाद वास्तव में उत्तरदाताओं के जागरूकता या ज्ञान के स्तर में वृद्धि हुई थी।

2) सुरक्षित तथा वैध प्रवास पर मास मीडिया अभियान का मूल्यांकन तथा प्रभाव का आकलन, *विदेश मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा शुरु किया गया*

इस अध्ययन का उद्देश्य वर्ष 2009 में विदेश मंत्रालय द्वारा शुरू किए गए सुरक्षित तथा वैध प्रवास अभियान की पहुंच और प्रभावशीलता का मूल्यांकन और विश्लेषण करना है। प्रत्येक क्षेत्र में ईसीआर श्रेणी के प्रवासियों की उच्च दर वाले राज्यों का चयन किया गया है और इस उद्देश्य के लिए प्राथमिक शोध किया गया है। अभियान की उपयुक्तता को समझने के लिए, विदेश मंत्रालय की वेबसाइट और अन्य स्रोतों, जैसे भारतीय पाठक सर्वेक्षण (आईआरएस), ऑडिट ब्यूरो ऑफ सर्कुलेशन (एबीसी) तथा वर्ष 2011 की जनगणना के ईसीआर डेटा के आधार पर मीडिया योजना विश्लेषण किया गया है।

अध्ययन का उद्देश्य

इस शोध का व्यापक उद्देश्य देश के विभिन्न क्षेत्रों में लक्षित आबादी के बीच मीडिया चयन और एक्सपोज़र का अनुमान लगाकर मीडिया अभियान की पहुंच का आकलन करना और साथ ही लक्षित दर्शकों के बीच अभियान के संदेशों की याददाश्त तथा अमल को मापकर अभियान की प्रभावशीलता का आकलन करना था। इस शोध के दो प्राथमिक उद्देश्य निम्नलिखित थे:

1. आठ भारतीय/क्षेत्रीय भाषाओं में अभियान के विज्ञापनों की प्रभावशीलता का आकलन करना।

इस उद्देश्य के तहत, अध्ययन निम्नलिखित कारकों का विश्लेषण करता है: अ) विदेश मंत्रालय की मीडिया योजना के मद्देनज़र लक्षित दर्शकों की मीडिया प्रवृत्ति व मीडिया प्राथमिकताएं, ब) लक्षित दर्शकों की सिफारिश के अनुसार अभियान, विज्ञापन सामग्री, अभियान संदेश और इसके वितरण हेतु लगाए गए मीडिया में परिवर्तन।

2. निम्न आधार पर अभियान की पहुँच का मूल्यांकन

- अभियान से भिज्ञता।
- लक्षित दर्शकों में अभियान, विज्ञापनों और संदेशों की याददाश्त व अमल।
- लक्षित दर्शकों में विज्ञापनों के संदेशों की समझ तथा उनके लिए इनकी उपयोगिता।
- लक्षित दर्शकों में आत्म–अनुभूति से इरादतन व्यवहार परिवर्तन।

अध्ययन के परिणाम

1. अध्ययन में पाया गया कि उनमें से लगभग सभी (98.1%) विभिन्न उद्देश्यों के लिए अपने मोबाइल फोन से इंटरनेट का उपयोग करते हैं। *सोशल नेटवर्क* के उपयोग में मोबाइल प्रौद्योगिकियों के लोकप्रिय होने के कारण हुई वृद्धि का खुलासा क्षेत्रीय अध्ययन से हुआ है; 70.2% उत्तरदाता अपने मोबाइल पर फेसबुक और व्हाट्सएप जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग करते हैं। 72.9% दर्शकों में टीवी तीसरा सबसे लोकप्रिय माध्यम है; प्रत्येक राज्य में टीवी दर्शकों की एक बड़ी संख्या पाई जाती है। उत्तरदाताओं की अखबार पढ़ने की आदतों के विश्लेषण से पता चलता है कि कुल मिलाकर 41.4% लोग अखबार पढ़ते हैं। इन निष्कर्षों के आधार पर, लोगों की मीडिया उपभोग की आदतों पर यह सुझाव दिया गया है कि व्हाट्सएप तथा फेसबुक जैसे लोकप्रिय मीडिया प्लेटफॉर्म को और ज़बरदस्त तरीके से तथा परंपरागत मीडिया अभियान के साथ तालमेल बिठाकर काम में लिया जाना चाहिए। इस संबंध में, प्रत्येक राज्य में लक्षित दर्शकों तक पहुंचने के लिए राज्य-विशिष्ट रणनीतियों की योजना बनाने की आवश्यकता है।
2. फील्ड से यह सामने आया है कि कई कारणों से प्रत्येक राज्य में अभियान से भिज्ञता का स्तर भिन्न है। क्षेत्रीय विविधता, सामाजिक-सांस्कृतिक, आर्थिक, शैक्षिक, जेंडर, आयु, धार्मिक, जनसांख्यिकीय और अन्य अन्तरों ने अभियान के प्रति इन राज्यों की भिज्ञता को प्रभावित किया है। सामाजिक-आर्थिक तथा जनसांख्यिकीय कारकों के अलावा, व्यक्तिगत पसंद, समाचार पत्र पढ़ने और टेलीविजन देखने की आदतों में कमी, टीवी देखने के लिए समय का चयन और विज्ञापन चलाने के लिए चुने गए समय में समानता न होना, ये कुछ ऐसे महत्वपूर्ण कारक हैं, जो उत्तरदाताओं के अभियान से अवगत होने/न होने का कारण हो सकते हैं। अध्ययन से पता चलता है कि कुल मिलाकर, सभी राज्यों में अभियान से अवगत उत्तरदाताओं की संख्या उन उत्तरदाताओं से कम है, जो अभियान से अवगत नहीं हैं।
3. इन राज्यों से बड़े पैमाने पर प्रवास के परिदृश्य को देखते हुए, अध्ययन ने प्रवास के पीछे प्रेरित और प्रभावित करने के विभिन्न कारकों का पता लगाने की कोशिश की। इस संबंध में, उत्तरदाताओं से विभिन्न राज्यों में विविध प्रतिक्रियाएं प्राप्त हुई हैं। हालांकि, विदेशी प्रवास का प्राथमिक कारक आर्थिक स्थिति पाया गया। शिक्षा का निम्न स्तर, जीवन यापन की कठिन स्थिति, बड़ा परिवार उन कुछ महत्वपूर्ण कारकों में से हैं, जो उनके द्वारा विदेश में रोजगार प्राप्त करने के कारणों के रूप में दिए गए। उत्तरदाताओं ने रोजगार की कमी, उच्च जीवन स्तर की संभावना जैसे कारणों को देश के बाहर नौकरी खोजने की प्रेरणा के रूप में भी उद्धृत किया। ये सभी कारक प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से आर्थिक आयाम से संबंधित हैं। अवगत (एक्सपोज्ड) समूह में, शिक्षा का निम्न स्तर तथा रहने की कठिन परिस्थितियां कई लोगों द्वारा उद्धृत कारण हैं। अनभिज्ञ समूह में, पारिवारिक प्रोत्साहन, बड़ा परिवार और उच्च जीवन स्तर की संभावना, उत्तरदाताओं द्वारा विदेश में काम करने के कारणों के रूप में दिए गए प्रमुख कारण हैं।
4. सोशल मीडिया पर विदेश मंत्रालय की उपस्थिति का विश्लेषण और ट्विटर, फेसबुक, इंस्टाग्राम और यूट्यूब जैसे लोकप्रिय प्लेटफॉर्म के माध्यम से प्रवासन के मुद्दे पर इसकी भागीदारी से पता चलता है कि विदेश मंत्रालय द्वारा पोस्ट और फॉलोअर्स के मामले में यूट्यूब और अन्य चुनिन्दा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वृद्धि देखी गई है। हालांकि, सुरक्षित वैध प्रवास के साथ इन प्लेटफॉर्म का जुड़ाव बहुत संतोषजनक नहीं है। इन सभी में से सुरक्षित तथा वैध प्रवास पर पोस्ट करने के मामले में ट्विटर अपेक्षाकृत बेहतर है।

स्नातकोत्तर डिप्लोमा/डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश

शैक्षणिक वर्ष 2020-21 के लिए निम्नलिखित स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश की प्रक्रिया ऑनलाइन पोर्टल, सोशल मीडिया आदि में इस संबंध में दिए गए एक विज्ञापन के प्रकाशन के साथ अगस्त 2020 में शुरू हुई, आवेदन पत्र जमा कराने की अंतिम तिथि 23 सितम्बर 2020 निर्धारित की गई थी। स्नात्कोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम निम्न हैं:

1. पत्रकारिता (हिन्दी) में स्नात्कोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम, दिल्ली
2. पत्रकारिता (अंग्रेज़ी) में स्नात्कोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम, दिल्ली, ढेंकनाल, आइज़ोल, अमरावती, जम्मू तथा कोट्टयम
3. विज्ञापन एवं जन-संपर्क में स्नात्कोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम, दिल्ली
4. रेडियो एवं टीवी पत्रकारिता में स्नात्कोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम, दिल्ली
5. पत्रकारिता (उड़िया) में स्नात्कोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम, ढेंकनाल
6. उर्दू पत्रकारिता में स्नात्कोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम, दिल्ली
7. मराठी पत्रकारिता में स्नात्कोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम, अमरावती

8. मलयालम पत्रकारिता में स्नात्कोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम, कोट्टयम

विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश परीक्षा में कुल 4621 उम्मीदवारों ने आवेदन किया।

उपरोक्त पाठ्यक्रमों के लिए अखिल भारतीय प्रवेश परीक्षा 18 अक्टूबर 2020 को एनटीए के माध्यम से रिमोट प्रॉक्टर्ड ऑनलाइन टेस्ट के आधार पर आयोजित की गई थी। सभी स्नात्कोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के अंतिम परिणाम 29 अक्टूबर 2020 को घोषित किए गए।

छात्रों के नए बैच के लिए ओरिएंटेशन सत्र 23 नवंबर से 26 नवंबर 2020 तक जारी रहे। जनसंचार के क्षेत्र के प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने ओरिएंटेशन सत्रों को संबोधित किया।

53वां वार्षिक दीक्षांत समारोह

कोविड -19 स्थिति के कारण शैक्षणिक वर्ष 2019-20 के लिए आईआईएमसी का 53 वां दीक्षांत समारोह आयोजित नहीं किया जा सका। स्नात्कोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के सभी छात्रों को 15 जुलाई 2021 को डिप्लोमा प्रमाण पत्र और विभिन्न पदक तथा पुरस्कार डाक से भेजे गए।

विभिन्न पाठ्यक्रमों के छात्रों द्वारा हासिल किए गए पुरस्कारों का विवरण संलग्नक ''ए'' में दिया गया है।

आईआईएमसी प्लेसमेंट सेल

भारतीय जन संचार संस्थान (आईआईएमसी) अपने विद्यार्थियों को नौकरी और इंटर्नशिप प्राप्त करने में मदद करता है। विद्यार्थियों को नौकरी और इंटर्नशिप की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए एक पारदर्शी तंत्र सुनिश्चित करने हेतु आईआईएमसी में एक प्लेसमेंट सेल बनाया गया है। यह प्रकोष्ठ आईआईएमसी के विभिन्न क्षेत्रीय परिसरों में पढ़ने वाले छात्रों सहित अधिकतम छात्रों के लिए कैंपस प्लेसमेंट सुनिश्चित करने का प्रयास करता है।

प्लेसमेंट सेल जिस भावना के साथ तैयार किया गया था, उसके कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए निम्नलिखित कदम उठाए गए:

- शैक्षणिक वर्ष 2020-21 के लिए नौकरी और इंटर्नशिप की योजना बनाने हेतु पाठ्यक्रम निदेशकों के साथ एक परामर्श बैठक आयोजित की गई।
- नौकरी और इंटर्नशिप दिशानिर्देश तैयार करने के लिए आधार तैयार किया गया।
- प्लेसमेंट प्रक्रिया में विद्यार्थियों की भागीदारी भी शामिल करने और नौकरी पाने में विद्यार्थियों को जिन अपेक्षाओं तथा चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, उन्हें जानने के लिए सभी पाठ्यक्रमों के कक्षा प्रतिनिधियों (सीआर) के साथ बैठकें की गईं।
- मीडिया, विज्ञापन, जनसंपर्क, अनुसंधान और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों से लगभग 100 कंपनियों का डेटाबैंक बनाया गया।
- टीसीएस और एडफैक्टर्स पीआर द्वारा छात्रों की भर्ती के साथ 2020-21 बैच के लिए प्लेसमेंट प्रक्रिया का पहला दौर शुरु हुआ।
- डीडी न्यूज, अमर उजाला डिजिटल, मल्टीपल स्क्लेरोसिस सोसाइटी ऑफ इंडिया (एमएसएसआई), इनशॉर्ट्स ('उड़िया विषय-वस्तु विशेषज्ञ'), मेट्रो रेल न्यूज (सिम्ब्रोज़ मीडिया पब्लिकेशन) और ईटीवी भारत सहित 2019-20 बैच के लिए नए भर्ती अनुरोधों हेतु समन्वय किया गया।

2020-21 प्लेसमेंट सीज़न के मुख्य अंश

नई दिल्ली सहित सभी क्षेत्रीय केंद्रों के कुल 350 विद्यार्थियों ने कैंपस भर्ती में भाग लिया। प्लेसमेंट सीजन के दौरान आईआईएमसी के विद्यार्थियों को कुल 187 नौकरी के प्रस्ताव दिए गए। अधिकतम सीटीसी 8.5 लाख रुपये प्रति वर्ष और औसत 4.5 लाख रुपये प्रति वर्ष पर रहा।

भर्ती अभियान में हिस्सा लेने वाले प्रमुख संगठन/कंपनियां:

आवास और शहरी मामलों का मंत्रालय	इनशॉर्ट्स
आयुष मंत्रालय	कन्जेन्सिस
सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय	एमएसएल (पब्लिसिस समूह)
राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम (एनटीपीसी)	इडलमैन
राष्ट्रीय खनिज विकास निगम (एनएमडीसी)	एक्सॅन्चर
प्रसार भारती	फर्स्ट ग्लोबल
ज़ी मीडिया	रीडिंग राइट
एचटी डिजिटल	सेवा भारत

55वां वार्षिक दिवस समारोह

संस्थान ने 17 अगस्त, 2020 को अपना 55वां वार्षिक दिवस मनाया, जो आईआईएमसी का 56वां स्थापना दिवस भी था। इस अवसर पर नई दिल्ली और संस्थान के सभी क्षेत्रीय परिसरों में समारोह आयोजित किए गए। स्थापना दिवस व्याख्यान श्री अमित खरे, सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार और अध्यक्ष, आईआईएमसी द्वारा दिया गया। श्री खरे ने 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) - दर्शन और मार्गदर्शक सिद्धांत' और

देश में संचार शिक्षा के लिए क्या महत्वपूर्ण है, इस विषय पर बात की।

स्वतन्त्रता दिवस समारोह

15 अगस्त 2020 को आईआईएमसी मुख्यालय और अन्य पांच क्षेत्रीय परिसरों में 74वां स्वतंत्रता दिवस बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। महानिदेशक, प्रो संजय द्विवेदी ने तिरंगा फहराया और विद्यार्थियों को समाज तथा राष्ट्र के प्रति मन में स्वामित्व की भावना उत्पन्न करने के लिए प्रेरित किया।

राजभाषा हिंदी का कार्यान्वयन

भारत सरकार की राजभाषा नीति के अनुरूप वर्ष के दौरान हिन्दी के प्रयोग में प्रगामी प्रगति करने के हरसंभव प्रयास किए गए। संस्थान के कर्मचारियों को अपने दैनिक सरकारी कामकाज में राजभाषा हिन्दी का अधिकाधिक प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। हिन्दी में काम करने की झिझक को दूर करने के लिए अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए हिन्दी कार्यशालाओं का आयोजन किया गया।

हिंदी कार्यशालाओं का आयोजन

- संस्थान में 22 सितम्बर 2020 को भारतीय सूचना सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों के लिए हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें श्री केवल कृष्ण को अतिथि वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया।
- संस्थान में 18 दिसंबर, 2020 को आयोजित हिंदी कार्यशाला में श्री कुमार पाल शर्मा, उप निदेशक, कार्यान्वयन, राजभाषा विभाग, उत्तरी क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय को अतिथि वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया था। इसमें आठ प्रतिभागियों ने भाग लिया।
- 8 मार्च 2021 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर संस्थान की महिला कर्मचारियों के लिए हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में इन्द्रप्रस्थ महिला महाविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. रेखा सेठी को अतिथि वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया। इस कार्यशाला में 32 महिला प्रतिभागियों ने भाग लिया।

हिन्दी पखवाड़ा

संस्थान में 14 से 28 सिंतबर, 2020 तक ''हिन्दी पखवाड़ा'' मनाया गया। इस दौरान निबंध प्रतियोगिता, हिन्दी टिप्पण एवं प्रारूप लेखन प्रतियोगिता, हिन्दी काव्य पाठ प्रतियोगिता, हिन्दी टंकण प्रतियोगिता जैसी विभिन्न गतिविधियों और प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन गतिविधियों और प्रतियोगिताओं में संकाय सदस्यों और कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। पुस्तकालय में हिन्दी पुस्तकों एवं पत्र-पत्रिकाओं की प्रदर्शनी आयोजित की गई। संस्थान के ढेंकनाल क्षेत्रीय परिसर में 14-18 सितंबर, 2020 तक ''हिन्दी सप्ताह'' मनाया गया। संस्थान के अन्य क्षेत्रीय परिसरों यानी आईजोल, अमरावती, जम्मू और कोट्टयम में 14 सितंबर, 2020 को ''हिन्दी दिवस'' मनाया गया।

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास) से जुड़ी गतिविधियां

भारतीय जन संचार संस्थान, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास) दक्षिण दिल्ली-3 का अध्यक्ष कार्यालय है। 26 नवम्बर, 2020 को नराकास की छमाही बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में 57 सदस्य कार्यालयों के कार्यालय प्रमुखों और प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

संसदीय राजभाषा समिति की आलेख एवं साक्ष्य उपसमिति का निरीक्षण

संसदीय राजभाषा समिति की आलेख एवं साक्ष्य उपसमिति द्वारा दिनांक 18.11.2020 को राजभाषा हिंदी के प्रयोग में हुई प्रगति की समीक्षा करने के लिए नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास) दक्षिण दिल्ली-3 के अध्यक्ष कार्यालय तथा इसके 9 सदस्य कार्यालयों के साथ बैठक की गई। नराकास दक्षिण दिल्ली-3 का अध्यक्ष कार्यालय होने के नाते भारतीय जन संचार संस्थान ने इस बैठक के आयोजन में समन्वय कार्य किया।

राजभाषा सम्मेलन

भारतीय जन संचार संस्थान की ओर से नराकास, दक्षिण दिल्ली-3 के तत्वावधान में 16 मार्च 2021 को राजभाषा सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह सम्मेलन संस्थान के महानिदेशक और नराकास, दक्षिण दिल्ली-3 के अध्यक्ष प्रो. संजय द्विवेदी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इस सम्मेलन के दौरान दो सत्रों का आयोजन किया गया। शुभारंभ सत्र में गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग में सचिव और भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी डॉ. सुमीत जैरथ मुख्य अतिथि रहे। इस सत्र को मुख्य वक्ता के तौर पर 'व्यंग्य यात्रा' के संपादक डॉ. प्रेम जनमेजय ने सम्बोधित किया। तकनीकी और समापन सत्र की मुख्य अतिथि प्रख्यात कथाकार, उपन्यासकार, दिल्ली विश्वविद्यालय की डॉ. अल्पना मिश्र रहीं। इस सत्र को राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय में उपनिदेशक श्री कुमार पाल शर्मा और राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय में ही सहायक निदेशक श्री रघुवीर शर्मा ने भी विशिष्ट अतिथि के तौर पर सम्बोधित किया। इस सम्मेलन में नराकास दक्षिण दिल्ली -3 के कुल 32 सदस्य कार्यालयों के 44 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस सम्मेलन को मीडिया में व्यापक कवरेज मिली।

राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकें

संस्थान की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकों का आयोजन प्रत्येक तिमाही में एक बार किया जाता है। ये बैठकें संस्थान के महानिदेशक की अध्यक्षता में संपन्न की जाती हैं। अप्रैल 2020 से मार्च 2021 तक संस्थान में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की चार बैठकें आयोजित की गईं।

कोविड-19 महामारी के कारण लगाए गए राष्ट्रव्यापी लॉकडाउन के कारण, 11 अगस्त, 2020 और 5 अक्टूबर, 2020 की बैठकें ऑनलाइन आयोजित की गईं। जबकि 21 दिसंबर, 2020 और 23 मार्च, 2021 की बैठकें ऑफलाइन आयोजित की गईं। इन बैठकों में हिन्दी के प्रगामी प्रयोग को बढ़ावा देने पर सार्थक चर्चा हुई।

बुनियादी ढांचा मज़बूत करना

संस्थान अपने विद्यार्थियों को क्षेत्र में उभरती चुनौतियों का आत्मविश्वास के साथ सामना करने में सक्षम बनाने के लिए पर्याप्त और उपयुक्त अवसंरचनाओं के निर्माण के लिए निरंतर प्रयास करता है। आईटी क्रांति के मद्देनजर तेज़ी से हो रहे बदलावों के कारण, इस उद्देश्य हेतु बनाए गए बुनियादी ढांचे को निरंतर उन्नत बनाने और मज़बूत करने की आवश्यकता है। इन विभिन्न समकालीन उपकरणों और सुविधाओं का उपयोग शिक्षण को अधिक प्रभावकारिता प्रदान करता है।

क्षेत्रीय परिसरों का निर्माण :

आईआईएमसी जहां एक ओर नई दिल्ली और ओडिशा के ढेंकनाल में अपने स्वयं के परिसरों से संचालित हो रहा है, वहीं जम्मू (जम्मू एवं कश्मीर), आइज़ोल (मिजोरम) और अमरावती (महाराष्ट्र) में क्षेत्रीय परिसर संबंधित राज्य सरकारों/विश्वविद्यालयों द्वारा उपलब्ध कराए गए अस्थाई परिसरों से संचालित किए जा रहे हैं। इस प्रकार अपने बुनियादी ढांचे को मजबूत बनाने तथा सभी क्षेत्रों के लिए स्थायी परिसरों का निर्माण करने के प्रयास के तहत संस्थान इन तीनों स्थानों पर अपने परिसरों का निर्माण कर रहा है।

जम्मू में उत्तरी क्षेत्रीय परिसर में निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है। इसका सिविल कार्य मार्च 2022 के अंत तक पूर्ण हो जाने की संभावना है और उसके बाद परिसर को सुसज्जित करने तथा क्लासरूम, कंप्यूटर प्रयोगशालाओं, पुस्तकालय और अन्य क्षेत्रों के लिए वांछित बुनियादी सुविधाओं के सृजन का कार्य आरंभ हो जाएगा। जुलाई/अगस्त 2022 से आरंभ होने बाला 2022- 23 सत्र नए परिसर से आरंभ होगा।

आइज़ोल, मिजोरम में पूर्वोत्तर क्षेत्रीय परिसर के मुख्य भवन का प्राथमिक निर्माण लगभग पूरा हो चुका है। कुछ अतिरिक्त कार्य प्रगति पर है जो अगस्त 2022 तक पूरा हो जाएगा। हालांकि परिसर के मुख्य भवन में बुनियादी साज-सज्जा का कार्य पूरा होते ही हम वहां जाने के इच्छुक हैं।

अमरावती, महाराष्ट्र में राज्य सरकार ने स्थायी पश्चिमी क्षेत्रीय परिसर के निर्माण के लिए 6 हेक्टेयर जमीन उपलब्ध कराई है जमीन का पट्टा नवीनीकरण की प्रक्रिया में है। जमीन के पट्टे का नवीनीकरण होते ही भवन का निर्माण कार्य आरंभ हो जाएगा।

अध्यापन साधन/सुविधाएं

मीडिया, जनसंचार और पत्रकारिता के क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने और अनुसंधान के लिए राष्ट्रीय स्तर के प्रमुख संस्थानों में से एक होने की अपनी प्रतिष्ठा के अनुरूप, संस्थान के पास विशिष्ट और पर्याप्त सुविधाएं मौजूद हैं, जिनमें संचार शिक्षा में कक्षाओं और व्यावहारिक अभिविन्यास के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे का पूरा स्पेक्ट्रम शामिल है। इन सुविधाओं का लगातार उन्नयन किया जाता है।

वैश्विक नेटवर्क वॉइस, वीडियो और डेटा के लिए इकहरे एकीकृत मंच की ओर बढ़ रहे हैं। सूचना और संचार के क्षेत्र में तेजी से बदलती प्रौद्योगिकी तथा शिक्षा एवं अनुसंधान के विभिन्न क्षेत्रों में इसके अनुप्रयोग के साथ तालमेल बनाए रखने के लिए, संस्थान ने इंटरनेट सुविधा से युक्त नवीनतम कंप्यूटरों का अधिग्रहण किया है, जो इसके विद्यार्थियों तथा संकाय के लिए वर्ष भर की कनेक्टिविटी सुलभ बनाते हैं। ये उपकरण और कनेक्टिविटी इलेक्ट्रॉनिक समाचार संपादन, वेब पत्रकारिता, मल्टीमीडिया, डिजाइनिंग, प्रकाशन और ग्राफिक्स में विद्यार्थियों को प्रशिक्षित करने के लिए शैक्षिक उपकरणों तथा अध्यापन साधनों की रीढ़ है। अत्याधुनिक डेस्कटॉप मशीनों का एक संयोजन मल्टीमीडिया, कंप्यूटर ग्राफिक्स, डेस्कटॉप प्रकाशन आदि के क्षेत्रों में विद्यार्थियों को प्रशिक्षण की सुविधा प्रदान करता है।

आई टी उपकरण

2011-12 के दौरान, आईआईएमसी देश में सभी ज्ञान-संबंधित संस्थानों के लिए एकीकृत तेज़ गति नेटवर्क आधार प्रदान करने के लिए एक अत्याधुनिक, मल्टी-गीगाबाइट, अखिल भारतीय ब्रॉडबैंड नेटवर्क, राष्ट्रीय ज्ञान संजाल (एनकेएन) में शामिल हो गया। राष्ट्रीय ज्ञान संजाल का हिस्सा होने के नाते, आईआईएमसी को 1जीबीपीएस या उससे अधिक की गति पर ब्रॉडबैंड इंटरनेट निर्बाध रूप से प्राप्त होता है। इस तरह के ज्ञान संजाल (नेटवर्क) का उद्देश्य देश में आवश्यक अनुसंधान सुविधाओं के साथ गुणवत्तापूर्ण संस्थानों के निर्माण और उच्च प्रशिक्षित पेशेवरों का एक पूल तैयार करना है। तेज़ गति एनकेएन, वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं, संचारकों और विभिन्न पृष्ठभूमि तथा विविध भौगोलिक

क्षेत्रों के विद्यार्थियों को अलग-अलग क्षेत्रों में ज्ञान के सृजन तथा प्रसार के लिए महत्वपूर्ण व उभरते क्षेत्रों में मानव विकास को आगे बढ़ाने के लिए मिलकर काम करने में सक्षम बनाता है।

अपने विद्यार्थियों तथा प्रशिक्षुओं को निर्देश देने के लिए संस्थान के पास एनआईसी के माध्यम से 2 एमबीपीएस का ब्रॉडबैंड इंटरनेट कनेक्शन, नवीनतम कन्फ़िगरेशन तथा सॉफ्टवेयर के साथ अत्याधुनिक कंप्यूटर हैं।

ये सुविधाएं संस्थान के विद्यार्थियों को सीखने के अवसर प्रदान करती हैं और अन्य बातों के साथ-साथ इनमें तीन कार्यस्थल शामिल हैं – कंप्यूटर लैब, मल्टीमीडिया तथा डीटीपी, जहां अलग-अलग समय में अलग-अलग समूहों को प्रशिक्षित किया जाता है। संस्थान के कार्यक्रमों तथा अन्य गतिविधियों के बारे में उपयोगी जानकारी इसकी वेबसाइट www.iimc.gov.in पर देखी जा सकती है।

टीवी एवं वीडियो निर्माण

इलैक्ट्रॉनिक पत्रकारिता के क्षेत्र में अपने विद्यार्थियों और प्रशिक्षुओं में प्रखर प्रभाव और मज़बूत ज्ञान आधार विकसित करने के उद्देश्य से, संस्थान में एक आधुनिक प्रोडक्शन स्टूडियो है, जो सिंक और स्पेशल इफैक्ट जेनरेटर के साथ डिजिटल कैमरों से सुसज्जित है। संपादन कंसोल में आईमैक, एफसीपी मैक-प्रो डिजिटल वीडियो संपादन प्रणाली और ऑनलाइन डिजिटल वीडियो संपादन शामिल हैं।

संस्थान ने अपने एनालॉग टेप-आधारित उपकरणों को आंशिक रूप से आधुनिक डिजिटल तकनीक में अपग्रेड कर लिया है। यह छात्रों को डिजिटल कैमरों और नॉन-लीनियर संपादन का व्यावहारिक अनुभव प्रदान करते हैं, जो आजकल सभी टीवी चैनलों में काम में लाए जाते हैं।

संस्थान के पास उपलब्ध बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए, इसने नई दिल्ली में एक नेटवर्क-आधारित डिजिटल नॉन-लीनियर वीडियो संपादन प्रणाली के लिए उन्नत एफ़सीपी मैक प्रो वीडियो संपादन मशीनों का अधिग्रहण किया है, जिसमें स्टैंड-अलोन, नॉन-लीनियर संपादन प्रणाली और टीवी तथा प्रिंट मीडिया के लिए एक उन्नत डिजिटल ग्राफिक व्यवस्था है। दृश्य-श्रव्य (ऑडियो-विजुअल) तथा प्रिंट क्षेत्रों में प्रशिक्षण को पर्याप्त रूप से मजबूत करने के लिए सहायक उपकरणों के साथ-साथ डिजिटल स्टिल कैमरों का भी अधिग्रहण किया गया है। आइज़ोल, अमरावती, जम्मू और कोट्टयम स्थित क्षेत्रीय परिसरों के लिए भी डिजिटल वीडियो तथा स्टिल कैमरा, टेलीप्रॉम्प्टर मशीन और नॉन-लीनियर संपादन के लिए आईमैक खरीदे गए हैं।

रेडियो

रेडियो प्रसारण के लिए, संस्थान में अलग साउंड रिकॉर्डिंग, एफएम और वॉइस-ओवर स्टूडियो हैं, जिनका उपयोग रेडियो और टीवी प्रौद्योगिकी में प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए किया जाता है। संस्थान रेडियो समाचार-संग्रह के लिए आवश्यक सुविधाओं से सुसज्जित है: व्यावसायिक टेप तथा डिजिटल रिकॉर्डर, माइक्रोफोन और अन्य सहायक उपकरण। साउंड स्टूडियो में व्यापक सुविधाएं हैं:

- यमाहा 03डी फुल ट्रैक कंसोल रिकॉर्डर,
- स्टैंडबाय रिकॉर्डिंग के लिए सोनी 8 चैनल ऑडियो मिक्सर MXP -290,
- विशेषज्ञता सुविधाओं के साथ छ: चैनल ऑन-एयर कंसोल,
- पोर्टेबल सोनी आईसी रिकॉर्डर्स, जो एमपी3 और वेव ध्वनि प्रारूपों में सीधे रिकॉर्ड करते हैं,
- श्योर माइक्रोफोन एसएम 58,
- कार्यक्रम निर्माण के लिए संपादन और रिकॉर्डिंग सुविधाओं सहित एडोबी ऑडिशन सॉफ्टवेयर इकाइयां,
- प्रसारण के लिए एक मिनिडिस्क प्लेयर, सीडी प्लेयर, कैसेट प्लेयर सहित मल्टीट्रैक TASCAM,
- विशेष प्रसारण उपकरण,

सामुदायिक रेडियो स्टेशन (अपना रेडियो 96.9 एफएम)

आईआईएमसी वर्ष 2015 से अपना सामुदायिक रेडियो चला रहा है। इसे 'अपना रेडियो 96.9' कहा जाता है। कोविड 19 महामारी की पहली लहर और उसके बाद का लॉकडाउन एक ऐसा समय था जब अपना रेडियो 96.9 एफएम अपनी भूमिका पर खरा उतरा और कठिन समय के दौरान समुदाय से बातचीत की। अपना रेडियो 96.9 एफएम ने लगातार ऐसे कार्यक्रमों का निर्माण किया जो लोगों के लिए महत्वपूर्ण मुद्दे उठाकर समुदाय में उनका विश्वास, आशा और आत्म-विश्वास पैदा करने में मदद करें। ये कार्यक्रम उपचार, शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य, पोषण, कोविड के बाद की देखभाल, योग, प्रतिरक्षा और टीकाकरण, स्थानीय समाचार और सूचना के बारे में सही जानकारी प्रदान करने पर केंद्रित थे। समुदाय की जरूरतें कार्यक्रमों का प्रमुख केंद्र थीं। समुदाय ने प्रतिक्रियाओं के रूप में इंटरैक्ट किया और अपना रेडियो 96.9 एफएम के सोशल मीडिया हैंडल के माध्यम से विशेष कार्यक्रम देखने चाहे, जहां कार्यक्रमों को अच्छा विस्तार मिला।

अपना रेडियो 96.9 एफएम ने विशेषज्ञों के साथ चर्चा और समुदाय के साथ बातचीत के आधार पर कार्यक्रम भी तैयार किए। उन्होंने समुदाय के सामने आने वाले न्यायसंगत, सामाजिक और नैतिक मुद्दों को संबोधित किया और श्रोताओं को इस तरह के चर्चा-आधारित कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। इस्तेमाल किया गया संगीत मुख्य रूप से लोक शैली का था।

प्रोग्रामिंग में साक्षात्कार, दर्शकों से संवाद, सामयिक विशेषताएं, सार्वजनिक सेवा घोषणाएं, समाचार, मौसम, स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण, नागरिक सुविधाएं, सड़क सुरक्षा, जैव विविधता, जल संरक्षण, कानून, बाल कल्याण और उपभोक्ता मुद्दे शामिल थे।

ग़ैर-सरकारी संगठन तथा रेज़ीडेंट वेलफ़ेयर एसोसिएशन से संबद्धता

अपना रेडियो क्षेत्र के कुछ ग़ैर-सरकारी संगठनों, जैसे चेतना, सोसायटी फॉर द प्रमोशन ऑफ़ यूथ एंड मासिस (एसपीवाईएम), कैन सपोर्ट, सीनियर सिटिज़ंस वेलफ़ेयर एसोसिएशन (एससीडब्ल्यूए), फोर्स, सेंटर फॉर साइंस एण्ड एन्वायरन्मेंट (सीएसई), हक़ तथा मुस्कान से नज़दीकी से जुड़ा हुआ है।

कार्यक्रमों में विद्यार्थियों की भागीदारी

कार्यक्रमों में योगदान करने में विद्यार्थियों की भागीदारी को प्रोत्साहित करने हेतु अपना रेडियो 96.9 एफएम द्वारा उस समय भी पहल की गई जब कक्षाएं ऑनलाइन मोड में आयोजित की जा रही थीं।

विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने अच्छी गुणवत्ता वाले कार्यक्रम तैयार किए जिन्हें श्रोताओं द्वारा भी खूब सराहा गया।

विशेष दिन विशेष कार्यक्रमों के ज़रिए मनाए गए

महामारी और लॉकडाउन के बावज़ूद भी यादग़ार दिनों के लिए कई विशेष कार्यक्रम तैयार किए गए। उनमें से कुछ निम्न हैं:

- स्वच्छता पखवाड़ा
- स्वतन्त्रता दिवस
- गणतन्त्र दिवस
- अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस
- चिकित्सक दिवस
- योग दिवस

आईटी विभाग, आईआईएमसी

- आईआईएमसी नई दिल्ली में प्रतिष्ठित 'शुक्रवार संवाद' कार्यक्रम के तहत विभिन्न ऑनलाइन कार्यक्रम गूगल मीट के माध्यम से आयोजित किए गए जिनका फेसबुक और यूट्यूब पर सीधा प्रसारण किया गया।
- 22 मार्च, 2021 को आईआईएमसी में ऑनलाइन अभिविन्यास कार्यक्रम, 'एनईपी एंड इट्स इम्प्लीमेंटेशन इन मीडिया एजुकेशन'' पर वर्चुअल सम्मेलन आयोजित किया गया।
- 16 फरवरी, 2021 को 'बसंत पर्व', 15 मार्च, 2021 को 'असम में पत्रकारिता के 175 वर्ष' आदि जैसे विभिन्न अवसरों पर वर्चुअल रूप से विशेष कार्यक्रम/व्याख्यान भी आयोजित किए गए।
- कोविड-19 महामारी के दौरान वर्तमान शैक्षणिक सत्र के लिए ऑनलाइन कक्षाओं का सफल संचालन सुगम बनाया।
- आईआईएमसी नई दिल्ली, परिसर में अधिकारियों के छात्रावास और स्टाफ क्वार्टरों में वाईफाई मोडेम को बदल/लगा दिया गया है।
- आईआईएमसी की विभिन्न नेटवर्क समस्याओं का समाधान किया, जिसमें आईआईएमसी पुस्तकालय, बोर्ड रूम, फ्राइडे डायलॉग के लिए नेटवर्क नवीनीकरण, और कनेक्टिविटी में सुधार के लिए सर्वर रूम तथा रिसेप्शन में नए स्विच लगाए गए।
- आईआईएमसी, नई दिल्ली परिसर में छात्रों के छात्रावास और छात्राओं के छात्रावास में बेहतर नेटवर्क कनेक्टिविटी सुनिश्चित की गई।
- आईआईएमसी के डिजिटल बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के संबंध में नियमित आधार पर एनकेएन टीम और एनआईसी अधिकारियों के साथ समन्वय किया गया।

सूचना संसाधन केंद्र

पंडित युगल किशोर शुक्ल पुस्तकालय एवं ज्ञान संसाधन केंद्र

संस्थान का पुस्तकालय देश में जनसंचार का सबसे विशाल विशिष्ट पुस्तकालय है। इसमें जन संचार के विभिन्न पहलुओं और मुद्रित माध्यम, प्रसारण, विज्ञापन, संचार, संचार शोध, जनसंपर्क, रेडियो एवं टेलिविजन, फिल्म, सूचना प्रौद्योगिकी और परंपरागत माध्यम जैसे संबद्ध विषयों पर, हिन्दी तथा अंग्रेज़ी में, 36,377 से अधिक पुस्तकें और सजिल्द पत्रिकाएं हैं।

इस अवधि के दौरान प्रमुख गतिविधियां

- पुस्तकालय में 92 से अधिक पत्र-पत्रिकाएं और 32 से अधिक प्रमुख समाचार पत्र मंगवाए जाते हैं। पुस्तकालय अपने उपभोक्ताओं को समाचार-पत्रों की क्लिपिंग सेवा भी उपलब्ध कराता है जिसमें समाचार का पूरा रिकार्ड तथा विभिन्न प्रमुख पत्र-पत्रिकाओं में जनसंचार पर छपे लेख शामिल होते हैं।
- पुस्तकालय पूरी तरह से कम्प्युटरीकृत है तथा इसने अपनी हाउसकीपिंग तथा सेवा प्रचालन को लिबसिस7- (LIBSYS-7) नामक नवीनतम पुस्तकालय सॉफ्टवेयर के माध्यम से स्वचालित कर लिया है। ऑनलाइन पब्लिक एक्सेस केटलॉग (ओपेक) तथा ऑनलाइन

पत्रिकाएं भी अब विद्यार्थियों और संकाय सदस्यों के लिए उपलब्ध हैं।

- पुस्तकालय ने अपने छात्रों, संकाय सदस्यों तथा शोधकर्ताओं के लिए अत्याधुनिक मल्टीमीडिया और संदर्भ तथा शोध अनुभाग भी विकसित किया है।
- इस वर्ष मीडिया, संचार तथा साहित्य पर लगभग 1000 नई पुस्तकें खरीदीं गईं।
- **केंद्रीकृत पुस्तकालय समिति:** जर्नल / समाचार पत्रों / पत्रिकाओं की वार्षिक सदस्यता की समीक्षा, सिफारिश तथा अनुमोदन और आईआईएमसी दिल्ली तथा क्षेत्रीय परिसरों में पुस्तकालयों के लिए पुस्तकों की खरीद और बुनियादी ढांचे के विकास के लिए पुस्तकालय सलाहकार समिति का गठन किया गया है।
- इस वर्ष आईआईएमसी के सभी केंद्रों के (2020-21) बैच के छात्रों के लिए सुप्रसिद्ध लेखिका तथा कथावाचक डॉ. अल्पना मिश्रा द्वारा ''पठनीयता की संस्कृति'' विषय पर विशेष ऑनलाइन व्याख्यान के साथ पुस्तकालय ने बसंत पंचमी महोत्सव मनाया।

प्रकाशन विभाग

भारतीय संचार संस्थान का प्रकाशन विभाग संचार व्याख्यानों में वृद्धि करने और भारत तथा दक्षिण एशिया में वर्तमान मीडिया विमर्शों में योगदान देने के लिए प्रयासरत है। विभाग सूचना का प्रसार करके और मीडिया से संबंधित विभिन्न मुद्दों, नवाचारों और विचारों के बारे में जागरूकता पैदा करके जनसंचार और पत्रकारिता के विषय को बढ़ावा देने का प्रयास करता है। विभाग जर्नल, पत्रिकाओं और पुस्तकों का प्रकाशन करता है और भारत तथा विदेशों में विभिन्न ग्राहकों, शोध छात्रों तथा मीडिया संस्थानों को सस्ती कीमतों पर इनकी बिक्री करता है। विभाग जनसंचार तथा पत्रकारिता से संबंधित विभिन्न पुस्तकें अंग्रेजी और हिंदी में प्रकाशित करता है।

प्रकाशन विभाग के मुख्य उद्देश्य निम्न हैं:

- शिक्षाविदों, मीडिया व्यवसायियों और नीति निर्माताओं के बीच संवाद को प्रोत्साहित करना।
- शैक्षणिक और ओद्यौगिक उपयोग के लिए समृद्ध और प्रामाणिक संसाधन उपलब्ध कराना।
- देश में समकालीन मीडिया अनुसंधान की बेहतरी के लिए भारतीय विद्वता को प्रोत्साहित करना।
- एक विषय के रूप में मीडिया के महत्व को प्रचारित करने के लिए व्यापक संख्या में लोगों तक पहुंच प्रदान करना।

शोध पत्रिकाएं

कम्युनिकेटर

सन् 1965 में लॉन्च की गई कम्युनिकेटर भारतीय जन संचार संस्थान (आईआईएमसी) की एक विद्वत-समीक्षित पत्रिका है, जो जन संचार पर मूल शोध प्रकाशित करती है। यह प्रकाशन विभाग, आईआईएमसी द्वारा प्रकाशित की जाती है। आईआईएमसी की यह पत्रिका शोधकर्ताओं, पेशेवरों और नीति निर्माताओं को अधिक लाभ प्रदान करने हेतु संचार और इसकी संबंधित शाखाओं के क्षेत्र में उपलब्ध सर्वोत्तम साहित्य प्रकाशित करने का प्रयास करती है। यह भारत में प्रकाशित होने वाली सबसे पुरानी संचार पत्रिका है। विद्वता के अपने उच्च स्तर को बनाए

रखने के लिए, कम्युनिकेटर (ब्लाइंड पीयर रिव्यू) की एक कठोर प्रक्रिया का पालन करती है। कम्युनिकेटर एक यूजीसी-केयर (UGC-CARE) सूचीबद्ध पत्रिका है, जो प्रामाणिक और मानक शोध अध्ययन प्रकाशित करती है।

कम्युनिकेटर के दो अंक, वॉल्यूम 56, अंक 3 व 4 जुलाई-दिसंबर 2020 और वॉल्यूम 56 अंक जनवरी-मार्च 2021, वर्ष 2020-21 के दौरान प्रकाशित किए गए। दोनों अंकों में कुल 29 शोध लेख प्रकाशित हुए हैं।

संचार माध्यम

संचार माध्यम मीडिया और संबंधित मुद्दों पर हिंदी में प्रकाशित होने वाली एक प्रमुख विद्वत-समीक्षित शोध पत्रिका है। यह संचार, मीडिया और पत्रकारिता से संबंधित विषयों पर विभिन्न प्रकार के विचारों, टिप्पणियों और शोध पत्रों की अभिव्यक्ति तथा प्रकाशन का एक प्रमुख मंच है। संचार माध्यम एक यूजीसी-केयर सूचीबद्ध पत्रिका है, जो हिंदी भाषा में प्रामाणिक और मानक शोध अध्ययन प्रकाशित करती है।

संचार माध्यम के दो अंक, खंड 32 अंक 1 जनवरी-जून 2020 और खंड 32 अंक 2 जुलाई-दिसंबर 2020, वर्ष 2020-21 के दौरान प्रकाशित किए गए। दोनों अंकों में कुल 24 शोध लेख प्रकाशित हुए।

नई पहलें

1 **आईआईएमसी की शोध पत्रिकाओं में प्रत्यक्ष बदलाव: मुख्य सुधार**

पत्रिकाओं के स्वरूप, मास्टहेड, गुणवत्ता आदि सहित, इनके डिज़ाइन तथा छवि में कई सौन्दर्यपरक बदलाव किए गए हैं। मानकीकृत संघटकों के साथ दिखने में आकर्षक डिज़ाइन के चलते पत्रिका की बढ़ी हुई दृश्यता ने मुद्रण स्थान में भी बचत की है और विभिन्न गुणवत्तापूर्ण लेखों को अंक में शामिल करने का एक दूरगामी अवसर प्रदान किया है। पत्रिका में किए गए इन सुधारों से सर्वोत्तम लाभ प्राप्त करने के लिए, इसे और अधिक अभ्यास-आधारित लेख, अत्याधुनिक विषय-वस्तु और टिप्पणियों सहित आलोचनात्मक समीक्षा लेख प्रकाशित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। इन बदलावों का मुख्य उद्देश्य प्रदर्शन के मानकों में अच्छा स्तर प्राप्त करना और पत्रिकाओं की प्रतिष्ठा-क्रम सूची में ऊपर बढ़ते जाना है।

2 **पाठ्य पुस्तक कार्यक्रम के लिए निर्देश निबंधन का विकास**

पत्रकारिता और जनसंचार के क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण पाठ्यपुस्तकों की मांग हमेशा से रही है, लेकिन मानक पाठ्यपुस्तकों की मांग और आपूर्ति में भारी अंतर देखा गया है। वर्तमान में, पत्रकारिता और जनसंचार पर भारतीय प्रकाशकों द्वारा प्रकाशित कई पाठ्यपुस्तकें हैं, लेकिन विषय के विशेषज्ञों, पेशेवरों और शिक्षाविदों द्वारा हिंदी तथा अन्य भारतीय भाषाओं में लिखी गई गुणवत्तापूर्ण पाठ्यपुस्तकों का काफ़ी अभाव है। इसे ध्यान में रखते हुए, विभिन्न हितधारकों को हिंदी सहित विभिन्न भारतीय भाषाओं में मानक गुणवत्ता वाली पाठ्य-पुस्तकें प्रदान करने हेतु, भारतीय जन संचार संस्थान के प्रकाशन विभाग ने पत्रकारिता तथा जनसंचार पर हिंदी, मराठी, मलयालम, उड़िया और उर्दू भाषाओं में गुणवत्तापूर्ण पाठ्य-पुस्तकें प्रकाशित करने के लिए एक 'पाठ्य पुस्तक प्रकाशन कार्यक्रम' विकसित किया है। कार्यक्रम की शुरुआत हिंदी पुस्तकों से की जा रही है, इसके बाद अन्य भारतीय भाषाओं में पुस्तकें लिखी जाएंगी। इन पाठ्य पुस्तकों को लिखने का उद्देश्य जनसंचार के सभी छात्रों के पाठ्यक्रम के अनुसार होना है। इस प्रकार, भारतीय जनसंचार संस्थान द्वारा प्रकाशित पुस्तकें जनसंचार और मीडिया के छात्रों तथा अन्य मीडिया कर्मियों का ज्ञानवर्द्धन करने में सहायक होंगी। मीडिया अध्ययन के विभिन्न विषयों पर हिंदी भाषा में पुस्तक के लिए प्रस्ताव आमंत्रित कर पाठ्यपुस्तक कार्यक्रम की शुरुआत की गई है।

यह भारत सरकार के प्रमुख प्रकाशन गृहों, जैसे कि प्रकाशन विभाग,

राष्ट्रीय पुस्तक न्यास (नेशनल बुक ट्रस्ट) और आईसीएआर (डीकेएमए), के विस्तृत अध्ययन के आधार पर तैयार की गई एक विस्तृत रिपोर्ट है। इस रिपोर्ट में 110 पेज हैं।

3 **कम्यूनिकेटर तथा संचार माध्यम के लिए लेखकों हेतु दिशा-निर्देशों का विकास**

कम्युनिकेटर और संचार माध्यम के लिए लेखकों हेतु विस्तृत दिशा-निर्देश प्रकाशित किए गए हैं। लेखकों के दिशा-निर्देशों का उद्देश्य विश्व स्तर पर पत्रिकाओं की दृश्यता को मज़बूत करने के साथ-साथ संभावित लेखकों को स्पष्ट दिशा-निर्देश प्रदान करना है। बदलती प्रौद्योगिकियों ने कई और मंचों को जन्म दिया है, इसलिए लेखकों के लिए सु-संरचित दिशा-निर्देश होना आवश्यक है। ये दिशा-निर्देश संबंधित पेशेवरों से सुझाव लेने के बाद तैयार किए गए हैं।

4 **संपादकों, प्रूफ़-रीडरों, अनुवादकों तथा ऑफ़सेट प्रिंटरों के पैनल के लिए निर्देश निबंधन का विकास**

आईआईएमसी के प्रकाशन विभाग द्वारा वर्तमान में दो शोध पत्रिकाएं, 'कम्युनिकेटर' तथा 'संचार माध्यम' प्रकाशित की जा रही हैं, जो विद्वत-समीक्षित और यूजीसी-केयर सूचीबद्ध पत्रिकाएं हैं और क्रमशः तिमाही और द्वि-वार्षिक आधार पर प्रकाशित की जा रही हैं। इन पत्रिकाओं के अलावा अंग्रेजी भाषा में भी पाठ्यपुस्तकें प्रकाशित की जा रही हैं। प्रकाशन कार्यक्रम के तहत आईआईएमसी न्यूजलेटर, संचार सृजन और राजभाषा विमर्श जैसे कुछ नए प्रकाशन भी निकाले जाने हैं। आईआईएमसी ने हिंदी तथा अन्य भारतीय भाषाओं में एक पाठ्यपुस्तक प्रकाशन कार्यक्रम शुरू किया है। जैसा कि विचार किया गया है, उच्च स्तर की गुणवत्ता प्राप्त करने और पुस्तकों के मानक बनाए रखने के लिए पाठ्य-पुस्तकों को अनुमोदित विषय-वस्तु के अनुसार डिजाइन किया जाएगा। प्रकाशन से जुड़ी सभी संबंधित गतिविधियां उच्च स्तर की गुणवत्ता बनाए रखते हुए एक निर्धारित समय सीमा में पूरी की जाएंगी। प्रकाशनों की विस्तृत श्रृंखला (पाठ्यपुस्तकें, लोकप्रिय पुस्तकें, तकनीकी बुलेटिन, रिपोर्ट, आवधिक पत्र-पत्रिकायें और मोनोग्राफ, आदि) के काम में तेजी लाने के लिए, संपादकों, प्रूफ-रीडर, अनुवादकों और ऑफसेट प्रिन्टरों के पैनल के लिए विस्तृत निर्देश निबंधन तैयार किए गए हैं।

5. **इंडियन साइटेशन इंडेक्स में कम्युनिकेटर पत्रिका का सूचीकरण**

'कम्युनिकेटर' अब **इंडियन साइटेशन इंडेक्स (आईसीआई)** में सूचीबद्ध है। आईसीआई लगभग 1000 शीर्ष भारतीय विद्वतापूर्ण पत्रिकाओं की बहुविषयक सामान्य सूचना/ज्ञान सहित एक स्वदेशी सारांश एवं उद्धरण डाटाबेस है। यह मूलभूत रूप से शोधकर्ताओं, नीति निर्धारकों, निर्णय लेने वालों आदि को खोज एवं मूल्यांकन के लिए एक सशक्त सर्च इंजन उपलब्ध कराता है। 'कम्युनिकेटर' के लिए यह बहुत बड़ी उपलब्धि है, क्योंकि इससे देश भर की शीर्ष संचार पत्रिकाओं में उसकी पहुंच, प्रभाव और लोकप्रियता बढ़ेगी। हमारी प्रमुख पत्रिका का आईसीआई में सूचीकरण, हमारी पत्रिका को प्रभावपूर्ण बनाने और उसके प्रभाव को व्यापक बनाने की दिशा में उठाया गया कदम है।

6. **नए संपादक मंडल का गठन**

दोनों शोध पत्रिकाओं 'कम्युनिकेटर' और 'संचार माध्यम' के लिए नए संपादक मंडल का गठन किया गया है। सहायता, मार्गदर्शन और फीडबैक उपलब्ध कराने के लिए वरिष्ठ वरिष्ठ शिक्षाविदों और विद्वानों को संपादक मंडल में शामिल किया गया है।

मुद्रणालय

संस्थान में मौजूद स्वचालित मुद्रणालय और ग्राफिक्स विंग संस्थान के विद्यार्थियों को मुद्रण तकनीक और डेस्कटॉप प्रिन्टिंग का प्रशिक्षण देने के अलावा ग्राफ़िक डिजाइन, ऑफसेट और सिल्क स्क्रीन मुद्रण की सुविधाएं भी प्रदान करते हैं।

मुद्रणालय में प्रोसेसिंग और बाइंडिंग की सुविधाएं भी मौजूद हैं। अखिल भारतीय प्रवेश परीक्षाओं तथा सत्र के अंत में होने वाली परीक्षाओं के सभी प्रश्नपत्र और भारतीय जन संचार संस्थान के अधिकांश प्रकाशन इसी मुद्रणालय में छपते हैं।

राष्ट्रीय मीडिया संकाय विकास केंद्र

मीडिया शिक्षा, अनुसंधान, विस्तार और प्रशिक्षण के लिए वैश्विक मानक निर्धारित करने के आईआईएमसी के विज़न के अनुरूप, आईआईएमसी में राष्ट्रीय मीडिया संकाय विकास केंद्र की स्थापना की गई है। यह केंद्र विभिन्न संस्थानों के जन संचार शिक्षकों के लिए पुनश्चर्या पाठ्यक्रमों की पेशकश करता है।

आईआईएमसी की प्लान स्क्रीम

'अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप आईआईएमसी का उन्नयन' करने की योजना को ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना में शामिल किया गया। इसके लिए कुल 62.00 करोड़ रुपए की राशि अनुमोदित की गई, जिसमें 51.50 करोड़ रुपए की सरकारी अनुदान सहायता देने की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई है।

इस योजना के प्रस्तावों में नई दिल्ली में आईआईएमसी परिसर का उन्नयन अर्थात मौजूदा मुख्य भवनों के ऊपर एक अतिरिक्त मंजिल का निर्माण, व्याख्यान खंड का निर्माण और खाली ज़मीन पर नये भवनों का निर्माण किया जाना शामिल था। इस योजना में ओड़िशा के ढेंकनाल

स्थित आईआईएमसी के पूर्वी परिसर में नये भवनों का निर्माण और साथ ही जम्मू में उत्तरी क्षेत्रीय परिसर का निर्माण, केरल में दक्षिणी क्षेत्रीय परिसर का निर्माण, मिजोरम में पूर्वोत्तर क्षेत्रीय परिसर और महाराष्ट्र में पश्चिमी क्षेत्रीय परिसर का निर्माण सहित आईआईएमसी के चार नए क्षेत्रीय परिसरों की शुरुआत शामिल था।

- नई दिल्ली स्थित आईआईएमसी मुख्यालय में अतिरिक्त मंजिलों और व्याख्यान खंड का निर्माण वर्ष 2011 में पूरा हो गया। नई दिल्ली परिसर में खाली ज़मीन पर नए भवनों का निर्माण अभी तक लंबित है। ढेंकनाल में नए भवन का निर्माण वर्ष 2014 में पूरा हो गया।
- दो नए क्षेत्रीय परिसरों अर्थात महाराष्ट्र में अमरावती और मिजोरम में आइज़ोल अगस्त 2011 से चालू हो गए, जबकि अन्य दो क्षेत्रीय परिसर, एक जम्मू में और दूसरा केरल में अगस्त 2012 से चालू हो गया।
- केरल में दक्षिणी क्षेत्रीय परिसर को छोड़कर, अन्य तीनों क्षेत्रीय परिसर संबंधित राज्य सरकारों/स्थानीय विश्वविद्यालयों द्वारा उपलब्ध कराए गए अस्थायी परिसरों में स्थित हैं।
- केरल में स्थायी परिसर का निर्माण पूरा हो चुका है और सत्र 2019-2020 के लिए कक्षाएं नवनिर्मित परिसर से संचालित की गईं।
- आइज़ोल में स्थायी परिसर का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है और उसे कुछ महीनों के भीतर सुपुर्द किए जाने की संभावना है।
- जम्मू में नए भवन का निर्माण कार्य वर्ष 2022 में पूरा हो जाएगा।
- अमरावती परिसर, महाराष्ट्र में निर्माण कार्य और अन्य गतिविधियों अभी शुरू होना बाकी है।

स्वच्छ भारत मिशन

आईआईएमसी ने अगस्त 2020 में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय से स्वच्छता पखवाड़ा 2020 पर प्रथम पुरस्कार जीता। स्वच्छ भारत मिशन के एक भाग के रूप में और भारत सरकार द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार, 16-31 जनवरी, 2021 तक 'स्वच्छता ही सेवा' कार्यक्रम और स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया। स्वच्छता पखवाड़े के दौरान, फर्नीचर, बिजली की फिटिंग, पुरानी फाइलें, जिनकी अब आवश्यकता नहीं थी, काम में न आने वाली वस्तुओं को उनके निपटान हेतु उनका भंडारण किया गया, वृक्षारोपण किया गया, और लोगों में जागरूकता पैदा करने हेतु 'अपना रेडियो' द्वारा स्वच्छता पर एक लाइव कार्यक्रम प्रसारित किया गया। महानिदेशक, आईआईएमसी और स्वच्छता संबंधी गतिविधियों की निगरानी के लिए गठित समिति के सदस्यों द्वारा स्वच्छता निरीक्षण किया गया। विजेता विभागों को अपने-अपने विभागों में स्वच्छता रखने में योगदान देने के लिए स्मृति चिन्ह भी प्रदान किए गए। स्वच्छता पखवाड़े के एक भाग के रूप में स्वच्छता फोटो प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जहां गतिविधियों से संबंधित फोटो प्रदर्शित की गईं।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

आईआईएमसी के अपर महानिदेशक श्री सतीश के नम्बूदिरीपाड 21 जून, 2020 को आईआईएमसी में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर एक योग सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें आईआईएमसी के समस्त कर्मचारियों , अधिकारियों और आईआईएस के प्रशिक्षु अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

वेलनेस सेंटर

दिल्ली परिसर में एक वेलनेस सेंटर की सेवाएं उपलब्ध हैं। इसमें ऐलोपैथिक, आयुर्वेद और होम्योपैथी के डॉक्टर सोमवार से शुक्रवार तक उपलब्ध रहते हैं। ढेंकनाल परिसर में भी इसी तरह की सुविधा उपलब्ध है। संस्थान के सभी परिसरों में आपातकालीन चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हैं।

नागरिक चार्टर एवं शिकायत निवारण तंत्र

नये नागरिक घोषणापत्र को नये दिशा निर्देशों के अनुसार तैयार किया गया है और संस्थान की वेबसाइट पर उपलब्ध कराया गया है। इस नागरिक घोषणा पत्र के अनुसार, कोई भी नागरिक इस संस्थान से संबंधित किसी भी शिकायत की ओर ध्यान आकृष्ट कर सकता/सकती है और उसके निवारण की मांग कर सकता/सकती है। संस्थान के एक अधिकारी को लोक शिकायत निवारण अधिकरी नामित किया गया है। प्राप्त शिकायतों की जांच संस्थान द्वारा की जाती है और सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति से उनका निवारण किया जाता है। आईआईएमसी के शिकायत अधिकारी का पता है:-

अपर महानिदेशक,
भारतीय जन संचार संस्थान
अरुणा आसफ अली मार्ग, नई दिल्ली– 110067

आईआईएमसी की किसी भी सेवा से असंतुष्ट या संस्थान की किसी भी कार्रवाई से पीड़ित व्यक्ति अपनी शिकायत के निवारण हेतु इस अधिकारी को लिख सकता/सकती है। ऐसा हर व्यक्ति उसकी शिकायत प्राप्त होने के 30 दिन के भीतर, शिकायत पर की गई कार्रवाई के संबंध में सूचित किये जाने का हकदार होगा।

यदि कोई आम व्यक्ति/ संस्थान का कोई कर्मचारी अपनी शिकायत के संबंध में शिकायत निवारण अधिकारी से मिलने का/की इच्छुक हो

तो वह किसी भी कार्य दिवस में किसी भी तरह की पूर्वानुमति के बिना उक्त अधिकारी से कार्यालय में मिल सकता/सकती है।

आंतरिक शिकायत समिति

कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (प्रतिबंध और निषेध और निवारण), अधिनियम 2013 के संदर्भ में शिकायत निवारण तंत्र के तहत आईआईएमसी में एक गैर-आधिकारिक सदस्य सहित छह सदस्यीय आंतरिक शिकायत समिति गठित की गई है ।

जागरूकता फैलाने के लिए उठाए गए कदम

- कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न के संबंध में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।
- इस मुद्दे पर एक पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
- आईआईएमसी के सभी परिसरों और परिसरों के सभी महत्वपूर्ण क्षेत्रों में 'जीरो टॉलरेंस' के पोस्टर प्रदर्शित किए गए हैं।

शिकायत निवारण प्रकोष्ठ

सभी कर्मचारियों और संकाय सदस्यों की शिकायतों का निवारण करने के लिए आईआईएमसी में एक शिकायत निवारण प्रकोष्ठ है।

सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005

जहां तक सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम, 2005 लागू करने का संबंध है, आरटीआई अधिनियम के अंतर्गत प्रो. (डॉ.) वीरेंद्र कुमार भारती को केंद्रीय लोक सूचना अधिकारी (सीपीआईओ); अपर महानिदेशक को अपीलीय प्राधिकारी और महानिदेशक को पारदर्शिता अधिकारी नियुक्त किया गया है।

डीओपीटी के आदेश दिनांक संख्या 1/34/2013-आईआर के अनुसार, मंत्रालय/विभाग/सार्वजनिक प्राधिकरण तथा राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के अंतर्गत सभी प्रशिक्षण संस्थानों को स्वतः प्रकटीकरण की तृतीय पक्ष पारदर्शिता लेखा परीक्षा (अधिनियम द्वारा अधिदेशित और जिसका सभी संस्थानों को सूचना अपनी वेबसाइट पर अपलोड करके उसका पालन करना होगा) करानी होगी । उपरोक्त को ध्यान में रखते हुए, इस वर्ष आईआईएमसी को सूचना और प्रसारण मंत्रालय के तहत 23 सार्वजनिक प्राधिकरणों के लिए पारदर्शिता लेखा परीक्षा करने का काम सौंपा गया था। इसके अलावा, आईआईएमसी ने दस सार्वजनिक प्राधिकरणों की तृतीय-पक्ष पारदर्शिता लेखा परीक्षा की है और लगभग 4.25 लाख रुपये आय का सृजन किया है।

पारदर्शी लेखा परीक्षा का कार्य एक समयबद्ध, महत्वपूर्ण और विशाल कार्य है और इसे विशेष रूप से इस कार्य के लिए गठित एक विशेष प्रकोष्ठ द्वारा संपन्न किया गया।

आचार संहिता

आईआईएमसी पेशेवर मीडिया प्रशिक्षण के क्षेत्र में देश के बेहतरीन संस्थानों में से एक है, लिहाज़ा मीडिया क्षेत्र से संबंधित सभी पाठ्यक्रमों के सुचारू संचालन और समयबद्ध प्रबंधन के लिए अनुशासन और आचार-व्यवहार के उच्च स्तरीय मानक होना अनिवार्य है। इसीलिए शैक्षणिक मामलों और व्यक्तिगत आचरण के संदर्भ में विद्यार्थियों से संस्थान की अपेक्षाओं के संबंध में स्पष्ट और पारदर्शी वक्तव्य देने के लिए भारतीय जन संचार संस्थान के विद्यार्थियों के लिए आचार संहिता और अनुशासनात्मक नीतियों का निर्धारण किया गया है। यह आचार संहिता संस्थान अथवा इसके विद्यार्थियों और कर्मचारियों को प्रभावित करने वाले सभी कार्यों और गतिवधियों के संबंध में आईआईएमसी, नई दिल्ली और इसके क्षेत्रीय केन्द्रों के सभी विद्यार्थियों पर लागू होती हैं। यह आईआईएमसी की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

अनुशासनात्मक समिति

आईआईएमसी के विद्यार्थियों से संबंधित अनुशासनात्मक मामलों से निपटने हेतु संस्थान में एक अनुशासनात्मक समिति गठित की गई है।

एससी/एसटी प्रकोष्ठ

एससी/एसटी श्रेणी के विद्यार्थियों के हितों की रक्षा और उनकी शिकायतों/समस्याओं के निवारण हेतु दिल्ली परिसर और क्षेत्रीय परिसरों में एक पृथक एससी/एसटी प्रकोष्ठ का गठन किया गया है।

परिशिष्ट "क"

भारतीय जन संचार संस्थान

स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठयक्रम 2019-20 की पुरस्कार सूची

हिन्दी पत्रकारिता में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठयक्रम

क्रम संख्या	पुरस्कार का नाम	विद्यार्थी का नाम
1	आईआईएमसी पुरस्कार	श्री तेज बहादुर सिंह
2	पंडित बनारसीदास चतुर्वेदी पुरस्कार	सुश्री करिश्मा सिंह
3	श्री अशोक जी पुरस्कार	सुश्री आँचल गुप्ता

उर्दू पत्रकारिता, नई दिल्ली में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम

क्रम संख्या	पुरस्कार का नाम	विद्यार्थी का नाम
1	**आईआईएमसी पुरस्कार**	**श्री मोहम्मद जियाउद्दीन बी**

विज्ञापन और जन संपर्क में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम

क्रम संख्या	पुरस्कार का नाम	विद्यार्थी का नाम
1.	श्री अचिन गांगुली मेमोरियल पुरस्कार	सुश्री सृष्टि सिंह
2.	आईआईएमसी पुरस्कार	श्री मयंक शुक्ला
3.	श्री अनिल बसु मेमोरियल पुरस्कार	सुश्री रुचिका सेन
4.	पीआरएसआई पुरस्कार	सुश्री मल्लिका नारंग
5.	पीएसपीआरएफ पुरस्कार	श्री विभोर शर्मा
6.	बाबा साहेब डॉ. बी आर अम्बेडकर पुरस्कार	सुश्री रुकमणी महेंद्र

रेडियो और टीवी पत्रकारिता में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम

क्रम संख्या	पुरस्कार का नाम	विद्यार्थी का नाम
1.	आईआईएमसी पुरस्कार	सुश्री ऋचा निगम
2.	जीटीवी पुरस्कार	सुश्री आकांक्षा मिश्रा
3.	टीवी टुडे पुरस्कार	सुश्री जेसिका गोयल
4.	सीएनएन पुरस्कार	सुश्री सौम्या जायसवाल
5.	जीटीवी पुरस्कार	श्री अद्धेंदु शेखर महापात्र
6.	प्रसार भारती पुरस्कार	सुश्री सिमरन सिंह

अंग्रेजी पत्रकारिता में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम, नई दिल्ली

क्रम संख्या	पुरस्कार का नाम	विद्यार्थी का नाम
1.	आईआईएमसी पुरस्कार	श्री कुमार गंधर्व
2.	द हिन्दू पुरस्कार	सुश्री रिंकी गुप्ता
3.	डेक्कन हेराल्ड पुरस्कार	सुश्री तान्या गोयल

अंग्रेजी पत्रकारिता में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम, ढेंकनाल परिसर (ओडिशा)

क्रम संख्या	पुरस्कार का नाम	विद्यार्थी का नाम
1.	आईआईएमसी पुरस्कार	सुश्री प्रियंका यादव
2.	बाबा साहेब डॉ बी आर अम्बेडकर पुरस्कार	श्री सौम्रिक बिस्वास
3.	नाल्को पुरस्कार	सुश्री ग्रीष्मा सतपथी

अंग्रेजी पत्रकारिता में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम, आइज़ोल परिसर (मिजोरम)

क्रम संख्या	पुरस्कार का नाम	विद्यार्थी का नाम
1.	आईआईएमसी पुरस्कार	सुश्री मितिशा शर्मा

अंग्रेजी पत्रकारिता में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम, अमरावती परिसर (महाराष्ट्र)

क्रम संख्या	पुरस्कार का नाम	विद्यार्थी का नाम
1.	आईआईएमसी पुरस्कार	सुश्री गौरी चंद्रा

अंग्रेजी पत्रकारिता में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम, जम्मू परिसर (जम्मू और कश्मीर)

क्रम संख्या	पुरस्कार का नाम	विद्यार्थी का नाम
1.	आईआईएमसी पुरस्कार	सुश्री राशि शर्मा

अंग्रेजी पत्रकारिता में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम कोट्टयम परिसर (केरल)

क्रम संख्या	पुरस्कार का नाम	विद्यार्थी का नाम
1.	आईआईएमसी पुरस्कार	श्री अभिनव शर्मा

उड़िया पत्रकारिता में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम, ढेंकनाल परिसर (ओडिशा)

क्रम संख्या	पुरस्कार का नाम	विद्यार्थी का नाम
1.	आईआईएमसी पुरस्कार	सुश्री आरती बेहरा
2.	बाबा साहेब डॉ. बी आर अम्बेडकर पुरस्कार	श्री बिकाश रंजन दलाई
3.	डॉ. हरेकृष्ण महताब स्मारक पुरस्कार	सुश्री सोनाली ओझा

मराठी पत्रकारिता में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम, अमरावती परिसर (महाराष्ट्र)

क्रम संख्या	पुरस्कार का नाम	विद्यार्थी का नाम
1	आईआईएमसी पुरस्कार	**सुश्री चेताली माहोर**

मलयालम पत्रकारिता में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम, कोट्टयम परिसर (केरल)

क्रम संख्या	पुरस्कार का नाम	विद्यार्थी का नाम
1	आईआईएमसी पुरस्कार	**सुश्री अस्वथी बालाचंद्रन**

परिशिष्ट 'ख'

संकाय
नई दिल्ली

महानिदेशक
प्रो. संजय द्विवेदी

अपर महानिदेशक
श्री सतीश के. नम्बूदिरिपाड
संकाय सदस्य

प्रोफेसर

1.	प्रो. (डॉ.) मृणाल चटर्जी	क्षेत्रीय निदेशक , ढेंकनाल परिसर
2.	प्रो. (डॉ.) गोविंद सिंह	डीन अकादमिक एवं पाठ्यक्रम निदेशक, आरटीवी
3.	प्रो. (डॉ.)आनंद प्रधान	पाठ्यक्रम निदेशक, हिंदी पत्रकारिता
4.	सुश्री शाश्वती गोस्वामी	विभागाध्यक्ष, कम्युनिकेशन रिसर्च एंड आउटरीच एक्टीविटीज
5.	प्रो. (डॉ.) सुनेत्रा सेन नारायण	प्रोफेसर
6.	प्रो. (डॉ.) अनुभूति यादव	पाठ्यक्रम निदेशक, विज्ञापन एवं जनसंपर्क
7.	प्रो. (डॉ.) सुरभि दहिया	पाठ्यक्रम निदेशक, अंग्रेजी पत्रकारिता
8	प्रो. (डॉ.) वीरेंद्र कुमार भारती	विभागाध्यक्ष, प्रकाशन
9	प्रो. (डॉ.) प्रमोद कुमार	पाठ्यक्रम निदेशक, उर्दू पत्रकारिता विभागाध्यक्ष, आउटरीच एक्टीविटीज डिपार्टमेंट विभागाध्यक्ष, प्लेसमेंट सेल
10	प्रो. (डॉ.) राजेश कुमार	पाठ्यक्रम निदेशक, विकास पत्रकारिता निदेशक, प्रशासन एवं परीक्षा
11	प्रो. (डॉ.) संगीता प्रणवेंद्र	विभागाध्यक्ष, अपना रेडियो
12	प्रो. (डॉ.) अनिल सौमित्र	क्षेत्रीय निदेशक , अमरावती परिसर
13	प्रो. (डॉ.) राकेश गोस्वामी	क्षेत्रीय निदेशक , जम्मू परिसर
14	डॉ. रिंकु पेगु	आईआईएस विभाग

ANNUAL REPORT

2020-2021

INDIAN INSTITUTE OF MASS COMMUNICATION

New Delhi

INTRODUCTION

The Indian Institute of Mass Communication (IIMC), registered as a Society under the Societies Registration Act, 1860 (XXI of 1860), came into existence on August 17, 1965. It was established with the basic objective of teaching, training and undertaking research in the areas of media and mass communication.

The Institute began with modest staff strength of four Professors and one Consultant from UNESCO, besides the Director. The Institute organized training courses for the Central and state Information Service Officers, as well as some foreign trainees under the Colombo Plan and undertook research studies on a small scale. Over the last 54 years, the Institute has graduated into conducting a number of specialized courses for meeting the diverse and demanding requirements of the rapidly expanding and changing media industry in modern times, in keeping with its original mandate "to provide media training to the personnel of the Central and State Governments and to make available facilities for training and research to meet the information and publicity needs of the public and private sector industries."

As on 31st March, 2021, apart from training officers of the Indian Information Service, the Institute is conducting a number of Post-Graduate Diploma Courses in Print Journalism (English, Hindi, Odia, Urdu, Marathi and Malayalam), Radio & T.V. Journalism and Advertising & Public Relations. The Institute also conducts a Diploma Course in Development Journalism for middle-level working journalists from Asian, African, Latin American and East European countries, sponsored by the Ministry of External Affairs, Government of India since 1969, presently under the ITEC, SCAAP and TCS of Colombo Plan Schemes. A number of specialized short-term Courses, ranging from one week to four weeks, are also organized especially for defence officers and police officers and to meet the ever-growing training needs of communication professionals working in various media, publicity and operational outfits of the Central and State Governments, as well as Public Sector Organizations. The Institute also collaborates with different national and international agencies in conducting training, seminars, workshops, etc. and in undertaking joint research projects.

In recent times, mass communication has undergone a paradigm shift and has emerged as a major area of activity greatly impacting the process of decision-making. It has rapidly acquired importance and prominence and has become a major attraction for students pursuing different academic disciplines. The Information Technology revolution has significantly contributed to the expansion and changing contours of the mass media. It has also posed major challenges for students, teachers and practitioners of the discipline. Rapidly changing technology is transforming the very complexion of the discipline in a manner unknown to any other area of academic activity. The need of the hour undoubtedly is to respond effectively to emerging challenges for maintaining and enhancing the effectiveness of mass media, while simultaneously exploring and expanding the engagement with the new media.

Accordingly, the Institute continuously evaluates and revises its course curricula so as to effectively meet contemporary challenges thrown up by the fast-changing environment. This enables the effectiveness of the Courses being run by the Institute, even in the changed scenario.

The Institute equips young men and women who aspire to ultimately be associated with a variety of media institutions with the basic skills and techniques they require and provides insights into different dimensions of the field. An attempt is made by the Institute to help its students develop into useful members of the society, with the dissemination of information and communication being aptly considered to be a crucial ingredient of the development process. This is what gives the Institute and its *alumni* a distinct identity and character.

The Institute continuously endeavours to

contribute towards the creation and strengthening of an information structure suitable not only for Indian requirements, but also for those of other developing countries. IIMC provides its expertise and consultancy services to other institutions, organizations and bodies in response to requests received from departments and entities of the Central and State Governments, Public Sector Organizations, Universities and other academic Institutions.

With the growing popularity of the Institute's training activities and with a view to meeting regional aspirations, the Institute opened, in 1993, a Regional Campus at Dhenkanal, Odisha. At present, the Regional Campuses conduct two Courses each offering Post-graduate Diploma Courses in Journalism English & Odia at Dhenkanal campus, Journalism in English & Marathi at Amravati campus and Journalism in English & Malayalam at the Kottayam campus. Two more Regional Campuses of IIMC at Aizawl (Mizoram) and Jammu (J&K), are offering Post-graduate Diploma Courses in Journalism (English) only.

Through its continuous hard work over the half century of its existence and as a result of its excellent delivery mechanisms, the Institute has consistently retained the enviable reputation of a centre of excellence in the arena of communication teaching, training and research.

TRAINING OF INDIAN INFORMATION SERVICE OFFICERS

IIS Training

Since its inception in 1965, IIMC has been functioning as the Training Academy of the Indian Information Service, (IIS) then known as the Central Information Service which is one of the Central Civil Services of the Government of India. It imparts Induction training for the IIS Group A Officers, who are recruited through the Combined Civil Services Examination conducted by the UPSC. It also conducts the Foundation training for IIS Group B officers, who are recruited on the basis of prior journalistic experience

Through extensive consultations, the training programme of IIS officers, who act as a link between the Government and the people, has been revamped and broad based to give an overview of Government's functioning and its communication setup, grasp the big picture of the media industry in India and understand the nuances of public communication.

The two-year Induction Training Program for IIS Group A, follows the sandwich training model. The Officer Trainees (OTs), who join the IIMC after completing their Foundation Course, undergo a nine-month Professional Training programme in Public Communication at the Institute. This phase of training programme incorporates classroom lectures, practical, simulation exercises, site visits tours and attachments and interaction with senior government officials and key media professionals. While the new thrust is on digital, but the basic foundation of good written and oral communication skills is never forgotten.

After completion of nine months of training at IIMC the OTs are attached with different media directorates of the Ministry of Information & Broadcasting to gain hands-on job exposure. Each OT generally spends 3-4 months each with three different media units connected with information dissemination outreach and broadcasting.

After completing their 10 months of On-the-Job training, the OTs return to IIMC for a brief Phase II training. During this programme, the learning

outcomes of each of the OTs is assessed on the basis of presentations made, projects handled and reports prepared. On passing out from the IIMC the Officer Trainees are posted to different media units by the Ministry of Information Broadcasting.

Training Programmes during 2020-21

It was indeed a challenging year for the Training Division to have successfully conducted the **Phase-I Induction Training** for 19 Indian Information Service Officers (Group A) during the first wave of COVID pandemic in India. The Officer Trainees were from the recruitment batch of 2018 and 2019. In the wake of the pandemic induced restrictions on movement and assembly, the second Trimester of the Training was conducted in Online mode while the third Trimester was conducted in blended mode. The 10-month long training was completed on 4th December 2020.

Highlights of the Training

- The officer trainees were given hands-on exposure to various procedures and processes on official communication of the **Union Budget 2021.**
- They were trained at **Parliament Research & Training Institute for Democracies (PRIDE erstwhile BPST)** with a view to familiarize them with the Conduct of Business in Parliament and various related procedures.
- The two-week **Defence Attachment** with Assam Rifles in Shillong was aimed at providing an overview of defence communication and aspects of nature conservation studies, wildlife and social forestry.
- For the first time, **Foreign Language (Chinese/ Mandarin and Spanish)** component was added in the Training curriculum. Classes continued through online format during their On-the-Job Training of the OTs as well.
- In March 2020, during the first lockdown, the OTs were attached to the newly established **Fact Check Unit of Press Information Bureau**, New Delhi. The OTs have contributed immensely in identifying and busting fake news circulating online in the context of COVID pandemic. The Fact Check Unit was set up in pursuance of Hon'ble Supreme Court's directions and by an order of Ministry of Information & Broadcasting.
- The OTs attended a three-week online course in Film Appreciation and Smartphone Film Making at the **Film and Television Institute of India, Pune**.
- Four-week module on the **Social Sector and Economic Sector Communication** was organized with a view to provide the OTs a 360-degree understanding of the challenges involved in communicating social welfare schemes and developmental initiatives of the government.
- One-week module on **Internal Security, Crisis Communication & Psy-ops** was organized with resource persons from Ministry of Home Affairs informing the OTs on the need to handle the communication challenges in the sector with sensitivity and expertise.
- One-week module on **Defence and Strategic Communication**, and **Public Diplomacy** was organized with the support of Defence Ministry.
- The OTs were attached with Management Development Institute, Gurugram, and were trained in **Organizational Management Principles and Leadership Skills**.
- Special sessions on **Social Media Communication**, Managing Social Media, Online Tools for identifying fake new and

sessions lessons on creating Infographics were organized.

- Sessions on **Media Laws** and other statutory provisions related to media and communication, Emerging Technologies in communication including Artificial Intelligence, OTT and data visualization were also organized.
- A one-week workshop was also held on **Leadership Theories**, Attributes and Behavior.
- Sessions on Office Procedures, File Management, Financial Management, Civil Service Conduct Rules etc were also organized.
- The OTs were attached with various **Media Organizations under Ministry of Information & Broadcasting** such as the Registrar of Newspapers of India, the Directorate of Publications Division, Press Information Bureau, the Bureau of Outreach & Communication and the Directorate of Films Festivals in online mode.
- For the first time, the OTs were assessed on the basis of the new evaluation criteria formulated in consultation with the Cadre Controlling Authority ie. Ministry of I&B and the Heads of Media Units under the Ministry of I&B.
- In view of the COVID Pandemic, the OTs could not undertake the 21-day study Tour (Bharat Darshan) and a few other attachments which they would have otherwise undertaken as part of the Induction Training.

Foundation Training of IIS Group B (Senior Grade)

In 2020, the IIS Training Division successfully organized the Five-month long **Foundation Training in Communication and Media** for 66 Officer Trainees of IIS Group 'B' (Senior Grade) in online mode. Of these, 19 officers were posted in media offices located in Delhi and the remaining 47 officers were posted in various media offices spread across different parts of India.

The training included FTII Attachment, Parliament Attachment with PRIDE, Module on Leadership, Module on Social Media, Basics of Administration and Finance, and attachment with different Media Directorates under the Ministry of Information & Broadcasting.

Phase I Induction Training of IIS Group A 2020 Batch

Currently, sixteen (16) IIS Group 'A' officer trainees of the 2020 batch are undergoing their Phase I Induction Training at IIMC. Their training was formally inaugurated on 25th January, 2021.

Initially, six OTs started their training on 19th January, 2021, followed by 10 OTs who joined the Induction Training after completion of their Special Foundation Course in April-May 2021.

Due to the prevailing COVID situation, their training has been shifted to online mode till the situation normalizes and their training calendar will be rescheduled keeping in view of different joining dates of the OTs.

Termination of Probation

During the period, nineteen (19) IIS Group 'A' Officer Trainees of 2018 Batch received their regular posting consequent upon their successful completion of probation and training period.

POST-GRADUATE DIPLOMA COURSES

Since its inception, the Institute has carved out a niche for itself in the area of media and communication education through its continuous, relentless efforts aimed at improving the content and delivery mechanisms of its training. Today, IIMC enjoys pride of place among the galaxy of institutions engaged in imparting teaching in the field of media and mass communication. It offers various Post-graduate Diploma Courses in Journalism – Hindi, English, Odia, Marathi, Malayalam and Urdu, Advertising & Public Relations and Radio & TV Journalism–to aspiring professionals in these disciplines.

The courses offered by the Institute represent a meaningful blend of classroom teaching, duly supplemented by practical orientation through rigorous exercises, lab journals, projects, field visits, etc. This is intended to equip students with the skills needed to excel in their careers and to provide them with an opportunity to relate the teaching they receive to the ground realities of the environment in which the media and communication industry functions. The courses, besides providing a perspective, aim at defining the role of media professionals in society. The curricula of the courses are continually reviewed and revised by incorporating emerging trends and technologies in the rapidly developing field in order to maintain the relevance of the courses even in changed circumstances. While designing the courses, the diverse requirements of industry are always considered, so as to make the students aware of the field realities, as well as ethical considerations. The courses also aim to imbue a sense of responsibility among the students, so that they are in a position to discharge their respective roles effectively in a multi-lingual, multi-religious and a multi-ethnic society.

The Institute also assists its students in securing internships/placements that usually leads to gainful employment in Newspapers, TV Channels and Media Houses, as well as Advertising and Public Relations Agencies after completing their courses, through campus placements and otherwise.

PG Diploma Course in Hindi Journalism

One of the oldest and unique PG Diploma Courses in Hindi Journalism was started in 1987-88 to fulfill the growing need for skilled and professionally trained news media professionals for Hindi news media. Its initial focus was on fast growing Hindi print media, especially newspapers and magazines, but later on with expansion of Hindi news television and now Digital news media it quickly adapted to include Broadcast Journalism as well as Digital Journalism in its curriculum. With the regular updation and revision of the curriculum and pedagogy this course always tries to incorporate new trends and subjects in the teaching/training to make it relevant and a leader in the industry.

The primary focus of the course is to impart theoretical knowledge and professional skills required in the processes of news gathering and its production and dissemination. It stresses on inculcating the ethical norms, high professional standards and understanding of media laws in the trainees.

During the year 2020-21, the Journalism course in Hindi had 67 trainees but one of the trainees left the course in the first semester. As decided by the Institute, the department successfully conducted and completed the course through online mode due to the Pandemic. Since the course started late in mid-November, due to the delay in admission process, it was extended up to mid-August 2021.

The initial phase of the course emphasized on the theory and concepts of communication, language and communication, research methods and the history, laws and ethics of journalism. It also included theoretical as well as practical training in core areas of journalism like reporting and editing. The theoretical and practical components were equally distributed over the two semesters.

As mandated, the department adopted the

continuous and comprehensive mode of evaluation this year. Department laid a lot of importance on updating students with latest developments in media industry. Special workshops and sessions were held on Data Journalism, Mobile Journalism and Fact-checking.

Naturally, online teaching posed new challenges for faculty and students but at the same time it also paved for innovative teaching methods. Online mode allowed us to invite experts from different parts of the country for lectures. Shri Ajay Brahmatmaj (senior film critic) taught entertainment and film journalism from Mumbai, Shri Neelesh Jain (Executive Creative Director, Ogilvy) discussed creativity with students from Mumbai and Shri Laxmi Prasad Pant (National Editor, Dainik Bhaskar) took a lecture on City Reporting from Jaipur.

Alumni interaction/interface

IIMC prides itself in producing leaders across different sectors in media ecosystem. Classes with alumni were a constant feature across both the semesters in Hindi Journalism Department. Shri Saurabh Dwivedi (Editor, Lallantop), Shri Prabhash Jha (Editor, Hindustan Live), Shri Prasad Sanyal (Chief Editor, HT Online), Late Smt. Renu Agal (Editor, Print-Hindi), Youtuber Shri Varun Vagish, Shri Sushant Jha (Editor, Penguin-Hindi), Shri Vimal Kumar, Shri Parimal Kumar (NDTV-India), Shri Vidhanshu Kumar (Benett University), Shri Rohit Vishwakarma, Shri Ranveer are some of the notable alumni members to take classes in Hindi Journalism department this year.

Student Projects

Students designed 360-degree advertising and public relations campaigns on any social issue of their choice. At the same time special emphasizes was given on entrepreneurial journalism. Students presented their entrepreneurial ideas in groups. Other than the regular tests and assignments that allowed students to reflect on their shortcomings, students came together to produce multiple news publications.

More than 15 lab journals/newsletters were produced across two semesters with dedicated issues for the union budget. More importantly, students published three magazines on different issues. VAMA magazine was produced by an all-girl student editorial team with contributions from the all the students of the class on the occasion of International Women's Day on 8th March.

In May, a group of students volunteered and published '*Yodha*' magazine highlighting the contributions of those who led the battle against Covid-19. Lastly in July, students brought a special issue of sports magazine to cheer the Indian contingent in 2020 Tokyo Olympics titled – 'KHEL SAMRAT'.

Placements

The Institute tried its best and organised the placement fortnight in the last fortnight of July, 21. Due to the efforts of placement cell, a number of students got placed in reputed organisations such as Zee Media, Adfactors PR and Inshorts. Moreover, students have also got placed in leading news organisations like India Today, NBT and Republic with their own efforts.

PG Diploma Course in English Journalism

